✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक



नीदरलैंड में भारतीय मूल के लोगों से मिलते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 347 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, रविवार, 17 मई 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

## स्पेशल ड्राइव चलाकर जमीन सर्वे के काम को करें पूरा : सम्राट

### मुख्यमंत्री ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री और अधिकारियों के साथ की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में जमीन सर्वे का काम तेजी से निपटाया जा रहा है। इस बीच मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री और अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आदेश दिया कि जमीन सर्वे के काम में तेजी लाई जाए। उन्होंने यह भी कहा कि स्पेशल ड्राइव चलाकर पूरे बिहार में जमीन सर्वे के काम को पूरा करें। बैठक के दौरान सीएम सम्राट चौधरी ने यह स्पष्ट किया कि भूमि परिमार्जन का जो भी काम बिहार में हो रहा है, उस काम को किसी भी हालत में समय सीमा के अंदर पूरा करें। साथ ही जितने भी



अधिकारी की जरुरत हो, उन्हें इस काम में लगाइए और पूरा कीजिए। इस तरह से मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अधिकारियों को अल्टीमेटम दिया है। सीएम सम्राट चौधरी के साथ बैठक खत्म होने के बाद विभाग के मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि सरकार का मानना है कि भूमि विवाद के मामले में कई घटनाएं हो रही हैं। इसे रोकना है और इसे रोकने के लिए मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा है भूमि सर्वे का काम जल्द से जल्द पूरा कराया जाए। खासकर भूमि परिमार्जन का काम जो बिहार में चल रहा है, उसे जल्द से जल्द पूरा किया जाए। इससे पहले शुक्रवार को बिहार सरकार ने लंबित जमीन और राजस्व मामलों के निपटारे के लिए विशेष अभियान चलाने का फैसला लिया था। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने अधिकारियों को 30 जून तक ई-मापी, जमाबंदी सुधार और लंबित आवेदनों का निष्पादन करने का निर्देश दिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### फर्जी प्रमाण पत्र पर बहाल आधा दर्जन शिक्षक बर्खास्त

**सासाराम (नबिटा ब्यूरो)।** रोहतास जिले के नौहट्टा प्रखंड अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में कार्यरत आधा दर्जन शिक्षकों को बर्खास्त कर दिया गया है। इन शिक्षकों को फर्जी सर्टिफिकेट पर नौकरी करने के आरोप के बर्खास्त किया गया गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी मदन राय ने इसकी पुष्टि की है। नौहट्टा प्रखंड में कार्यरत इन शिक्षकों का सेवा समाप्त होने के बाद जिले में फर्जी प्रमाण पत्र पर नौकरी करने वाले शिक्षकों में हड़कंप मच गया है।

### नारदीगंज थानाध्यक्ष आदित्य निलंबित

**नवादा(नबिटा ब्यूरो)।** नवादा के एसपी अभिनव धीमान ने नारदीगंज थानाध्यक्ष आदित्य कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। थानाध्यक्ष पर मुख्यालय से प्राप्त निर्देशों का पालन न करने, लापरवाही बरतने और अवैध खनन रोकने में विफल रहने के आरोप हैं। एसपी ने थानाध्यक्ष की अवैध खनन में संलिप्तता की जांच के आदेश भी दिए हैं। इस मामले की जांच नवादा के सदर एसडीपीओ-02 को सौंपी गई है जिन्हें जल्द से जल्द प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। नारदीगंज थाना का प्रभार फिलहाल अपर थानाध्यक्ष एसआई अभिषेक कुमार को सौंपा गया है।

### पटना हाईकोर्ट में 18 मई से 4 जून तक सभी सुनवाई ऑनलाइन

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** हाई कोर्ट ने बढ़ती गर्मी और प्रतिकूल मौसम की स्थिति को देखते हुए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। 18 मई से 4 जून 2026 तक सूचीबद्ध सभी मामलों की सुनवाई केवल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ऑनलाइन की जाएगी। इस अवधि में किसी भी प्रकार की फिजिकल सुनवाई नहीं होगी। सभी न्यायिक कार्य केवल ऑनलाइन माध्यम से ही संपन्न किए जाएंगे। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि यह व्यवस्था अस्थायी रूप से लागू की गई है ताकि अधिवक्ताओं, न्यायिक कर्मियों और पक्षकारों को भीषण गर्मी से राहत मिल सके।

### शादी के एक घंटे बाद प्रेमी जोड़े ने खाया जहर

**भागलपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले से एक बेहद हैरान कर देने वाली सनसनीखेज घटना सामने आई है। यहां एक प्रेमी जोड़े ने भागकर प्रेम विवाह तो कर लिया लेकिन शादी की खुशियां चंद मिनट भी नहीं टिक सकीं। शादी के महज एक घंटे बाद ही नवविवाहित जोड़े ने जहर खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने की कोशिश की। जहर का असर होने के बाद दोनों को गंभीर हालत में भागलपुर के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल (मायागंज) में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। वहीं दुल्हन अस्पताल के फैब्रिकेटेड वार्ड में जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रही है।

## पटना के नए कमिश्नर बने मयंक वरबड़े

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** सामान्य प्रशासन विभाग में फेरबदल किया गया है। ऐसे में राज्य सरकार ने योजना एवं विकास विभाग के प्रधान सचिव मयंक वरबड़े को पटना प्रमंडल का आयुक्त बनाया है। वहीं पटना प्रमंडल के मौजूदा आयुक्त 2010 बैच के आईएएस अधिकारी अनिमेष कुमार पराशर को बिहार शहरी आधारभूत संरचना निगम लिमिटेड (बुडको) का एमडी बनाया गया है। इसके साथ ही शिक्षा विभाग के सचिव दिनेश कुमार को कोसी प्रमंडल का आयुक्त बनाया गया है। उन्हें पूर्णिया प्रमंडल के आयुक्त का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इसके साथ ही अंशुल कुमार को पूर्णिया प्रमंडल के आयुक्त पद से मुक्त कर दिया गया है। युवा रोजगार कौशल विभाग के सचिव कौशल कुमार को बेल्ट्रान का एमडी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही मौजूदा एमडी अभय कुमार सिंह को अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से अधिकारियों को नई जिम्मेदारी देने को लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई है।

## 34 मंत्रियों को मिली जिलों की जिम्मेदारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार के मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग ने जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समितियों के अध्यक्ष-सह-प्रभारी मंत्रियों के मनोनयन को लेकर नई अधिसूचना जारी की है। विभाग द्वारा पूर्व में जारी सभी अधिसूचनाओं को तत्काल प्रभाव से निरस्त करते हुए 34 मंत्रियों को विभिन्न जिलों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वरिष्ठ मंत्रियों को बड़े जिलों की कमान सौंपी गई है। सरकार की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी को पटना और नालंदा जबकि विजेंद्र प्रसाद यादव को सारण जिले का प्रभारी बनाया गया है। वहीं श्रवण कुमार को पूर्वी चंपारण और शिवहर, विजय कुमार सिन्हा को गया एवं गोपालगंज की जिम्मेदारी दी गई है। डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल को मुजफ्फरपुर और बांका, निशांत कुमार को वैशाली, शीला मंडल को मधेपुरा तथा संजय सिंह टाइगर को कैमूर जिले का प्रभारी मंत्री बनाया गया है। सरकार की ओर से जारी सूची के अनुसार लेशी सिंह को मधुबनी, राम कृपाल यादव को बेगूसराय, नीतीश मिश्रा को भागलपुर, दामोदर रावत को समस्तीपुर, अशोक चौधरी को रोहतास, भगवान सिंह कुशवाहा को सुपौल, अरुण शंकर प्रसाद को भोजपुर, मदन सहनी को खगड़िया, डॉ. संतोष कुमार सुमन को नवादा एवं रमा निषाद को औरंगाबाद की जिम्मेवारी दी गयी है। इसी प्रकार रत्नेश सदा को पूर्णिया, कुमार शैलेन्द्र को दरभंगा, केदार प्रसाद गुप्ता को सिवान, लखेंद्र कुमार रोशन को बेतिया (पश्चिम चंपारण), सुनील कुमार को लखीसराय, श्रेयसी सिंह को सीतामढ़ी, जमा खान को जहानाबाद, नंदकिशोर राम को बक्सर, शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल को किशनगंज, प्रमोद कुमार को कटिहार, श्वेता गुप्ता को शेखपुरा, मिथिलेश तिवारी को सहरसा, रामचंद्र प्रसाद को अररिया, संजय कुमार सिंह को जमुई, संजय कुमार को मुंगेर एवं दीपक प्रकाश को अरवल का प्रभारी मंत्री बनाया गया है।

## कार्यपालक अभियंता के ठिकानों पर इओयू का छापा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार की सख्त मुहिम के तहत शनिवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब आर्थिक अपराध इकाई की टीम ने ग्रामीण कार्य प्रमंडल, झाझा में पदस्थापित कार्यपालक अभियंता गोपाल कुमार के चार ठिकानों पर एक साथ ताबड़तोड़ छापेमारी शुरू कर दी। सुबह-सुबह हुई इस कार्रवाई से विभागीय महकमे में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इओयू की अलग-अलग टीमों ने पटना के मजिस्ट्रेट कॉलोनी, ज्योतिपुरम अवस्थित जगत विला अपाटमेंट के फ्लैट, पूर्वी इन्दिरा नगर रोड नंबर-04 कंकड़बाग स्थित आवास, जमुई शहर के केकेएम कॉलेज के समीप स्थित किराये के मकान, झाझा स्थित कार्यालय समेत चार स्थानों को एक साथ घेर लिया। इओयू की टीम ने पटना के मजिस्ट्रेट कॉलोनी स्थित एक अपार्टमेंट में फ्लैट नंबर एफ-2 से 48 लाख रुपये से अधिक नकद तथा 60 लाख के जेवर बरामद किए हैं। राशि इतनी अधिक है कि इसकी गिनती के लिए नोट गिनने वाली मशीन मंगवाई गई है। इतना ही नहीं टीम को जांच के दौरान लाखों रुपये के सोने-चांदी और हीरे के



आभूषण भी मिले हैं। पुलिस उपाधीक्षक स्तर के अधिकारियों के नेतृत्व में चल रही इस कार्रवाई में दस्तावेजों, बैंक खातों, निवेश और संपत्ति से जुड़े कागजातों की बारीकी से जांच की जा रही है। अधिकारियों ने कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और वित्तीय रिकॉर्ड अपने कब्जे में लिए हैं। सूत्रों के अनुसार कार्यपालक अभियंता गोपाल कुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्रारंभिक जांच में करीब दो करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति का खुलासा हुआ है।

## राजस्व सेवा के 34 अधिकारियों का तबादला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने 34 राजस्व पदाधिकारियों का तबादला किया है। इसमें से 18 को अनुमंडल स्तर पर जबकि 16 को पहली बार जिला भू-अर्जन पदाधिकारी की जिम्मेवारी दी गई है। हालांकि अनुमंडल स्तर पर डीसीएलआर के बजाए एसडीआरओ बनाए जाने से संघ नाराज है। डीसीएलआर बनाने के आश्वासन पर हड़ताल से लौटा संघ इस मसले पर विचार कर रहा है। संघ के कुछेक नेता इसे वादाखिलाफी भी मान रहे हैं। विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार अमरनाथ चौधरी को अररिया का जिला भू-अर्जन पदाधिकारी बनाया गया है। अमरेन्द्र कुमार को अरवल, शुभेन्द्र कुमार झा को औरंगाबाद, पंकज कुमार को बांका, चंद्रशेखर तिवारी को भोजपुर, राजेश रंजन को कैमूर, राजेश कुमार को खगड़िया, अक्षयवट तिवारी को किशनगंज, प्रकाश कुमार सिन्हा को लखीसराय, अशोक कुमार शर्मा को सहरसा, राजेश कुमार सिंह को शिवहर, सत्येन्द्र कुमार सिंह को सीतामढ़ी, संजय कुमार सिंह को सीवान, शरत कुमार मंडल को नवादा, सुबोध कुमार को मधुबनी और मो गुलाम शाहिद को सारण का जिला भू-अर्जन पदाधिकारी बनाया गया है। भास्कर को बेगूसराय के मंझौल का अनुमंडल राजस्व पदाधिकारी बनाया गया है जबकि ललित कुमार सिंह को बखरी, राकेश रंजन को पकड़ीदयाल, अजीत कुमार को फारबिसगंज, संतोष कुमार सुमन को नीमचक बथानी, रंजीत कुमार को मनिहारी, विकास कुमार सिंह को बारसोई, विक्रम भाष्कर को तारापुर, प्रवीण कुमार पांडेय को जयनगर, कौशर ईमाम को रजौली, सुजीत सुमन को बनमनखी, निलेश कुमार चौरसिया को डिहरी-ऑन-सोन, विनय कुमार को शिवहर, रवि शंकर सिन्हा को बेलसंड, मृत्युंजय कुमार को वीरपुर, सुधांशु शेखर को महनार, राजीव कुमार को बलिया और हलेन्द्र कुमार सिंह को हवेली खड़गपुर का अनुमंडल राजस्व पदाधिकारी बनाया गया है। विभाग द्वारा स्थानांतरित अधिकारियों को अविलंब नए पदों पर योगदान करने को कहा गया है।

## सचिवालय कर्मियों के लिए कल से शुरू होगी स्पेशल इलेक्ट्रिक और पिंक बस सेवा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार ने राजधानी पटना में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने और पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। अब सचिवालय कर्मियों के लिए 18 मई 2026 से विशेष इलेक्ट्रिक और पिंक बस सेवा शुरू की जाएगी। इस नई पहल के तहत सचिवालय आने-जाने वाले सरकारी कर्मियों को सुरक्षित, सुलभ और समयबद्ध परिवहन सुविधा मिलेगी। सरकार का उद्देश्य निजी वाहनों पर निर्भरता कम करना और पर्यावरण अनुकूल परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा देना है। परिवहन सचिव राज कुमार ने बताया कि बड़ी संख्या में सरकारी कर्मचारी प्रतिदिन निजी कार और बाइक से सचिवालय आते हैं जिससे शहर में ट्रैफिक दबाव और ईंधन की खपत दोनों बढ़ती है। नई इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू होने से सरकारी कर्मियों को बेहतर सार्वजनिक परिवहन विकल्प मिलेगा। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम द्वारा फिलहाल पटना शहर में 25 इलेक्ट्रिक बसों का परिचालन किया जा रहा है। अब इन्हीं बसों का उपयोग सचिवालय कर्मियों के नियमित आवागमन के लिए भी किया जाएगा। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के प्रशासक अतुल कुमार वर्मा ने बताया कि इस पहल से न केवल ईंधन की बचत होगी बल्कि लोगों का परिवहन खर्च भी कम होगा। महिला कर्मचारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शाम 5 बजे छुट्टी के समय विशेष पिंक बस सेवा भी उपलब्ध रहेगी। इससे महिला कर्मियों को सुरक्षित यात्रा का विकल्प मिलेगा। सरकार का मानना है कि बड़ी संख्या में लोग यदि निजी वाहनों के बजाय इलेक्ट्रिक बसों का इस्तेमाल करेंगे तो इससे पेट्रोल-डीजल की खपत में कमी आएगी और प्रदूषण नियंत्रण को भी बढ़ावा मिलेगा। यह पहल राज्य में ऊर्जा संरक्षण और हरित परिवहन व्यवस्था की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## सहयोग शिविर : एक महीने पहले शुरू होगी आवेदन की प्रक्रिया

- **फरियादी के शिविर में पहुंचने तक समस्या समाधान का लक्ष्य**
- **पंचायतों में जन-जागरूकता चलाने के लिए डीएम को दी गई है बड़ी जिम्मेदारी**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की समस्या समाधान करने की मंशा से लगने वाले सहयोग शिविर को लेकर सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसके तहत समस्या संबंधी आवेदन देने की प्रक्रिया शिविर से 30 दिन पहले शुरू हो जाएगी। ग्रामीण क्षेत्र की जनता ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीके से अपनी समस्या का आवेदन प्रशासन को उपलब्ध करा सकेगी। सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों के अनुसार करीब एक महीने पहले आवेदन मंगाने का उद्देश्य यह है कि अधिकांश मामलों का निस्तारण फरियादी के शिविर में पहुंचने से पहले कर दिया जाएगा। विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि आवेदक के शिविर में पहुंचने पर उसे उसकी समस्या समाधान संबंधी और अगर किसी कारणवश समस्या का समाधान नहीं हो पाया है तो इसकी पूरी सूचना उसे लिखित में देंगे। महीने के प्रथम और तृतीय मंगलवार को लगने वाले इस सहयोग शिविर में 30 दिन पहले से आवेदन करने की दिशा में लोगों को जागरूक करने की जिम्मेदारी जिला पदाधिकारी को दी गई है। ग्रामीण ऑनलाइन माध्यम से आवेदन सरकार की ओर से जारी सहयोग पोर्टल पर कर सकते हैं। ऑफलाइन शिकायत दर्ज कराने के लिए जिला पदाधिकारी के स्तर पर निर्धारित कार्यालय में आवेदन देना होगा। ग्रामीण क्षेत्रों का विकास और यहां के रहवासियों की त्वरित समस्या समाधान की दिशा में सरकार ने अहम फैसला लिया है। इस फैसले के अनुसार ग्राम पंचायतों में महीने के प्रथम और तृतीय मंगलवार को सहयोग शिविर लगाया जाएगा। इसकी शुरुआत 19 मई से हो रही है। पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर की संख्या निर्धारित करने का पूरा अधिकार जिला पदाधिकारी को दी गई है। शिविर में अलग-अलग विभागों मुख्य रूप से पुलिस, राजस्व, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण (पीएचइडी), जल संसाधन आदि विभागों के नोडल पदाधिकारी मौजूद रहेंगे और आवेदनों का त्वरित निदान करेंगे। साथ ही समस्या समाधान में आ रही अड़चनों की लिखित सूचना देते हुए आवेदक को अगली तिथि देंगे।



## बिहार में औद्योगिक निवेश को मिली नई रफ्तार


# मुजफ्फरपुर और किशनगंज में लगेगी डालमिया सीमेंट फैक्ट्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में औद्योगिक विकास को नई गति देने की दिशा में राज्य सरकार को बड़ी सफलता मिली है। राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड की 67वीं बैठक में मुजफ्फरपुर और किशनगंज में डालमिया समूह की दो बड़ी सीमेंट परियोजनाओं को स्टेज-1 क्लीयरेंस प्रदान किया गया है। इन दोनों परियोजनाओं में एक हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश प्रस्तावित है जिससे राज्य में औद्योगिक गतिविधियों एवं रोजगार सृजन को व्यापक बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। उद्योग विभाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार मुजफ्फरपुर के महवल औद्योगिक क्षेत्र में डालमिया भारत ग्रीन विजन लिमिटेड को 573.15 करोड़ की लागत से 2.5 एमएमटीपीए क्षमता की इकाई स्थापित करने के लिए स्टेज-1 क्लीयरेंस प्रदान किया गया है। वहीं किशनगंज में डालमिया सीमेंट (नॉर्थ ईस्ट) लिमिटेड को 573.76 करोड़ के निवेश से 2.5 एमएमटीपीए क्षमता वाली सीमेंट इकाई लगाने की स्वीकृति दी गई है। उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि बिहार सरकार निवेशकों को बेहतर सुविधाएं, त्वरित स्वीकृति एवं पारदर्शी व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में निवेश के अनुकूल माहौल बनने के कारण बिहार अब देश के प्रमुख औद्योगिक गंतव्यों में तेजी से उभर रहा है। उद्योग विभाग के सचिव सह बियाडा एवं आइडा के प्रबंध निदेशक कुंदन कुमार ने कहा कि निवेशकों के प्रति सरकार की सकारात्मक सोच का परिणाम है कि देश के बड़े औद्योगिक समूह बिहार को अपने विस्तार के लिए एक मजबूत गंतव्य के रूप में देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि डालमिया समूह की इन परियोजनाओं को मिली स्वीकृति राज्य के प्रति निवेशकों के बढ़ते विश्वास का प्रतीक है। साथ ही इन परियोजनाओं से क्षेत्रीय विकास, औद्योगिक उत्पादन क्षमता और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। बैठक में डालमिया समूह के अलावा अंबुजा, केएनएसजी एल्मुनियम प्राइवेट लिमिटेड, एस राजदेव बिल्ड्ज एलएलपी, आइकॉन स्पाइरल इलेक्ट्रोनिक्स प्राइवेट लिमिटेड, सीता एग्रो फूड प्रोडक्ट व एसएपीएल इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड सहित कई अन्य निवेश प्रस्तावों पर भी चर्चा की गई। राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड की बैठक में कुल 2484.06 करोड़ की 16 परियोजनाओं को स्टेज-1 क्लीयरेंस प्रदान किया गया, जबकि 46.86 करोड़ की चार परियोजनाओं को वित्तीय स्वीकृति दी गई। सरकार का मानना है कि इन निवेश परियोजनाओं से बिहार में औद्योगिक विकास को मजबूती मिलेगी, रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे तथा क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा प्राप्त होगी। बैठक के दौरान निवेश स्वीकृति प्रक्रियाओं को और अधिक सरल, पारदर्शी एवं त्वरित बनाने पर विशेष बल दिया गया, ताकि अधिक से अधिक निवेशकों को बिहार में उद्योग स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

## डॉ. प्रेम कुमार ने विश्व दूरसंचार दिवस पर तकनीकी विशेषज्ञों को दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने विश्व दूरसंचार दिवस पर समस्त संचार प्रौद्योगिकीविद्, तकनीकी विशेषज्ञ एवं अन्वेषकों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि विचारों, भावनाओं और सूचनाओं के आदान-प्रदान के बिना जीवन की कल्पना करना भी मुश्किल है, ऐसे में युगांतरकारी 'संचार' मानव जीवन का आधार है। यह एक ऐसा उपकरण है जो हमें दूसरों से जुड़ने, संबंध बनाने और समाज में योगदान करने में मदद करता है। इस दिवस मुख्य उद्देश्य दुनिया भर में टेलीकम्यूनिकेशन के महत्व को संवेदनशील बनाना है और टेलीकम्यूनिकेशन से जुड़ी नवीनतम प्रौद्योगिकियों व उनके उपयोग को प्रचारित करना है। यह दिन अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ की वर्ष 1865 में हुई स्थापना की वर्षगांठ के रूप में मनाया जाता है और इसे वर्ष 2005 में संयुक्त राष्ट्र महासभा की घोषणा के बाद मनाने की शुरुआत हुई।

## बिहार में 37,841 किमी ग्रामीण सड़कों का सुधार कार्य पूरा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का बेहतर रखरखाव सुनिश्चित करने की दिशा में ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा संचालित बिहार ग्रामीण पथ अनुरक्षण नीति ग्रामीण जीवन में व्यापक परिवर्तन ला रही है। बिहार ग्रामीण पथ अनुरक्षण नीति-2018 के तहत राज्य के सभी 38 जिलों में कुल 16,166 ग्रामीण सड़कों को शामिल किया गया है जिनकी कुल लंबाई 40,240 किलोमीटर है। इन सड़कों को बेहतर स्थिति में बनाए रखने के लिए व्यापक स्तर पर अनुरक्षण के कार्य किये जा रहे हैं। इस दिशा में राज्यस्तर पर अबतक कुल 15,497 ग्रामीण सड़कों का प्रारंभिक सुधार कार्य पूरा कर लिया गया है जिसकी कुल लम्बाई लगभग 37,841 किलोमीटर है। इसके अतिरिक्त कुल 15,566 ग्रामीण सड़कों की जिसकी कुल लम्बाई 37,690 किलोमीटर से अधिक है उसके सतह के नवीनीकरण का काम भी पूरा हो चुका है। इन कार्यों के माध्यम से पुरानी और क्षतिग्रस्त ग्रामीण सड़कों का कायाकल्प कर उन्हें सुदृढ़ और सुरक्षित बनाया गया है। ग्रामीण सड़कों के नियमित अनुरक्षण और मरम्मत के कारण अब गांवों में आवागमन पहले की तुलना में अधिक सुगम, व्यवस्थित और सुरक्षित हुआ है। विभाग द्वारा लागू इस नीति का उद्देश्य ग्रामीण सड़कों को लंबे समय तक गुणवत्तापूर्ण और उपयोगी बनाए रखना है। विशेष रूप से मानसून और वर्षा ऋतु के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में जलजमाव और क्षति की समस्या को देखते हुए अनुरक्षण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है जिससे बरसात के दिनों में भी ग्रामीण संपर्कता बाधित नहीं हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क अनुरक्षण के इस व्यापक अभियान का सबसे सकारात्मक प्रभाव शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं पर दिख रहा है।

## बिहार में कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत कर रही 'कृषि अवसंरचना कोष' योजना

# राज्य में 2045 परियोजनाएं स्वीकृत : कृषि मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने 'कृषि अवसंरचना कोष' योजना की प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि यह योजना राज्य के कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है। कृषि अवसंरचना कोष एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है जिसका मुख्य उद्देश्य देश और राज्य में कृषि अवसंरचना में सुधार के लिए मध्यम से दीर्घकालिक ऋण वित्तपोषण सुविधा जुटाना है। इस योजना के माध्यम से फसलों की कटाई के बाद उनके बेहतर प्रबंधन और सामुदायिक कृषि परिसंपत्तियों के निर्माण के लिए निवेश को बढ़ावा दिया जा रहा है। कृषि मंत्री ने बताया कि 4 नवंबर 2025 तक बिहार में इस योजना के अंतर्गत कुल 2045 परियोजनाएं स्वीकृत की जा चुकी हैं जिनके लिए कुल 1650.37 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई है। उन्होंने बताया कि बिहार में सबसे बड़ा निवेश भंडारण क्षमता बढ़ाने में किया गया है जिसके तहत 834 गोदाम परियोजनाएं स्वीकृत की गई है। इसके अलावा खेती और कटाई के मशीनीकरण को बढ़ावा देने के लिए 591 परियोजनाएं जारी है। मंत्री ने कहा कि फसलों के मूल्य संवर्धन के लिए राज्य में 315 प्राइमरी प्रोसेसिंग सेंटर स्थापित किए गए हैं। छोटे और सीमांत किसानों को आधुनिक कृषि उपकरण किराए पर उपलब्ध कराने के लिए 196 कस्टम हायरिंग सेंटर भी बनाए गए हैं। इसके अलावा इस योजना में ई-मार्केटिंग प्लेटफॉर्म, साइलो, पैक-हाउस, कोल्ड चेन, लॉजिस्टिक्स सुविधाएं, पकने वाले कक्ष, जैविक इनपुट उत्पादन और स्मार्ट एवं सटीक कृषि जैसी विभिन्न आधुनिक अवसंरचनाएं शामिल हैं। कृषि मंत्री ने राज्य के किसानों, उद्यमियों और युवाओं से इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने योजना के प्रमुख लाभों को रेखांकित किया इस योजना के तहत 2 करोड़ रुपये तक के सभी ऋणों पर 3% प्रति वर्ष की दर से ब्याज में छूट दी जाती है जो अधिकतम 7 वर्षों के लिए उपलब्ध है। एक आवेदक विभिन्न स्थानों पर अधिकतम 25 परियोजनाएं स्थापित कर सकता है।

2 करोड़ रुपए तक के ऋण के लिए 'सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी निधि ट्रस्ट' योजना के तहत क्रेडिट गारंटी कवरेज मिलता है। इसके लिए फीस का भुगतान भी सरकार द्वारा अधिकतम 7 वर्षों तक किया जाता है जिससे आवेदकों को किसी कोलैटरल/गारंटी की आवश्यकता नहीं होती।

## लीड्स 2025 फ्रेमवर्क में बिहार की बड़ी छलांग, 'उच्च प्रदर्शन' श्रेणी में हुआ शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार ने औद्योगिक एवं लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग द्वारा जारी लीड्स 2025 फ्रेमवर्क में बिहार को 'उच्च प्रदर्शन' श्रेणी में स्थान मिला है। इससे पहले बिहार 'फास्ट मूवर' श्रेणी में शामिल था। यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व तथा बिहार सरकार के मार्गदर्शन में राज्य में औद्योगिक विकास, निवेश प्रोत्साहन और लॉजिस्टिक्स अवसंरचना को सशक्त बनाने की दिशा में किए गए निरंतर प्रयासों का परिणाम मानी जा रही है। राज्य सरकार के अनुसार बिहार की यह प्रगति केवल रैंकिंग में सुधार नहीं, बल्कि राज्य की दूरदर्शी सोच, प्रभावी क्रियान्वयन, विभागीय समन्वय और भविष्य उन्मुख विकास मॉडल का प्रतीक है। पिछले कुछ वर्षों में राज्य में व्यापार करने में आसानी को बेहतर बनाने, औद्योगिक कनेक्टिविटी मजबूत करने तथा निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। उद्योग विभाग की मंत्री श्रेयसी सिंह ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार सरकार उद्योग, निवेश और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में व्यापक सुधारों के माध्यम से राज्य को देश के अग्रणी औद्योगिक राज्यों की श्रेणी में स्थापित करने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि बिहार की बढ़ती क्षमता, बेहतर नीतियों और मजबूत प्रशासनिक इच्छाशक्ति का प्रमाण है। वहीं उद्योग विभाग के सचिव सह बियाडा एवं आईडा के प्रबंध निदेशक कुंदन कुमार कुमार ने कहा कि लीड्स 2025 में 'उच्च प्रदर्शन' श्रेणी में शामिल होना बिहार के लिए गर्व का विषय है। विभाग द्वारा लॉजिस्टिक्स अवसंरचना, निवेश सुविधा, औद्योगिक कनेक्टिविटी तथा व्यापार करने में आसानी को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं जिसका सकारात्मक परिणाम अब राष्ट्रीय स्तर पर दिखाई देने लगा है।

## खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के नए सचिव दीपक आनंद ने ग्रहण किया पदभार

### सचिव ने विभागीय योजनाओं की अद्यतन प्रगति की समीक्षा कर दिए निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के नवनियुक्त सचिव दीपक आनंद ने शनिवार को पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने विभागीय पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया तथा विभाग की कार्यप्रणाली एवं विभिन्न योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। इसके बाद सचिव दीपक आनंद ने विभाग के स्तर से संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में सार्वजनिक वितरण प्रणाली, खाद्यान्न वितरण, राशन कार्ड प्रबंधन, उपभोक्ता संरक्षण तथा विभागीय डिजिटल सेवाओं से संबंधित कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। सचिव ने विभागीय योजनाओं के प्रभावी एवं पारदर्शी क्रियान्वयन पर विशेष जोर देते हुए संबंधित पदाधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आमजनों को विभागीय सेवाओं का लाभ सरल, सुगम एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें विभाग के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम के पदाधिकारियों ने भी बैठक में भाग लिया।

## पॉक्सो एक्ट के तहत एक व्यक्ति को 10 वर्षों की कठोर कैद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पटना की एक विशेष अदालत ने अबोध बालिका के साथ गुरुत्तर लैंगिक हमले के जुर्म में आज एक व्यक्ति को दस वर्षों के सश्रम कारावास की सजा के साथ पचास हजार रुपए का जुर्माना भी किया। दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट के मामलों की त्वरित सुनवाई के लिए गठित विशेष अदालत के न्यायाधीश दिनकर कुमार ने मामले में सुनवाई के बाद पटना जिले के पिपरा थाना क्षेत्र स्थित फाफुल गांव निवासी कर्पूरी ठाकुर को बालकों का लैंगिक अपराध से संरक्षण अधिनियम पॉक्सो एक्ट की धारा छः के तहत दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है। जुर्माने की राशि अदा नहीं करने पर दोषी को छः माह के कारावास की सजा अलग से भुगतनी होगी। जुर्माना वसूल होने पर पीड़िता को दिया जाएगा। इसके अलावा अदालत ने पीड़िता को तीन लाख रुपए का मुआवजा दिए जाने का निर्देश जिला विधिक सेवा प्राधिकार पटना को दिया है। मामले के विशेष लोक अभियोजक नवल किशोर प्रसाद ने बताया कि वर्ष 2019 में दोषी ने एक छः वर्षीय अबोध बालिका के साथ गुरुत्तर लैंगिक हमला किया था। अभियोजन ने इस मामले में आरोप साबित करने के लिए छः गवाहों का बयान अदालत में कलम बंद करवाया था।

## शनि जयंती पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में की विशेष पूजा

### बिहार की सुख-समृद्धि और शांति के लिए रणबीर नंदन ने मांगी मंगलकामना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** शनि जयंती एवं अमावस्या के दुर्लभ संयोग पर शनिवार को राजधानी पटना स्थित गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंदिर पहुंचकर विधि-विधान के साथ विशेष पूजा-अर्चना की तथा राज्य की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। बताया जाता है कि 13 वर्षों बाद शनि जयंती अमावस्या के विशेष संयोग में पड़ने के कारण इस अवसर का धार्मिक महत्व और भी बढ़ गया था। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया था तथा श्रद्धालुओं में भी उत्साह का माहौल देखने को मिला। मुख्यमंत्री ने सर्वप्रथम पंचमुखी हनुमान मंदिर में पूजा एवं आरती की। इसके बाद भगवान शंकर का रुद्राभिषेक, राम दरबार पूजन, दुर्गा दरबार पूजन, भगवान चित्रगुप्त एवं मां दक्षिण काली की विशेष आराधना संपन्न की गई। पूरे मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। इस अवसर पर बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद एवं गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी प्रबंध न्यास समिति के अध्यक्ष तथा पूर्व विधान पार्षद प्रो. रणबीर नंदन ने मुख्यमंत्री को शॉल एवं अंगवस्त्र भेंट कर भव्य स्वागत किया। पूजा-अर्चना के उपरांत मुख्यमंत्री ने मंदिर का महाप्रसाद 'खिचड़ी' भी ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान प्रो. रणबीर नंदन ने मुख्यमंत्री को एक आवेदन पत्र सौंपते हुए गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी के समीप खाली पड़ी सरकारी जमीन पर बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के नए भवन निर्माण की मांग की। उन्होंने कहा कि वर्तमान पर्षद भवन जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है जिससे मठ-मंदिरों से जुड़े कार्यों के संचालन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यदि नया भवन मंदिर परिसर से सटे सरकारी भूखंड पर बनाया जाता है तो साधु-संत समाज एवं श्रद्धालुओं को काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए शीघ्र नए भवन निर्माण की दिशा में आवश्यक आदेश जारी किए जाएं।

## दिव्यांग और बुजुर्गों के लिए सुगम होगी यात्रा, पटना में आएंगी 14 खास बसें

### सीढ़ियों की जगह होगा रैंप, हैंडरेल सहित कई सुविधाएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** महिलाओं के लिए पिंक बस सेवा शुरू करने के बाद अब बिहार सरकार दिव्यांगजनों और बुजुर्गों की सुविधा के लिए विशेष बसें चलाने जा रही है। परिवहन विभाग 6 करोड़ 70 लाख रुपये की लागत से 14 सीएनजी आधारित लो-फ्लोर बसें खरीद रहा है जिन्हें पहले पटना जिले में संचालित किया जाएगा। इन बसों में दिव्यांगजनों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए कई खास सुविधाएं दी गई हैं। सीढ़ियों की जगह रैंप होगा जिससे व्हीलचेयर वाले यात्री आसानी से बस में चढ़-उतर सकें। साथ ही व्हीलचेयर रखने की अलग व्यवस्था, कम ऊंचाई वाली सीटें, हैंडरेल, ऑडियो अलर्ट सिस्टम जैसी सुविधाएं भी होंगी। बिहार में दिव्यांगजनों की संख्या लगभग 23 लाख से अधिक है। फिलहाल बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की सभी बसों में उनके लिए सीटें आरक्षित हैं, लेकिन सामान्य बसों में यात्रा करते समय उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इन विशेष बसों के शुरू होने से दिव्यांगों और बुजुर्गों को यात्रा में काफी राहत मिलेगी। निगम के अनुसार बसों का ऑर्डर जेम पोर्टल के माध्यम से दे दिया गया है। चार महीने के अंदर बसें डिलीवर हो जाएंगी। बसों के किराए और रूट का फैसला डिलीवरी के बाद किया जाएगा। शुरुआत पटना जिले से होगी, बाद में इन्हें राज्य के अन्य जिलों में भी चलाया जाएगा।

## हाईकोर्ट की स्वतंत्रता के बाद भी कार्रवाई लंबित, बीएसडीएम पर उठे गंभीर सवाल

# न्यायालय के आदेश के बावजूद विभाग मौन क्यों : डॉ. आनंद रंजन झा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**वैशाली/पटना।** बिहार कौशल विकास मिशन के अंतर्गत संचालित विशाल युवा केंद्र, जंदाहा से जुड़े मामले में पटना उच्च न्यायालय द्वारा विभाग को निर्णय लेने की स्वतंत्रता दिए जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने पर केंद्र संचालक डॉ. आनंद रंजन झा ने गहरी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि लगभग तीन माह पूर्व इस मामले को मीडिया के माध्यम से सार्वजनिक किया गया था, लेकिन आज तक विभागीय स्तर पर न तो निष्पक्ष जांच की गई और न ही लंबित भुगतान एवं संचालन संबंधी मुद्दों का समाधान किया गया। डॉ. झा ने बताया कि पटना उच्च न्यायालय द्वारा विभाग को आवश्यक निर्णय लेने की स्पष्ट स्वतंत्रता प्रदान की जा चुकी है, इसके बावजूद फाइल को लगातार लंबित रखा जाना कई गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि न्यायालय की भावना के अनुरूप त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए थी, लेकिन विभाग की चुप्पी से यह प्रतीत हो रहा है कि मामले को जानबूझकर टालने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से केंद्र का वास्तविक संचालन उनके द्वारा किया जा रहा है तथा भवन किराया, कंप्यूटर सिस्टम, कर्मचारियों का वेतन, बिजली, इंटरनेट सहित सभी संचालन खर्च निजी संसाधनों से वहन किए जाते रहे हैं। इसके बावजूद केंद्र से संबंधित वैध बैंक खाते एवं लंबित भुगतान पर अब तक निर्णय नहीं लिया गया। डॉ. आनंद रंजन झा ने आरोप लगाया कि विभाग द्वारा ऐसे पक्षों को भुगतान किया गया जिनका केंद्र संचालन से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं था जबकि इस पर पूर्व में लिखित आपत्ति भी दर्ज कराई जा चुकी थी। उन्होंने कहा कि यदि न्यायालय की स्वतंत्रता मिलने के बाद भी विभाग कार्रवाई नहीं करता है तो इससे विभागीय निष्पक्षता और पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लगना स्वाभाविक है। उन्होंने मांग की कि मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए, लंबित भुगतान शीघ्र जारी किया जाए तथा केंद्र संचालन एवं नामांकन प्रक्रिया पुनः प्रारंभ की जाए। डॉ. झा ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो न्यायालयीन अवमानना याचिका, जनआंदोलन एवं व्यापक मीडिया अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार के युवाओं के भविष्य और कौशल विकास योजनाओं के साथ हो रही लापरवाही अब और बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## अन्तर्जालीय अन्तर्राष्ट्रीय संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर का उद्घाटन समारोह सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना की ओर से आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के अन्तर्गत तर्कसंग्रहकार अन्नमभट्ट स्मृति दस दिवसीय अन्तर्जालीय अन्तर्राष्ट्रीय संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर का भव्य उद्घाटन समारोह सम्पन्न हुआ यह प्रतिमाह संचालित होने वाला निरन्तर 44वां शिविर है। इस शिविर का विधिवत उद्घाटन अभियान के संरक्षक एवं पूर्व गृह सचिव उत्तर प्रदेश डॉ अनिल कुमार सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि न्याय दर्शन एवं वैशेषिक दर्शन को सरल रुप से समझने के लिए तर्कसंग्रह अति महत्वपूर्ण ग्रंथ है जिसके रचयिता तेलंगाना निवासी अन्नमभट्ट हैं। इस ग्रंथ का अध्ययन अति आवश्यक है। अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि अन्नमभट्ट बुद्धिमान, आत्मविश्वासी, संस्कृत भाषा के महान ज्ञाता एवं दर्शन शास्त्र को सरल रुप में प्रस्तुत करने वाले थे। इस अवसर पर अभियान के संरक्षक धर्मेन्द्रपति त्रिपाठी मुख्यातिथि, प्रोफेसर डॉ रागनी वर्मा मुख्य वक्ता, डॉ अनिल कुमार चौबे, डॉ अवंतिका कुमारी, डॉ लीना चौहान, डॉ नीरा कुमारी, डॉ दीप्ति कुमारी, डॉ रागनी कुमारी, डॉ एकता वर्मा, देवेश प्रकाश, बीजेन्द्र सिंह विष्ट, वन्दना पटेरिया, दयानी शारदेय आदि वक्ताओं ने भी अन्नमभट्ट के योगदानों को विस्तार से चर्चा करते हुए भारतवासियों से तर्कसंग्रह ग्रंथ को अध्ययन करने की सलाह दी तथा संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर में उपस्थित होने के लिए अपील की।

# शाही लीची मुजफ्फरपुर की पहचान, देश-विदेश में विशेष पहचान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना/मुजफ्फरपुर।** बिहार का मुजफ्फरपुर जिला अपनी विश्वविख्यात 'शाही लीची' के लिए देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी एक विशेष पहचान रखता है। गर्मी के मौसम में जब पेड़ों पर लाल-गुलाबी रंग की लीचियां पककर तैयार होती है तब पूरे इलाके में एक अलग ही रौनक देखने को मिलती है। अपनी मिठास, रस और सुगंध के कारण शाही लीची को 'फलों की रानी' भी कहा जाता है। शाही लीची की खासियत इसकी प्राकृतिक मिठास और अद्वितीय खुशबू है जो इसे अन्य लीचियों से अलग बनाती है। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार मुजफ्फरपुर और आसपास के क्षेत्रों की जलवायु, मिट्टी की संरचना और नमी इस फल के विशेष स्वाद के लिए बेहद अनुकूल मानी जाती है। यही कारण है कि यहां की लीची का स्वाद देश के अन्य हिस्सों में उगाई जाने वाली लीची से काफी अलग होता है। स्थानीय लीची बागान वालों का कहना है कि शाही लीची की खेती उनके जीवन का मुख्य आधार है। मई के मध्य से लेकर जून के पहले सप्ताह तक इसकी तुड़ाई का समय रहता है। इस दौरान पूरे जिले में हजारों मजदूर, व्यापारी और किसान इस काम में जुट जाते हैं। एक बागान मालिक ने बताया कि मौसम यदि अनुकूल रहे तो उत्पादन अच्छा होता है और बाजार में कीमत भी बेहतर मिलती है जिससे किसानों की आय में वृद्धि होती है। मुजफ्फरपुर की शाही लीची को भौगोलिक संकेतक (जीआई टैग) भी प्राप्त है जो इसे वैश्विक स्तर पर एक विशिष्ट पहचान प्रदान करता है। यह टैग इस बात की पुष्टि करता है कि इस क्षेत्र की लीची अपने गुणों और गुणवत्ता के कारण विशिष्ट है। इसी वजह से इसकी मांग न केवल भारत के बड़े शहरों जैसे दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और बेंगलुरु में रहती है, बल्कि इसे विदेशों में भी निर्यात किया जाता है। इस बीच मुजफ्फरपुर की धरती पर लीची की तीन नई प्रजातियां भी किसानों और उपभोक्ताओं को आकर्षित करने के लिए तैयार हैं। राष्ट्रीय लीची अनुसंधान केंद्र, मुशहरी में करीब पांच वर्षों तक शोध के बाद गंडकी संपदा, गंडकी योगिता और गंडकी लालिमा नामक नई प्रजातियां विकसित की गई है। अनुकूल मौसम की वजह से ये नई प्रजातियां जून से लेकर जुलाई के मध्य तक बाजार में उपलब्ध रह सकेंगी। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे किसानों को लंबे समय तक उत्पादन और बिक्री का अवसर मिलेगा। राष्ट्रीय लीची अनुसंधान केंद्र के वरीय विज्ञानी डॉ. एसडी पांडेय ने बताया कि शाही लीची का सीजन मई के अंत तक शुरू होकर करीब 15 दिनों तक चलता है।

## फरियाद लेकर भटकना नहीं पड़ेगा, पंचायत में ही मिलेगा समाधान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** ग्रामीण अंचल के रहवासियों की समस्याओं का समाधान 30 दिन में करने के लिए प्रत्येक महीने के पहले और तीसरे मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन होने जा रहा है। इसकी शुरुआत 19 मई से होने जा रही है। इस शिविर के आयोजन को लेकर राज्य के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने सभी प्रमंडलीय आयुक्त, जिला पदाधिकारी और वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक को पत्र जारी कर समुचित दिशा-निर्देश जारी किया है। इस पत्र के अनुसार शिविर का आयोजन पंचायत सरकार भवन या उसके निकट किसी सार्वजनिक स्थल पर किया जाना तय है। शिविर में सभी विभागों के पदाधिकारी होंगे। लोगों को समस्या संबंधी आवेदन देने की सुविधा ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों होगी। इसे लेकर सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव मो. सोहैल की ओर से एक विस्तृत पत्र जारी किया गया है। इसके अनुसार ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले इन शिविरों के लिए आवेदन की प्रक्रिया 30 दिन पहले से शुरू होगी। सभी आवेदनों और शिकायतों को पंजीकृत कर संवाद समाधान पोर्टल के उपयोग से उसका निपटारा किया जाएगा। शिविर की संख्या निर्धारित करने की दिशा में जिला पदाधिकारियों को पूरा अधिकार दिया गया है। यानी किस मंगलवार को कितनी पंचायतों में शिविर लगेंगे, इसका निर्धारण डीएम करेंगे। जिला पदाधिकारी अपने यहां पदाधिकारियों की तैनाती के हिसाब से प्रखंड या फिर ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर की संख्या का निर्धारण कर सकेंगे। शिविर की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त/अपर समाहर्ता या समकक्ष, जिला स्तरीय बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी/ भूमि सुधार उप समाहर्ता करेंगे।

# निजी प्रयासों से सशक्त हो रहा शिक्षा क्षेत्र

## नई ऊंचाइयों को छू रहा दाउदनगर

– उपेंद्र कश्यप

दाउदनगर शिक्षा का हब माना जाता है। बीते दो दशक में कई बार गर्वित होने का मौका दाउदनगर को मिला है। इसमें सबसे बड़ा योगदान निजी शिक्षण संस्थानों का है। चाहे आर्थिक कारणों के कारण एक तबका इसकी जितनी आलोचना कर ले। हालांकि कोई तंत्र जितना बड़ा होगा, आलोचना के अवसर उतना अधिक उपलब्ध होता है। महत्वपूर्ण यह है कि घर-घर जाकर बच्चों को स्कूल से जोड़ने का काम निजी शिक्षण संस्थानों ने ही किया। जब सरकारी संस्थानों के बरअक्स देखेंगे तो गुणवत्ता और उत्पादकता निजी शिक्षण संस्थानों में अधिक है, इससे इसके आलोचक भी इंकार नहीं कर सकते। जिन आर्थिक कारणों से निजी शिक्षण संस्थानों की आलोचना की जाती है, दरअसल उन्हें यह भी जानना चाहिए कि सरकारी विद्यालयों में प्रति छात्र-छात्रा खर्च निजी विद्यालयों की अपेक्षा कई गुणा अधिक होती है जबकि उत्पादकता और गुणवत्ता दोनों काफी कम है। यही वजह है कि किसी भी सरकारी नौकरी करने वाले की संतानें निजी विद्यालयों में ही नामांकित होते हैं। स्थिति यह हो गयी है कि न्यूनतम आय से भी बचत कर सकने वाला परिवार अपने संतान को निजी विद्यालय में ही पढ़ाना चाहता है और पढ़ा रहा है। दाउदनगर में निजी शिक्षण संस्थानों का प्रयास परिणाम में भी दिखता है। शायद ही कोई क्षेत्र अब ऐसा है जहां यहां के युवा या युवती जॉब न कर रहे हों। इससे शहर का मान बढ़ता है। सुरेश कुमार गुप्ता ने 47 वर्ष में विद्या निकेतन के अलावा संस्कार विद्या और किड्स वर्ल्ड जैसे संस्थान खड़े किए। इसके जरिये बच्चों को गढ़ने का काम किया। डाक्टर (प्रोफ़ेसर) शंभू शरण सिंह ने जनवरी 1997 में भखरुआं में विवेकानंद स्कूल आफ एजुकेशन की नींव डाली। और वर्ष 1999 में शुक बाजार में विवेकानंद चाइल्ड गाइडेंस सेंटर (यह अब चावल बाजार में संचालित है) और 2003 में विवेकानंद मिशन स्कूल स्थापित किया। इन्होंने काफी हद तक शैक्षणिक माहौल को बदल कर रख दिया। झांकियों की संस्कृति बदल दी। डा. प्रकाश चंद्रा ने वर्ष 2009 में भगवान प्रसाद शिवनाथ प्रसाद बीएड कालेज की यहां स्थापना की। समाज व देश निर्माता कहे जाने वाले शिक्षक यहां गढ़े जाते हैं। आज यहां से निकले सैकड़ों छात्र-छात्राएं कहीं न कहीं शिक्षक बनकर देश और समाज गढ़ने का काम कर रहे हैं। कई शिक्षण केंद्र है जो समाज में शिक्षा का प्रसार कर पीढ़ियों को शिक्षित करने का काम कर रहे हैं। पुरानी शहर में डाक्टर चंचल कुमार ज्ञान ज्योति शिक्षण केंद्र, चावल बाजार में नीरज कुमार नव ज्योति शिक्षा निकेतन, बाजार में शंभू कुमार यश स्कूल, मौला बाग में कंप्यूटर के क्षेत्र में क्रांति लाने का काम वीसीएसआरएम के जरिए रोशन सिन्हा, राणा प्रताप सिंह का आरएस इंटरनेशनल स्कूल अंछा, भखरुआं में सर्वेश कुमार फ्लुएंट हाई स्कूल, शंभू शरण सिंह एवं ई.मनीष कुमार एस एस ग्लोबल पब्लिक स्कूल, विनोद दूबे ज्ञानदीप प्रगति स्कूल, अरविंद कुमार धीरज विजन हाई स्कूल, अनिरुध्द कुमार बाबू अमौना में कमला प्रसाद सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भखरुआं में प्रवीण कुमार डिवाइन स्ट्रीम मिशन स्कूल के माध्यम से पीढ़ियों को शिक्षित बनाने के कार्य में निरंतर लगे हुए हैं। दाउदनगर महाविद्यालय का तो प्राचार्य मो. एमएस इस्लाम ने कायाकल्प ही कर दिया है। जो कभी विवादों के लिए सुर्खियों में आता था वह आज नित नई उपलब्धि हासिल (शेष पृष्ठ 10 पर)

ज्ञानदीप प्रगति स्कूल
दुबे भवन, कान्दु राम की गड़ही, दाउदनगर (औरंगाबाद)
कक्षा नर्सरी से आठ तक
आवासीय सह दिवसीय विद्यालय
विनोद दुबे
निदेशक
संतोष गुप्ता
प्राचार्य

एसएस ग्लोबल पब्लिक स्कूल
शंभू नगर, टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के नजदीक, दाउदनगर (औरंगाबाद)
मो.- 9122490002, 9122490003
कक्षा प्री नर्सरी से दसवीं तक
सीबीएसई पाठ्यक्रम
आओ एक समझदारी भरा कदम उठाएं, सबको शिक्षा का पाठ पढ़ाएं
हमारी विशेषताएं :-
- एक्सीलेंट व ट्रेंड शिक्षकों द्वारा पढ़ाई की समुचित व्यवस्था
- स्कूल परिसर का सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी
- सभी मार्गों में वाहन सुविधा
- निर्धन एवं मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए निशुल्क व्यवस्था
- बच्चों में सृजनात्मक क्षमता के विकास हेतु विशेष व्यवस्था
- मूल्य परक ज्ञान विकसित करने का उचित माहौल

एसएस ग्लोबल बचपन स्कूल
पता- दुर्गा मंडप, पटना के फाटक, पुरी मोहल्ला, दाउदनगर, मो.- 8271755000, 8409952866
क्लास प्ले से दूसरी कक्षा तक
स्मार्ट क्लास की व्यवस्था
शम्भू शरण सिंह
संस्थापक
सीएम एवं एमडीआरटी, यूएसए क्लब मेम्बर
भारतीय जीवन बीमा निगम
ई.मनीष कुमार
निदेशक

दाउदनगर महाविद्यालय
दाउदनगर( औरंगाबाद)
ज्ञान, संस्कार, कौशल और उत्कृष्टता के साथ शिक्षा के प्रसार के लिए कटिबद्ध महाविद्यालय
समस्त छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, शिक्षकों एवं नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं
प्रो. (डॉ.) एम. शमशुल इस्लाम
प्रधानाचार्य

शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सफलता का परचम लहराता
ज्ञान ज्योति शिक्षण केन्द्र
पुराना शहर, दाउदनगर (औरंगाबाद)
बच्चों का भविष्य संवारने वाला बेहतर शिक्षण संस्थान
कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक
डॉ. चंचल कुमार
निदेशक

कमला प्रसाद सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल
(बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से संबंद्धता प्राप्त)
बाबू अमौना, दाउदनगर (औरंगाबाद)
कक्षा 1 से 12 तक कला, विज्ञान व वाणिज्य संकाय में पढ़ाई
हरिद्वार तिवारी
प्रधानाचार्य
अनिरूद्ध कुमार
निदेशक

DIVINE STREAM MISSION SCHOOL
शिवपुरी कॉलोनी, बाजार समिति के नजदीक, गया रोड, दाउदनगर, औरंगाबाद
मो: 7070518911
Admission Open in Class: Nursery to X
हॉस्टल सुविधा उपलब्ध
गौरव कुमार
मैनेजर
ई. प्रवीण सिंह
निदेशक

सही मार्गदर्शन, पक्का चयन!
VISION SANKALP INSTITUTE
EXPERTISE IN APTITUDE & LOGIC
VISION GURU DAKSHINA
GURU DAKSHINA Batch
JOIN FOR
RAILWAY
POLICE
SSC
BPSC EXAM PREPARATION
पहले नौकरी उसके बाद पैसा
हमारा लक्ष्य आपकी सफलता
हमारी विशेषताएं
CALL NOW 9199455095 7870186670
VISION VIHAR
VISION SANKALP के साथ करें सपनों की उड़ान

उपेंद्र कश्यप & संस ज्वेलर्स
पुरानी बाजार, उजाला गारमेन्ट्स के नजदीक, दाउदनगर
शुद्धता की गारंटी- गारंटी भरोसे की...
18K & 22K HUID
Mob: 9931852301, 8210011821

राजकीयकृत +2 कन्या इंटर विद्यालय
दाउदनगर (औरंगाबाद)
की ओर से आप सभी को शिक्षा परिशिष्ट के प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएं
रवीन्द्र नाथ
प्रधानाध्यापक

शिक्षा को आमजन तक पहुंचाने को सतत प्रयासरत एवं समर्पित संस्था
नव ज्योति शिक्षा निकेतन
(दिशा एजुकेशनल एंड सोशल डेवलपमेंट ट्रस्ट द्वारा संचालित)
चावल बाजार, कूचा गली, दाउदनगर (औरंगाबाद)
मो.-9430407382,9006799280
नर्सरी से आठवीं तक
सीबीएसई पैटर्न पर आधारित
नीरज गुप्ता
निदेशक

SANSKAR VIDYA
(Is giving The wings to the success)
A CBSE Affiliated Senior Secondary School
Knowledge City, Navratan Chowk, Daudnagar, Aurangabad, (Bihar)
www.sanskarvidya.in
Now Open for 11th CLASS
SESSION 2026-27
SCIENCE & COMMERCE
ADMISSIONS OPEN 26-27
A PERFECT LAUNCHPAD FOR YOUR BRIGHT FUTURE
ACADEMIC EXCELLENCE
CAREER GUIDANCE
MODERN INFRASTRUCTURE
SAFE & NURTURING ENVIRONMENT
MOST OF EXPERIENCED FACULTY LIVE IN THE CAMPUS
APPLY NOW
LIMITED SEATS (HURRY UP!)

भगवान प्रसाद शिवनाथ प्रसाद बी.एड. कॉलेज
उर्मिला विहार केरा, दाउदनगर, औरंगाबाद (बिहार)
NCTE से मान्यता प्राप्त एवं मगध विश्वविद्यालय तथा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से संबद्धता प्राप्त
COURSE : B. ED. & D. El. ED.
महाविद्यालय की सुविधाएं :
+ लैब एवं लाइब्रेरी की उत्तम व्यवस्था
+ खेल मैदान
+ अनुभवी एवं प्रशिक्षित प्रोफ़ेसर
+ स्मार्ट क्लास की व्यवस्था
+ साइंस एवं कम्प्यूटर लैब व अन्य लैब
+ लैंग्वेज लैब, मैथ्स लैब इत्यादि
+ ऑनलाइन क्लास की व्यवस्था
+ महाविद्यालय आधारित विभिन्न प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभावान छात्रों को समय-समय पर पुरस्कृत
इस महाविद्यालय के बी. एड. एवं डी. एल. एड. उत्तीर्ण विद्यार्थियों में से 70% प्रशिक्षु STET, BTET एवं CTET उत्तीर्ण हो चुके हैं।
डॉ. अमित कुमार
प्राचार्य
डॉ. प्रकाश चन्द्र
सचिव
: आवश्यक :
Bihar B.Ed. Entrance Exam-2026 के आवेदन करने की अंतिम तिथि : 18 मई 2026
Contract : 7739121506, 7542927888, 9334818458, 9955622367

VIVEKANAND VIP SCHOOL
Bignanikanagar Yari, Deo-Anandpura Road Aurangabad (Bihar)
(AFFILIATED TO CBSE, DELHI UPTO 10+2 IN SCIENCE & COMMERCE)
ADMISSION OPEN
Session (2026-2027)
For Class XI { PCM, PCB & COMMERCE }
JEE Mains 2026 (Session II)
SMART CLASSROOM
AUDITORIUM
ART & MUSIC
COMPUTER LAB
INDOOR & OUTDOOR SPORTS
DEDICATED SCIENCE LABORATORIES
SCHOOL MOBILE APPLICATION
TRANSPORT FACILITY
PLAY ZONE
LIBRARY
ROBOTICS LAB
WI-FI CAMPUS
कार्यालय समय : सुबह 8:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक
रविवार सुबह 11:00 से अपराह्न 3:00 बजे तक
9934640560, 7033826665
E-mail:- vvipf97@gmail.com | Website :- www.vivekanandvipschool.org

VIVEKANAND MISSION SCHOOL
Biley Vihar, Daudnagar, Aurangabad (Bihar)
(AFFILIATED TO CBSE, DELHI UPTO 10+2 IN SCIENCE & COMMERCE)
ADMISSION OPEN
Session (2026-2027)
For Class XI
{ PCM, PCB & COMMERCE }
ATAL TINKERING LAB
7033826661, 7033826662, 7033826668

# 7.06 करोड़ की लागत से बनेगा क्षेत्रीय दवा भंडार भवन, छह माह में पूरा करने का लक्ष्य



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने शुक्रवार को गया जी टाउन के छोटकी नवादा स्थित कुष्ठ अस्पताल परिसर में क्षेत्रीय दवा भंडार भवन निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रेम कुमार ने कहा कि क्षेत्रीय दवा भंडार भवन का निर्माण 7 करोड़ 6 लाख 20 हजार रुपये की लागत से कराया जा रहा है। लगभग 18 हजार वर्गफुट क्षेत्र में बनने वाला यह भवन आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा जहां दवाओं के सुरक्षित और व्यवस्थित भंडारण की समुचित व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि भवन निर्माण पूरा होने के बाद दवाओं की उपलब्धता में सुधार आएगा और जरूरतमंद मरीजों को समय पर दवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। इससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में व्यापक सुधार होगा। उन्होंने इसे राज्य सरकार की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। प्रेम कुमार ने कहा कि निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है और इसे आगामी छह माह के भीतर पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने तथा समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने का निर्देश दिया, ताकि आम लोगों को जल्द इसका लाभ मिल सके। कार्यक्रम में सुनील सिन्हा, पप्पू चंद्रवंशी, शंभू यादव, देवानंद पासवान, समीर चटर्जी, शिवनारायण, राजेश मस्तान, लक्ष्मण पांडे, विवेक चंद्रवंशी, पम्मी सिंह, राजनंदन गांधी, दीपक कुमार, राकेश आईटी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# बस में लगी आग, फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गया जी।** जिले के गया-बोधगया मुख्य सड़क मार्ग पर एम्स हॉस्पिटल के समीप एक बस में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी बस को आगोश में ले लिया और पूरी बस धू-धूकर जल उठी। गनीमत रही कि इसमें किसी तरह की मानवीय क्षति नहीं हुई। सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग को बुझाने का प्रयास किया। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। इस संबंध में मगध मेडिकल थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार ने बताया कि ने बताया कि बस में आग लगने की सूचना मिली थी जिसके बाद हमलोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास कर रहे हैं किसकी बस है और कहां जा रही थी यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। किसी तरह की मानवीय क्षति नहीं हुई है।

# वट सावित्री व्रत पर उमड़ी आस्था

## सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी उम्र के लिए की पूजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया जी।** मोक्षनगरी गया में वट सावित्री व्रत के अवसर पर श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला जहां विभिन्न स्थलों पर विशाल वट वृक्ष के नीचे बड़ी संख्या में सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना के साथ विधि-विधान पूर्वक पूजा-अर्चना की। सुबह से ही महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में पूजा सामग्री लेकर वट वृक्ष के समीप पहुंचने लगीं। ब्राह्मणों के निर्देशन में महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा कर उसकी परिक्रमा की तथा रक्षा सूत्र बांधा। इस दौरान महिलाओं ने सावित्री-सत्यवान की कथा का श्रवण भी किया। व्रत को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। कई महिलाओं ने निर्जला उपवास रखकर अपने परिवार की सुख-शांति और पति की दीर्घायु की कामना की। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार वट सावित्री व्रत सुहागिन महिलाओं के लिए अखंड सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। वही पूजा में शामिल महिला श्रद्धालु शीला देवी ने बताया कि वट सावित्री पूजा को लेकर महिलाएं पूरे श्रद्धा भाव से वट वृक्ष के नीचे धार्मिक अनुष्ठान कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पौराणिक मान्यता के अनुसार माता सावित्री ने अपने पति सत्यवान के प्राणों की रक्षा के लिए यह व्रत किया था, तभी से यह परंपरा चली आ रही है।

# डॉ प्रेम कुमार ने समस्त माताओं, बहनों को दी बधाई एवं शुभकामनाएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** वट सावित्री पूजा के पावन अवसर पर डॉ प्रेम कुमार ने बिहार एवं देशभर की समस्त माताओं, बहनों और महिलाओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। डॉ प्रेम कुमार ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि वट सावित्री पूजा भारतीय संस्कृति, पारिवारिक मूल्यों एवं नारी शक्ति की आस्था का महान पर्व है। यह पर्व पति-पत्नी के अटूट प्रेम, समर्पण, त्याग और परिवार की सुख-समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में नारी को शक्ति, संस्कार और परिवार की आधारशिला माना गया है तथा वट सावित्री पूजा हमारी सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करने का कार्य करती है। उन्होंने महिलाओं के उत्तम स्वास्थ्य, सुख, समृद्धि एवं परिवार के मंगलमय जीवन की कामना करते हुए कहा कि समाज और राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। बिहार की महिलाएं शिक्षा, सामाजिक सेवा, राजनीति, प्रशासन एवं विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देकर राज्य और देश का गौरव बढ़ा रही हैं। डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि हमारी संस्कृति में पर्व और त्योहार सामाजिक एकता, पारिवारिक सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना को मजबूत करने का माध्यम है।

## राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर स्मृति सम्मान समारोह का आयोजन

# राष्ट्रकवि दिनकर महान कवि ही नहीं, बल्कि राष्ट्र चेतना के प्रखर स्वर थे : डा. प्रेम कुमार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** मां निर्दोष सेवा केंद्र एवं गया कॉलेज गया के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर स्मृति सह सम्मान समारोह पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार, प्राचार्य डॉ. सतीश सिंह चंद्र, मगध विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार मंगलम, कार्यक्रम अध्यक्ष राय मदन किशोर, जिला पार्षद उपाध्यक्ष शीतल यादव एवं आयोजक हिमांशु शेखर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सभी अतिथियों एवं उपस्थित लोगों ने राष्ट्रकवि दिनकर के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। आयोजक समिति द्वारा सभी अतिथियों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।
स्वागत भाषण के दौरान आयोजक हिमांशु शेखर ने राष्ट्रकवि दिनकर के नाम पर विश्वविद्यालय निर्माण की मांग उठाई। टिकारी विधायक अजय दांगी ने कहा कि दिनकर का साहित्य समाज के लिए सदैव पथप्रदर्शक रहा है। कुलसचिव डॉ विनोद कुमार मंगलम ने कहा कि दिनकर ने साहित्य के प्रत्येक क्षेत्र में अपनी लेखनी से अमिट छाप छोड़ी है। अपने अभिभाषण में डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि राष्ट्रकवि दिनकर केवल महान कवि ही नहीं, बल्कि राष्ट्र चेतना के प्रखर स्वर थे। उनकी रचनाओं में ओज, वीरता और स्वाभिमान की गूंज के साथ सामाजिक न्याय, समानता एवं सांस्कृतिक पुनर्जागरण का सशक्त संदेश निहित है। उन्होंने कहा कि दिनकर जी ने अपनी लेखनी के माध्यम से समाज को जागृत करने का कार्य किया तथा यह संदेश दिया कि साहित्य केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का आधार भी है। उन्होंने आयोजन समिति को बधाई देते हुए कहा कि संगोष्ठी के साथ दिनकर सम्मान समारोह का आयोजन एक सराहनीय पहल है जिससे साहित्यकारों एवं शोधकर्ताओं को सम्मान मिलेगा तथा नई पीढ़ी साहित्य के प्रति प्रेरित होगी।

# आंगनबाड़ी सेविका के घर चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरारू।** थाना क्षेत्र के राणापुर गांव में शुक्रवार की रात्रि आंगनबाड़ी सेविका अंजू देवी पति रामजी यादव के घर अज्ञात चोरों ने छत के रास्ते घर में घुस कर करीब दो लाख रुपए का जेवर एवं डेढ़ लाख रुपए नगद चोरी कर लिया। पीड़िता अंजू देवी ने बताया कि हमारे घर बेटी की शादी थी। गुरुवार को लड़की की विदाई के बाद हमलोग निश्चित हो गये थे। शुक्रवार की रात बारह बजे के बाद छत के सहारे चोर घर में घुस गया और चार बक्सा चुरा लिया। शनिवार की सुबह जब कमरों में झाड़ू देने लगी तो बक्सा गायब पायी। हल्ला होने पर घर के दूर खेतों में देखी कि बक्सा तोड़कर करीब दो लाख का मेरा, बेटी का एवं सास का गहना एवं शादी के बाद हलवाई, टेंट, मजदूरी देने के लिए रखे एक लाख पचास हजार रुपए गायब है। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष पूजा कुमारी ने बताया कि घटनास्थल का जांच पड़ताल किया गया है डाग स्क्वायड को सूचना दी गई है। ज्ञात हो कि पिछले कुछ महीनों से थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ी हुई है और पुलिस द्वारा आज तक एक भी घटना को डिटेक्ट नहीं किया गया है जिससे चोरों का मनोबल ऊंचा है।

# जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** प्रखंड के अदई पंचायत अंतर्गत गोरकटी गांव निवासी केवल यादव के पुत्र संतोष कुमार की इलाज के दौरान गया मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया जिसके बाद गांव में शोक का माहौल कायम हो गया। घटना शुक्रवार की बताई जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार संतोष कुमार मानसिक रूप से कमजोर था और अक्सर गांव में इधर-उधर घूमता रहता था। बताया जा रहा है कि उसने किसी स्थान पर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालांकि इसकी जानकारी उसने परिजनों को नहीं दी। कुछ देर बाद उसकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। स्थिति गंभीर होने पर परिजन उसे इलाज के लिए कोंच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज हेतु गया मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि संतोष का स्वभाव शांत था और वह अक्सर अकेले घूमता रहता था। उसके दो बच्चे हैं।

# सीबीएसई 12वीं परीक्षा में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर माही कुमारी ने बढ़ाया गया का मान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 12वीं परीक्षा में माही कुमारी ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर पूरे देश में गया एवं बिहार का नाम रोशन किया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने माही कुमारी के आवास पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने छात्रा को बुके, मोमेंटो, अंगवस्त्र, कलम एवं डायरी भेंट कर शुभकामनाएं दीं। डॉ. मिश्रा ने कहा कि यह केवल एक छात्रा की सफलता नहीं, बल्कि पूरे गया जिला और बिहार राज्य के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि गया की धरती सदैव ज्ञान, संस्कृति और प्रतिभा की भूमि रही है तथा माही कुमारी ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन से यह साबित कर दिया है कि बिहार की बेटियां किसी भी क्षेत्र में देश का नेतृत्व करने में सक्षम हैं। उन्होंने माही कुमारी के माता-पिता एवं शिक्षकों को भी बधाई देते हुए कहा कि किसी भी विद्यार्थी की सफलता के पीछे परिवार और गुरुजनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। माता-पिता के संस्कार, शिक्षकों के मार्गदर्शन और छात्रा की कठिन मेहनत ने यह ऐतिहासिक उपलब्धि दिलाई है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि माही कुमारी आज लाखों विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बन चुकी है। उन्होंने माही कुमारी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती रहेगी। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# वट सावित्री पूजा पर उमड़ी महिलाओं की भीड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच।** शनिवार सुबह वट सावित्री पूजा को लेकर प्रखंड क्षेत्र में श्रद्धा, आस्था और उत्साह का माहौल देखने को मिला। सुबह करीब सात बजे से ही बड़ी संख्या में सुहागिन महिलाएं गांवों एवं सार्वजनिक स्थलों पर स्थित वट वृक्ष के पास जुटने लगीं। महिलाओं ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर अपने पति की दीर्घायु एवं अखंड सौभाग्य की कामना की। पूजा के दौरान महिलाओं ने वट वृक्ष की परिक्रमा कर धागा बांधा तथा पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा संपन्न की। इस अवसर पर व्रत कथा का श्रवण भी किया गया। पूजा स्थलों पर सुबह से ही चहल-पहल बनी रही और श्रद्धालुओं की भीड़ से वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु खुशबू कुमारी ने बताया कि धार्मिक मान्यता के अनुसार ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि को सुहागिन महिलाएं श्रद्धा एवं नियमपूर्वक वट सावित्री व्रत रखती हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं बरगद के पत्ते को बालों में धारण कर पूजा करती हैं जिससे परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहती है तथा पति की लंबी आयु प्राप्त होती है। पूजा के दौरान पति को नए वस्त्र देना, मिठाई खिलाना, आरती उतारना तथा पंखे से हवा कर आशीर्वाद देने की परंपरा भी निभाई जाती है। उन्होंने बताया कि इसी दिन माता सावित्री ने अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज से वापस प्राप्त किए थे जिसके कारण यह व्रत विशेष महत्व रखता है। कई महिलाएं पारंपरिक परिधानों में सज-धज कर पूजा में शामिल हुईं। वहीं स्थानीय लोगों ने भी पूजा व्यवस्था में सहयोग कर आयोजन को सफल बनाया।

# पति की लंबी उम्र के लिए सुहागिन महिलाओं ने की वट सावित्री पूजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गुरुआ।** प्रखंड में शनिवार को वट सावित्री पूजा को लेकर सुहागिन महिलाओं में खासा उत्साह देखा गया। पूजा-अर्चना के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं काज के इटवा गांव, बाबा बैजुधाम, भुरहा धाम सहित विभिन्न पूजा स्थलों पर पहुंचीं। महिलाएं बांस का पंखा, नारियल, कच्चा सूता, आम, लीची, लड्डू, छेना, रसमलाई, कपड़ा समेत अन्य पूजा सामग्री लेकर वट वृक्ष की पूजा की। इस दौरान महिलाओं ने वट वृक्ष के चारों ओर कच्चे सूते से कई बार फेरे लगाकर अपने पति की लंबी उम्र एवं परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।


# प्रपत्र VII
## समाहरणालय, गढ़वा (जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

### अधिघोषणा

(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)
अधिघोषणा संख्या 315/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 11.05.2026

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना **NH-75 से मझिऑव PWD पथ भाया बिकताम–दलेली पथ चौडीकरण योजना** हेतु ग्राम–बसरिया, थाना–मेराल, थाना सं0–248, अंचल–मेराल, जिला–गढ़वा में कुल :– **0.88900** एकड़ भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश **0.88900** एकड़ है और जो ग्राम–बसरिया, थाना–मेराल, थाना सं0–248, अंचल–मेराल, जिला–गढ़वा में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0,द0,पू0,प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 79 | 255 | रैयती | – | 0.01800 | धनेश भूईयां पिता–कन्हाई भुईयॉ | उ0–नीज द0–बांध पू0–रास्ता प0–नीज |
| 2 | 111 | 259 | रैयती | – | 0.02950 | महेन्द्र ठाकुर पिता–स्व0 बासदेव ठाकुर | उ0–नाथून ठाकुर द0–भरत ठाकुर पू0–रास्ता प0–नीज |
| 3 | 111 | 259 | रैयती | – | 0.02950 | भरत ठाकुर पिता–स्व0 बासदेव ठाकुर | उ0–महेन्द्र ठाकुर द0–ऑगनबाड़ी पू0–रास्ता प0–नीज |
| 4 | 66 | 268 | रैयती | – | 0.02600 | बिनोद कुमार सिंह वगै0, पिता राघव सिंह, रामदेनी सिंह एवं संतोष सिंह पिता–अमेरिका सिंह | उ0–रास्ता द0–राधो सिंह पू0–नीज प0–रास्ता |
| 5 | 117 | 277 | रैयती | – | 0.03900 | जयमुरत देवी पिता–स्व0 सरयु प्रसाद सिंह | उ0–रास्ता द0–राधो सिंह पू0–नीज प0–रास्ता |
| 6 | 55 | 285 | रैयती | – | 0.02400 | अखिलेश पासवान वगै0 पिता गोरख पासवान | उ0–नीज द0–रास्ता पू0–रास्ता प0–इसलाम शेख |
| 7 | 114 | 306 | रैयती | – | 0.01000 | सूर्यदेव पासवान पिता–देवकेश्वर पासवान, विरेन्द्र पासवान पिता–बैजनाथ पासवान, सुरेन्द्र पासवान पिता–शिवधनी पासवान, वो रामजी पासवान | उ0–रामजी पा0 द0–छोटेराम पू0–नीज प0–रास्ता |
| 8 | 114 | 308 | रैयती | – | 0.00600 | छोटे राम पिता–बैजनाथ पासवान | उ0–विरेन्द्र द0–कैलास पू0–नीज प0–रास्ता |
| 9 | 114 | 308 | रैयती | – | 0.00700 | कैलास पासवान पिता–बेनी पासवान | उ0–छोटे राम द0–राजेश पा पू0–नीज प0–रास्ता |
| 10 | 114 | 309 | रैयती | – | 0.011500 | राजेश पासवान पिता–स्व0 रमेश्वरी पासवान | उ0–विकास द0–रामटहल पू0–नीज प0–रास्ता |
| 11 | 114 | 309 | रैयती | – | 0.011500 | विकाश पासवान पिता–महेन्द्र पासवान | उ0–राजेश पासवान द0–राजेश पासवान पू0–नीज प0–रास्ता |
| 12 | 1 | 310 | बकास्त | – | 0.03400 | राम टहल साह वगै0 पिता–स्व0 लखन साह | उ0–राजेश पाण्डेय द0–सतन पाण्डेय पू0–नीज प0–रास्ता |
| 13 | 82 | 313 | रैयती | – | 0.03500 | विकास कुमार गुप्ता पिता स्व0 जवाहर साह | उ0–रामटहल पासवान द0–रामसेवक पू0–रास्ता प0–नीज |
| 14 | 78 | 315 | रैयती | – | 0.03100 | विकास कुमार गुप्ता पिता स्व0 जवाहर साह | उ0–रामटहल पासवान द0–रामसेवक पू0–रास्ता प0–नीज |
| 15 | 76 | 316 | रैयती | – | 0.01100 | चन्द्रदेव पासवान पिता स्व0 देव केशर राम | उ0–कैलाश पा0, द0–लक्ष्मण पा0, पू0–रास्ता, प0–नीज |
| 16 | 76 | 316 | रैयती | – | 0.01200 | लक्ष्मण पासवान पिता प्रसाद राम | उ0–चन्द्रदेव पा0, द0–रामटहल पा0, पू0–रास्ता, प0–नीज |
| 17 | 40 | 318 | रैयती | – | 0.00300 | भरत ठाकुर वगै0 पिता बासेदेव ठाकुर | उ0–319, द0–317 पू0–रास्ता प0–नीज |
| 18 | 40 | 319 | रैयती | – | 0.00100 | उदय ठाकुर, विजय ठाकुर, अनिल ठाकुर वगै0 पिता–ताना ठाकुर | उ0–रास्ता द0–317 पू0–रास्ता प0–नीज |
| 19 | 1 | 452 | बकास्त | – | 0.00500 | प्रिंस कुमार गुप्ता पिता–ओमप्रकाश गुप्ता | उ0–नीज, द0–रास्ता पू0–विश्वनाथ साह प0–विनोद प्रसाद गुप्ता |
| 20 | 1 | 452 | बकास्त | – | 0.00600 | शंभू साह पिता–स्व0 दुखी साह | उ0–नीज, द0–रास्ता पू0–विश्वनाथ साह प0–विनोद प्रसाद गुप्ता |
| 21 | 1 | 452 | बकास्त | – | 0.00600 | विश्वनाथ साह पिता–स्व0 दुखी साह | उ0–नीज,द0–रास्ता पू0–दिनेश साह प0–विनोद प्रसाद गुप्ता |
| 22 | 1 | 452 | बकास्त | – | 0.00600 | शंभू साह पिता–स्व0 दुखी साह | उ0–नीज द0–रास्ता पू0–राम सेवक प0–विश्वनाथ साह |
| 23 | 1 | 452 | बकास्त | – | 0.00600 | राम टहल प्रसाद पिता–स्व0 राम लखन साह | उ0–नीज द0–रास्ता पू0–राम सेवक प0–शम्भू साह |
| 24 | 1 | 452 | बकास्त | – | 0.00600 | राम सेवक साह पिता–राम लखन साह | उ0–नीज द0–रास्ता पू0–राम सेवक प0–शम्भू साह |
| 25 | 1 | 452 | बकास्त | – | 0.00600 | विकाश प्रसाद गुप्ता पिता–जवाहर प्रसाद गुप्ता | उ0–नीज द0–रास्ता पू0–विनोद साह प0–राम सेवक साह |
| 26 | 1 | 452 | बकास्त | – | 0.00600 | विनोद प्रसाद गुप्ता पिता–राम वृक्ष साह | उ0–नीज द0–रास्ता पू0–विकास गुप्ता प0–विकास गुप्ता |
| 27 | 1 | 454 | बकास्त | – | 0.01300 | प्रिंस कुमार स्व0 ओम प्रकाश गुप्त | उ0–प्रदीप साव वगै0, द0–रामचन्द्र साव पू0–रास्ता, प0–सत्येन्द्र साव |
| 28 | 1 | 460 | बकास्त | – | 0.01500 | सत्येन्द्र गुप्ता पिता–रामगति साह, एवं प्रदीप कुमार पिता स्व0 रामराती देवी | उ0–राम सेवक साह द0–सुशिल साह पू0–रास्ता प0–नीज |
| 29 | 1 | 460 | बकास्त | – | 0.01400 | शुशिल साह वगै0 पिता–राम गोविन्द साह | उ0–सत्येन्द्र गुप्ता द0–ओम साह पू0–रास्ता प0–नीज |
| 30 | 1 | 460 | बकास्त | – | 0.00500 | महेन्द्र प्रसाद गुप्ता, पिता–स्व0 रामगति साव | उ0–हिरा कुमार द0–महेन्द्र साव पू0–रास्ता प0–नीज |
| 31 | 3 | 462 | रैयती | – | 0.00900 | राम सेवक साह पिता–राम लखन साह | उ0–जवाहर प्रसाद द0–सत्येन्द्र गुप्ता पू0–रास्ता प0–नीज |
| 32 | 68 | 463 | रैयती | – | 0.03500 | जवाहर चन्द्रवंशी पिता–लखन राम | उ0–लाल बिहारी द0–जवाहर प्रसाद पू0–रास्ता प0–नीज |
| 33 | 68 | 464 | रैयती | – | 0.01400 | लाल बिहारी प्रसाद पिता–यमूना राम | उ0–मनोज राम द0–जवाहर प्रसाद चन्द्रवंशी पू0–रास्ता प0–नीज |
| 34 | 42 | 506 | रैयती | – | 0.01600 | मानिक साह पिता स्व0 विश्वनाथ साह | उ0–रास्ता द0–शिवचन्द साह पू0–रोड प0–नीज |
| 35 | 47 | 512 | रैयती | – | 0.00367 | रामपृत साह पिता–स्व0 मोती साह | उ0–भजन साह, द0–.चनिद्रका साह, पू0–रास्ता प0–नीज |
| 36 | 47 | 512 | रैयती | – | 0.00367 | चन्द्रिका साह पिता–मोती साह | उ0–रामपृत साह द0–मुन्द्रिका साह पू0–रास्ता प0–नीज |
| 37 | 47 | 512 | रैयती | – | 0.00366 | मुन्द्रिका साह पिता–स्व0 मोती साह | उ0–चन्द्रिका साह द0–गणेशलाल पू0–रास्ता प0–नीज |
| 38 | 47 | 513 | रैयती | – | 0.02200 | चन्द्रिका साह वगै0 पिता–मोती साह | उ0–रामपृत साह द0–गणेश साह पू0–रास्ता प0–नीज |
| 39 | 128 | 516 | रैयती | – | 0.01000 | राम कुमार अग्रवाल पिता–लक्ष्मी लाल अग्रवाल | उ0–गणेश लालद0–प्रवेश चन्द्रवंशी, पू0–रास्ताप0–नीज |
| 40 | 128 | 516 | रैयती | – | 0.01000 | गणेश लाल अग्रवाल पिता–विश्वनाथ अग्रवाल | उ0–चंद्रिका साह द0–राम कुमार अग्रवाल पू0–रास्ता, प0–नीज |
| 41 | 65 | 534 | बकास्त | – | 0.01300 | दिलीप अग्रवाल पिता–गणेश लाल अग्रवाल | उ0–रास्ता द0–देवनाथ चन्द्रवंशी पू0–रास्ता प0–नीज |
| 42 | 65 | 537 | बकास्त | – | 0.04400 | मोती राम पिता–लखन राम | उ0–दिलीप द0–रास्ता पू0–रास्ता, प0–नीज |
| 43 | 142 | 538 | रैयती | – | 0.01800 | देवनाथ यादव पिता–हरि यादव | उ0–रास्ता द0–नीज पू0–नीज,प0–रास्ता |
| 44 | 142 | 540 | रैयती | – | 0.01000 | अजय यादव पिता–शिवनाथ यादव | उ0–देवनाथ यादव द0–विजय यादव पू0–नीज, प0–रास्ता |
| 45 | 142 | 540 | रैयती | – | 0.01000 | विजय यादव पिता–शिवनाथ यादव | उ0–अजय यादव द0–देवनाथ यादव पू0–नीज, प0–रास्ता |
| 46 | 142 | 540 | रैयती | – | 0.02000 | देवनाथ यादव पिता–हरि यादव | उ0–विजय यादव द0–स्कुल पू0–नीज, प0–रास्ता |
| 47 | 88 | 541 | बकास्त | – | 0.02500 | प्रा0 वि0 बसरिया | उ0–देवनाथ यादव द0–रास्ता पू0–स्कूल भाग प0–रास्ता |
| 48 | 28 | 568 | बकास्त | – | 0.01600 | अजय यादव वगै0 पिता–शिवनाथ यादव | उ0–रास्ता द0–सुरेन्द्र यादव पू0–नीज, प0–रास्ता |
| 49 | 5 | 569 | रैयती | – | 0.00900 | चन्द्रिका साह वगै0 पिता–मोती साह | उ0–रामचन्द्र गुप्ता द0–चन्द्रिका साह पू0–नीज, प0–रास्ता |
| 50 | 5 | 570 | रैयती | – | 0.01200 | रामचन्द्र गुप्ता पिता–जगदीश साह | उ0–श्याम कुमार द0–चन्द्रिका पू0–नीज, प0–रास्ता |
| 51 | 5 | 571 | रैयती | – | 0.01300 | रघुनाथ साह पिता–स्व0 कन्हाई साह | उ0–चन्द्रिका द0–श्याम कुमार पू0–नीज प0–रास्ता |
| 52 | 5 | 571 | रैयती | – | 0.00900 | चन्द्रिका साह वगै0 पिता–मोती साह | उ0–रामचन्द्र द0–रघुनाथ पू0–नीज प0–रास्ता |
| 53 | 5 | 571 | रैयती | – | 0.00900 | रामचन्द्र गुप्ता पिता–जगदीश साह | उ0–राजकिशोर द0–चन्द्रिका साह पू0–नीज, प0–रास्ता |
| 54 | 5 | 571 | रैयती | – | 0.01300 | श्याम कुमार गुप्ता वगै0 पिता बुद्वदेव प्र0 गुप्ता | उ0–रघुनाथ साह द0–रामचन्द्र गुप्ता पू0–नीज, प0–रास्ता |
| 55 | 19 | 576 | रैयती | – | 0.02100 | राज किशोर सिंह पिता–बच्चु सिंह | उ0–अमर सिंह द0–कृष्णा सिंह पू0–नीज, प0–रास्ता |
| 56 | 19 | 577 | रैयती | – | 0.00467 | कृष्णा सिंह वगै0 पिता–बच्चु सिंह | उ0–राज किशोर द0–रामचन्द्र पू0–नीज प0–रास्ता |
| 57 | 19 | 577 | रैयती | – | 0.00467 | अमर सिंह वगै0 पिता–बच्चु सिंह | उ0–सतन पाण्डेय द0–कृष्णा सिंह पू0–नीज,प0–रास्ता |
| 58 | 19 | 577 | रैयती | – | 0.00466 | राज किशोर सिंह पिता–बच्चु सिंह | उ0–अमर सिंह द0–राज कि0 सिंह पू0–नीज, प0–रास्ता |
| 59 | 1 | 579 | बकास्त | – | 0.00500 | सतन पाण्डेय, महेन्द्रनाथ पाण्डेय वगै0 पिता–गौरी शंकर पाण्डेय | उ0–रामटहल साह द0–अमर सिंह पू0–नीज प0–रास्ता |
| 60 | 1 | 579 | बकास्त | – | 0.00300 | अमर सिंह पिता–बच्चु सिंह | उ0–सतन पासवान द0–अमर सिंह पू0–नीज,प0–रास्ता |
| 61 | 114 | 307 | रैयती | – | 0.00300 | रामजी पासवान एवं लक्ष्मण पासवान वगै0 पिता–प्रसाद राम | उ0–राधव सिंह द0–सूर्यदेव पासवान पू0–नीज प0–रास्ता |
| 62 | 78 | 314 | रैयती | – | 0.00300 | राम ठहल साह वगै0 पिता–रामलखन साह | उ0–लक्ष्मण पासवान द0–जवाहर साह पू0–रास्ता प0–नीज |
| 63 | 76 | 317 | रैयती | – | 0.00800 | कैलास पासवान पिता–बेनी पासवान | उ0–उदय ठाकुर द0–राम टहल साह पू0–रास्ता प0–नीज |
| 64 | 42 | 509 | रैयती | – | 0.01400 | शिवचन्द साह पिता विश्वनाथ साह | उ0–रास्ता द0–शिवचंद साह पू0–रास्ता प0–नीज |
| 65 | 37 | 511 | रैयती | – | 0.00900 | बैजनाथ साह वगै0 पिता भजन साह | उ0–शिवचन्द साह द0–पचु साह पू0–रास्ता प0–नीज |
| 66 | 110 | 259/642 | बकास्त | – | 0.00900 | लाल बिहारी प्रसाद पिता–यमूना राम | उ0–रास्ता द0–लाल बिहारी पू0–रास्ता प0–नीज |
| 67 | 35 | 505 | बकास्त | – | 0.00500 | मोती साह पिता–विश्वनाथ साह | उ0–मानीकचंद द0–मोतीचंद साह पू0–रास्ता प0–नीज |
| 68 | 119 | 287 | रैयती | – | 0.01400 | रामजी पासवान वगै0 पिता–प्रसाद राम | उ0–रास्ता द0–नीज पू0–धनी साव प0–कृष्णा राम |
| | | | | कुल :– | 0.88900 | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या :– शून्य,

जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :– ग्राम–बसरिया, थाना–मेराल, थाना सं0–248, अंचल–मेराल, जिला–गढ़वा, क्षेत्रफल– 0, एकड़– 0, जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है :– शून्य

उपायुक्त,
गढ़वा।

PR 380030 (Land Reforms) 26-27 (D)

संपादकीय

# सीएम विजय : रास्ता कठिन है

तमिलनाडु में नए मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय कार्यकाल की शुरूआत बहुत शुभ नहीं मानी जा सकती। उन्होंने 13 मई को विधानसभा में विश्वास का उम्मीद से ज्यादा वोटों से जीत लिया है, लेकिन दूसरी तरफ सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी अन्ना डीएमके में बगावत हो गई है। साथ ही सीएम बनते ही खुद विजय भी एक ज्योतिषी को ओएसडी बनाने को लेकर सहयोगी पार्टियों के निशाने पर थे। उनके दबाव के चलते अंततः विजय ने उन्हें पद से हटा दिया। कहा जाता है यह ज्योतिषी महोदय पूर्व मुख्यमंत्री जे. जयललिता के कार्यकाल में बहुत सक्रिय थे, क्योंकि जयललिता ज्योतिषी से पूछे बगैर कोई काम नहीं करती थीं। बहरहाल सीएम विजय की सरकार फिलहाल छह माह के लिए लिए भले सुरक्षित हो गई हो, लेकिन वो कितने दिन चल पाएगी, कहना मुश्किल है। उल्लेखनीय है कि हाल में सम्पन्न विस चुनावों में विजय की टीवीके को 107 सीटें मिली थीं, जो सामान्य बहुमत से 11 कम थी। अपनी सरकार बनाने के लिए विजय ने और भाजपा की सहयोगी एआईएडीएमके को सत्ता से बाहर रखने के लिए कांग्रेस सहित चार पार्टियों ने विजय को अपना समर्थन दिया था। इसके बाद राज्यपाल ने विजय को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई और तीन दिन में बहुमत सिद्ध करने को कहा। इस बीच विजय अपनी धुर विरोधी डीएमके पार्टी के सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन से मिले। स्टालिन ने उन्हें सरकार न गिराने का भरोसा दिया। परिणामस्वरूप विश्वास प्रस्ताव पर मतदान के समय डीएमके सदन से गैर हाजिर रही। लेकिन दूसरी तरफ एआईएडीएमके में विजय को समर्थन देने के मुद्दे पर बगावत हो गई। जिसका नतीजा यह हुआ कि विजय को मतदान में कुल 144 वोट मिले। जिसमें करीब 23 वोट एआईएडीएमके के विधायकों के माने जा रहे हैं। जबकि पार्टी ने विश्वास प्रस्ताव के विरोध में मत देने का व्हिप जारी किया था। अब पाटी इन बागी विधायकों पर कार्रवाई की तैयारी कर रही है। बताया जाता है कि पार्टी महासचिव और पूर्व मुख्यमंत्री ई पलानीसामी ने सभी 25 विधायकों को संगठन के पदों से हटा दिया है। कहा यह भी जा रहा है कि इन सभी के खिलाफ दलबदल कानून के तहत कार्रवाई कर उनकी सदस्यता भी समाप्त की जा सकती है। बागी खेमे के साथ परेशानी यह है कि उनके पास दो तिहाई बहुमत नहीं है। इसके लिए 31 का आंकड़ा चाहिए, जिससे वो विधानसभा में अलग गुट के रूप में मान्यता मांग सकें। जबकि बागी विधायकों की संख्या 25 बताई जा रही है। ऐसे में पार्टी उनके खिलाफ कार्रवाई कर सदस्यता खत्म करा सकती है। हालांकि यह कार्रवाई अनुशासनात्मक रूप से भले ही हो, लेकिन पार्टी के अस्तित्व पर संकट भी ला सकती है। क्योंकि अगर इन सभी की सदस्यता विस ने खत्म कर दी तो फिर से इन सीटों पर उपचुनाव होंगे। उपचनाव में एआईएडीएमके फिर जीते जरूरी नहीं है। वैसे यह दांव भी विजय को मदद पहुंचाने वाला ही हो सकता है। संभव है कि विजय उपचुनाव में एआईएडीएमके से आए विधायकों को ही टिकट देकर अपने चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़वा दें। अगर वो 25 में से आधी सीटें जीतने में भी भी कामयाब हो गए तो उन्हें सरकार चलाने के लिए साधारण बहुमत हासिल हो जाएगा। और ऐसा होना बहुत कठिन नहीं है। इस चाल के पीछे पर्दे के पीछे काम कर रही भाजपा का यह दांव भी हो सकता है कि यदि विजय अपने दम पर बहमत हासिल कर लें तो वो अन्य छोटे दलों और खासकर कांग्रेस का समर्थन लेने पर निर्भर नहीं रहेंगे। हो सकता है कि उस स्थिति में वो भाजपा के करीब आ जाएं। हालांकि यह अभी दूर की कौड़ी है, लेकिन असंभव नहीं है।

# प्रधानमंत्री की अपील में खुशहाली का रास्ता

**भविष्य में पेट्रोलियम उत्पाद की कीमतें बढ़ सकती हैं, इसलिए प्रधानमंत्री ने पहले से ही संकेत दे दिया है कि पेट्रोल-डीजल का उपयोग कम-से-कम करें। लोग वर्क फ्रॉम होम करें। विदेश यात्राएं कम करें। जिन शहरों में मेट्रो चल रही है, वहां के लोग अपने वाहनों से जाने के बजाय मेट्रो से सफर करें, ताकि पेट्रोल डीजल की बचत हो सके। माल ढुलाई के लिए माल गाड़ियों का इस्तेमाल अधिक हो। ट्रकों के कारण डीजल की खपत बढ़ जाएगी। आयातित खाद की बजाय जैविक खाद का इस्तेमाल करें, खाने के तेल का इस्तेमाल कम करें ताकि आदमी की सेहत भी ठीक रहे। सफर करना है तो बेहतर हो कि साझा ढंग से कार का इस्तेमाल करें, जिसे कार पूलिंग कहते हैं। ये सारे सुझाव बहुत अच्छे हैं। लेकिन बेहतर यह भी होता कि प्रधानमंत्री देश की आम जनता को समझाइए देने के साथ-साथ इस देश के नेताओं से भी यही अपील करते कि वे अनावश्यक प्रवास से बचें। अपने बंगले में होने वाले तामझाम पर लगाम लगाएँ। कितना अच्छा होता कि सारे मंत्री खुद कार पूलिंग करके इधर-से-उधर यात्रा करते।**

**गिरीश पंकज**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार दो दिन देश को सम्बोधित करते हुए जनता से अपील की है कि वह बचत पर ध्यान दे। पेट्रोल-डीजल खाद सहित अनेक वस्तुओं की खपत कम हो। उन्होंने कहा कि कोविड-काल में देश अपने अनेक खर्चो में कटौती करने पर विवश हो गया था, उसी तरह वर्तमान समय में संयम रखने की आवश्यकता है। पूरा देश समझ रहा है और स्वाभाविक है कि प्रधानमंत्री होने के नाते वह भी समझ रहे हैं कि देश किन संकटों से गुजर रहा है। युद्ध के चलते पेट्रोलियम आयात का संकट सामने है। भविष्य में पेट्रोलियम उत्पाद की कीमतें बढ़ सकती हैं, इसलिए प्रधानमंत्री ने पहले से ही संकेत दे दिया है कि पेट्रोल-डीजल का उपयोग कम-से-कम करें। लोग वर्क फ्रॉम होम करें। विदेश यात्राएं कम करें। जिन शहरों में मेट्रो चल रही है, वहां के लोग अपने वाहनों से जाने के बजाय मेट्रो से सफर करें,ताकि पेट्रोल डीजल की बचत हो सके। माल ढुलाई के लिए माल गाड़ियों का इस्तेमाल अधिक हो। ट्रकों के कारण डीजल की खपत बढ़ जाएगी। आयातित खाद की बजाय जैविक खाद का इस्तेमाल करें, खाने के तेल का इस्तेमाल कम करें ताकि आदमी की सेहत भी ठीक रहे। सफर करना है तो बेहतर हो कि साझा ढंग से कार का इस्तेमाल करें, जिसे कार पूलिंग कहते हैं। ये सारे सुझाव बहुत अच्छे हैं।लेकिन बेहतर यह भी होता कि प्रधानमंत्री देश की आम जनता को समझाइए देने के साथ-साथ इस देश के नेताओं से भी यही अपील करते कि वे अनावश्यक प्रवास से बचें।अपने बंगले में होने वाले तामझाम पर लगाम लगाएँ। कितना अच्छा होता कि सारे मंत्री खुद कार पूलिंग करके इधर-से-उधर यात्रा करते। लेकिन ऐसा कुछ दिख नहीं रहा, न कभी दिखेगा। दुर्भाग्य की बात यह है कि हमारे नेता केवल सामान्य जन से ही त्याग की अपील करते हैं। यह और बात है कि वे अपने जीवन में त्याग को बिल्कुल आत्मसात नहीं करते। यही कारण है कि उनकी बातों का कुछ भी असर नहीं हो पाता। लालबहादुर शास्त्री जैसे महान नेता नहीं रहे, जिनकी अपील का असर होता था, और देश



उनके कहे अनुसार जीवन यापन करने लगता था। लेकिन वर्तमान समय में हमारे नेताओं की फिजूलखर्ची सबके सामने है। यही कारण है कि उनके कहे का कोई असर नहीं होने वाला। अगर इस देश के नेता फिजूलखर्ची बंद कर दें, तो देश की जनता वैसे ही खुशहाल हो जाए। लेकिन सारी कटौतियां आम लोगों के लिए हो रही हैं,और सत्ता में बैठे नेताओं को सारी छूट है। एक मंत्री के पीछे अनेक कारें दौड़ती नजर आती है। कई बार उनके कारण यातायात रोक दिया जाता है। बहुत देर तक पेट्रोल डीजल नष्ट होता रहता है। हो सकता है कि मंत्री नेताओं की कारें पानी से चलती हों ! इसलिए वे परवाह नहीं करते। अगर उनकी कारें पेट्रोल और डीजल से चलती तो निःसंदेह मंत्री सिर्फ अपनी कार में यहां से वहां भ्रमण करते। लेकिन हमारा लोकतंत्र राजशाही को जीने की कोशिश करता है।इसलिए कोई भी मंत्री आपको अकेले सफर करते नहीं दिखेगा। उसके आगे-पीछे जब तक आठ दस गाड़ियां न चलें तो शायद उसकी आत्मा को भी संतोष नहीं होगा। इसलिए प्रधानमंत्री ने अगर आम जनता से संयम बरतने की अपील की है तो हम उम्मीद करते हैं कि वह तत्काल अपनी सरकारों से अभी अपील करें कि उनके मंत्री फिजूलखर्ची रोकें और गाड़ियों के झुण्ड के साथ चलने का मोह खत्म करें। इस देश में जितनी फिजूलखर्ची मंत्री और अफसर करते हैं, उतनी कोई नहीं करता। कलेक्टर, एसपी आदि के साथ भी तीन-चार गाड़ियां चलती हैं। क्यों चलनी चाहिए? कलेक्टर-एसपी की सुरक्षा के लिए क्यों इतना तामझाम होना चाहिए? यह अपने आप में बड़ा अपव्यय है, जन धन का दुरुपयोग भी। अगर हमारे नेताओं और अफसर की फिजूलखर्ची ही रोक दी जाए तो मुझे लगता है, पेट्रोल-डीजल का संकट बहुत हद तक खत्म हो सकेगा।

प्रधानमंत्री की एक अपील और बड़ी जोरदार है कि आम लोग सोने की गैर जरूरी खरीदी न करें। अरे,सोना जब इतना महंगा हो गया है तो निम्न आयवर्गीय जनमानस उसे वैसे भी खरीदी कहां पा रहा? खरीदी का काम तो भ्रष्ट अफसर और नंबर दो की कमाई करने वाले नेता और उनके परिजन ही कर रहे हैं। आम आदमी तो सिर्फ रोज अखबार और टेलीविजन में सोने-चांदी के बढ़ते भाव को ही देख रहा है और सोच रहा है कि कब कीमतें कम हो, तब वह सोना खरीदने की हिम्मत करे। वैसे प्रधानमंत्री की अपील बेहद सामयिक है और वह आसन्न खतरे को महसूस भी कर रहे हैं। आज नहीं तो कल अगर ईरान और इजराइल का युद्ध खत्म नहीं हुआ, तो हो सकता है पेट्रोल डीजल की कीमतें बढ़ जाए। अभी तो सरकार में कीमतों को बढ़ाने पर रोक लगा कर रखी है। कल को हो सकता है वह भी विवश होकर हाथ पीछे खींच ले, फिर तो मजबूरी में लोगों को वही सब करना पड़ेगा जिसकी अपील प्रधानमंत्री ने की है। प्रधानमंत्री की अपील ने इस देश को आत्ममंथन के लिए भी मजबूर कर दिया है कि आखिर हम इतने दीनहीन कैसे हो गए ! इसलिए यह समय सापेक्ष चिंतन है कि धीरे-धीरे हम पेट्रोल पर निर्भर का खत्म करने की ओर बढ़े और पेट्रोल के विकल्पों पर विचार करें। इलेक्ट्रॉनिक गाड़ियों का इस्तेमाल अधिक से अधिक हो। इसके लिए यह भी जरूरी है कि सरकार उसमें पर्याप्त सब्सिडी दे। विदेश मुद्रा बचाना भी बहुत जरूरी है इसलिए अनावश्यक विदेश भ्रमण का कार्यक्रम स्थगित कर देना अपने आप में एक अच्छा कदम हो सकता है। प्रधानमंत्री ने एक महत्वपूर्ण बात यह भी कही कि देशभक्ति दिखाने के लिए देश के लिए बलिदान करना ही जरूरी नहीं, अगर हम आत्म संयम रखते हुए अपने अनावश्यक खर्चों में कटौती करें तो वह भी अपने आप में देशभक्ति है। निःसंदेह यह महत्वपूर्ण बात है। लेकिन जैसा कि मैंने पहले भी कहा, यह देशभक्ति हमारे नेता कब दिखाएंगे? खासकर वह नेता जो सत्ता में बैठे हुए हैं,जिनको महंगी से महंगी गाड़ियां चाहिए और उनके आगे पीछे चलने वाली गाड़ियों का काफिला भी। अगर इस देश के नेताओं की फिजूलखर्ची रोक दी जाए तो बहुत हद तक पेट्रोल डीजल की खपत का समाधान हो सकता है। लेकिन वहां कोई अंकुश नहीं है। वहाँ मनमानी चलती रहती है। प्रधानमंत्री की अपील देखकर हो सकता है अब सत्ता में बैठे अनेक छुटभैये मंत्री-विधायक भी जनता से फिजूलखर्ची रोकने की अपील करने लगें,क्योंकि यह प्रवृत्ति देखने में आ रही है कि अगर प्रधानमंत्री कोई अपील करते हैं तो उनकी पार्टी के छोटे-छोटे मंत्री भी फ़ौरन अपील करने लगते हैं। गोया प्रधानमंत्री की अपील का कोई अर्थ नहीं जब तक एक अदना-सा मंत्री भी अपील न करे। इस देश की जनता समझदार है। प्रधानमंत्री ने अपील की, मतलब वह भी आत्मसात करने की कोशिश करेगा। कोविड - काल में प्रधानमंत्री ने कहा था कि थाली बजाना है,तो पूरा देश थाली बजाने लगा था। नेता जब जनता से अपील करते हैं तो जनता हंसती है और कहती है कि पहले तुम तो शुरुआत करो। उम्मीद की जानी चाहिए कि प्रधानमंत्री ने जो समय सापेक्ष अपील की है, उसका पालन आम जनता तो करेगी ही करेगी। लेकिन सत्ता में बैठे मंत्री विधायक भी इस अपील को अपने जीवन में लागू करके दिखाएंगे। विपक्ष को तो मौका मिलना चाहिए ताकि वह किसी बात को पकड़कर आलोचना करने लगे। प्रधानमंत्री की अपील का मजाक उड़ाकर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि लोगों से अपील करके प्रधानमंत्री अपनी असफलता ही बता रहे हैं। उनके साथ दूसरे विपक्षी नेता भी सुर से सुर मिलाकर प्रधानमंत्री की आलोचना कर रहे हैं। सच कहें तो प्रधानमंत्री की अपील में दम है। आम जनता को संयम बरतते हुए अपने उन खर्चों में कटौती तो करनी ही चाहिए, जिस देश पर भार पड़ता है। लेकिन आमजन के साथ अगर सत्ता में बैठे हुए मंत्री विधायक भी इस कटौती का ईमानदारी से पालन करें, तो निःसंदेह देश खुशहाल हो सकता है।

अध्यात्म

## जीवन में कई आकर्षण मिलते हैं जो व्यक्ति को उसके लक्ष्य से भटका देते हैं

एक लोक कथा है। पुराने समय में एक राज्य का राजा बूढ़ा हो चुका था। उसके पास धन, शक्ति, सुख-सुविधाएं सब कुछ था, लेकिन एक चिंता उसे भीतर ही भीतर खाए जा रही थी, उसकी कोई संतान नहीं थी। उसे डर था कि उसके बाद राज्य का क्या होगा और कौन प्रजा की सही तरीके से देखभाल करेगा। इसी चिंता में उसने अपने गुरु से सलाह मांगी। गुरु ने कहा, 'राजन्, योग्य व्यक्ति खून के रिश्तों से नहीं, बल्कि अपने गुणों और धैर्य से पहचाना जाता है। आपको अपनी प्रजा में से ही किसी योग्य इंसान को उत्तराधिकारी चुनना चाहिए।' गुरु ने सही व्यक्ति का चयन करने का तरीका भी राजा को समझाया। राजा को यह बात उचित लगी। उसने तुरंत मंत्री को आदेश दिया कि पूरे राज्य में घोषणा करवा दी जाए- 'जो व्यक्ति कल सूर्यास्त से पहले राजमहल पहुंचकर राजा से मिलेगा, उसे राज्य का अगला उत्तराधिकारी बनाया जाएगा। ' यह समाचार पूरे राज्य में आग की तरह फैल गया। हर कोई राजा बनने का सपना देखने लगा। अगले दिन सुबह से ही हजारों लोग राजमहल की ओर चल पड़े, लेकिन महल के बाहर राजा ने एक विशाल मेले का आयोजन करवाया था। उस मेले में हर तरह के आकर्षण मौजूद थे। कहीं स्वादिष्ट पकवानों की खुशबू लोगों को रोक रही थी, कहीं नाच-गाने का आनंद लोगों को बांध रहा था। कई लोग खेलों में व्यस्त हो गए, तो कुछ शराब और मनोरंजन में खो गए। धीरे-धीरे लोग अपने असली उद्देश्य को भूलने लगे। वे वहीं रुककर आनंद लेने लगे और सोचने लगे कि थोड़ी देर बाद महल चले जाएंगे। इसी भीड़ में एक साधारण युवक भी था। उसने मेले को देखा, लोगों की भीड़ देखी, लेकिन उसके मन में सिर्फ एक बात थी- 'मुझे अपने लक्ष्य तक पहुंचना है।' उसने न खाने की ओर ध्यान दिया, न मनोरंजन की ओर। वह लगातार महल की ओर बढ़ता गया। महल के मुख्य द्वार पर पहरेदारों ने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन युवक ने हार नहीं मानी। उसने साहस और बुद्धिमानी से आगे बढ़ते हुए राजा के महल तक पहुंचने का रास्ता बना लिया। जब वह राजा के सामने पहुंचा, तो राजा मुस्कुराया और बोला, 'मुझे ऐसे ही व्यक्ति की तलाश थी, जो रास्ते के प्रलोभनों में फंसकर अपना लक्ष्य न भूल जाए।' उसी क्षण राजा ने उस युवक को राज्य का उत्तराधिकारी घोषित कर दिया। जीवन में सफलता उन्हीं लोगों को मिलती है, जो कठिनाइयों और आकर्षणों में उलझे बिना लक्ष्य की ओर बढ़ते रहते हैं।

# ट्रंप के अड़ियल रवैये के कारण दुनिया में ऊर्जा संकट का दौर

**वर्तमान समय को आने वाले वर्षों में शायद उस दिन के रूप में याद की जाएगी, जब दुनिया ने एक बार फिर महसूस किया कि कुछ शक्तिशाली देशों के राजनीतिक अहंकार और युद्धप्रिय नीतियाँ पूरी मानवता को संकट में धकेल सकती हैं। पश्चिम एशिया की धरती पर भड़की आग अब केवल मिसाइलों, बमों और सैनिकों तक सीमित नहीं रही है, बल्कि उसने पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था, ऊर्जा व्यवस्था और आम आदमी की रसोई तक को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव ने वैश्विक ऊर्जा बाजार को हिला दिया है। तेल और गैस की कीमतों में भारी उछाल ने पूरी दुनिया में भय, अस्थिरता और आर्थिक संकट का वातावरण बना दिया है। इस पूरे संकट के केंद्र में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का अड़ियल और टकरावपूर्ण रवैया सबसे अधिक चर्चा का विषय बना हुआ है।**

**डॉ. शैलेष शुक्ला**

पिछले कुछ महीनों से पश्चिम एशिया में लगातार सैन्य गतिविधियाँ बढ़ती जा रही थीं। ईरान और इज़राइल के बीच छद्म युद्ध पहले से ही जारी था, लेकिन जब अमेरिका खुलकर इस संघर्ष में उतर आया, तब हालात बेहद गंभीर हो गए। अमेरिका द्वारा ईरान पर लगाए गए नए आर्थिक प्रतिबंधों, समुद्री निगरानी और सैन्य दबाव ने पूरे क्षेत्र को युद्ध की दहलीज पर ला खड़ा किया। डोनाल्ड ट्रंप लगातार कठोर बयान देते रहे। उन्होंने कई बार सार्वजनिक मंचों से ईरान को 'पूर्ण समर्पण' करने की चेतावनी दी। उनका यह रवैया केवल राजनीतिक बयानबाजी तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उसने वैश्विक बाजारों में घबराहट पैदा कर दी। ऊर्जा विशेषज्ञों का मानना है कि आज दुनिया जिस ऊर्जा संकट की ओर बढ़ रही है, उसके पीछे सबसे बड़ा कारण तेल आपूर्ति मार्गों पर मंडराता युद्ध का खतरा है। फारस की खाड़ी और होरमुज़ जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में गिने जाते हैं। दुनिया के कुल तेल व्यापार का बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से गुजरता है। यदि यह मार्ग बाधित होता है, तो पूरी दुनिया में तेल की आपूर्ति प्रभावित होना तय है। यही कारण है कि जैसे-जैसे युद्ध की आशंका बढ़ी, वैसे-वैसे अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें भी तेजी से बढ़ने लगीं।

आज स्थिति यह है कि दुनिया के कई देशों में पेट्रोल और डीजल की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। परिवहन महंगा हो रहा है। विमान सेवाओं की लागत बढ़ रही है। बिजली उत्पादन पर दबाव बढ़ रहा है। उद्योगों की उत्पादन लागत बढ़ने लगी है। इसका सीधा असर आम नागरिकों की जेब पर पड़ रहा है। जो संकट अभी ऊर्जा क्षेत्र तक सीमित दिखाई दे रहा है, वह आने वाले समय में खाद्य संकट और महंगाई की सुनामी का रूप ले सकता है।

भारत जैसे विकासशील देशों के लिए यह संकट विशेष रूप से चिंताजनक है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा विदेशों से आयात करता है। यदि तेल की कीमतें लगातार बढ़ती रहीं, तो देश में पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस और दैनिक उपयोग की वस्तुएँ महंगी हो जाएँगी। परिवहन खर्च बढ़ने से फल, सब्जियाँ, अनाज और अन्य आवश्यक वस्तुओं के दाम भी बढ़ सकते हैं। इससे आम मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों की आर्थिक स्थिति पर भारी असर पड़ेगा।विशेषज्ञों का कहना है कि दुनिया एक बार फिर उन्नीस सौ तिहत्तर जैसे वैश्विक तेल संकट की ओर बढ़ सकती है। उस समय भी पश्चिम एशिया में तनाव के कारण तेल की कीमतों में भारी उछाल आया था और पूरी दुनिया आर्थिक मंदी की चपेट में आ गई थी। आज हालात उससे भी अधिक खतरनाक दिखाई दे रहे हैं, क्योंकि अब दुनिया की अर्थव्यवस्था पहले से कहीं अधिक ऊर्जा पर निर्भर हो चुकी है। युद्ध के कारण समुद्री व्यापार पर भी गंभीर असर पड़ रहा है। तेल ले जाने वाले जहाजों की सुरक्षा लागत बढ़ गई है। बीमा कंपनियाँ भारी प्रीमियम वसूल रही हैं। कई जहाज कंपनियाँ युद्ध क्षेत्र से गुजरने में डर महसूस कर रही



हैं। यदि यह स्थिति लंबे समय तक बनी रही, तो अंतरराष्ट्रीय व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो सकता है। इसका असर केवल तेल तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इलेक्ट्रॉनिक सामान, खाद्यान्न, दवाइयों और रोजमर्रा की वस्तुओं की आपूर्ति भी प्रभावित हो सकती है। यूरोप इस संकट से बेहद परेशान दिखाई दे रहा है। रूस और यूक्रेन युद्ध के बाद यूरोप पहले ही ऊर्जा संकट से जूझ रहा था। अब पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव ने उसकी चिंताएँ और बढ़ा दी हैं। कई यूरोपीय देशों में गैस और बिजली की कीमतें पहले से ही ऊँचे स्तर पर हैं। उद्योगों की लागत बढ़ रही है। कई कारखाने उत्पादन घटाने पर मजबूर हो रहे हैं। यदि यह संकट लंबा खिंचता है, तो यूरोप में बेरोजगारी और आर्थिक मंदी का खतरा और बढ़ सकता है। चीन, भारत, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे एशियाई देशों की स्थिति भी आसान नहीं है। ये देश ऊर्जा आयात पर अत्यधिक निर्भर हैं। यदि पश्चिम एशिया में युद्ध और बढ़ता है, तो एशिया की आर्थिक वृद्धि प्रभावित हो सकती है। दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में अस्थिरता बढ़ सकती है। शेयर बाजारों में गिरावट आ सकती है। निवेशकों का विश्वास कमजोर पड़ सकता है।

इस पूरे संकट का एक और बड़ा पहलू यह है कि अब युद्ध केवल बंदूकों और मिसाइलों से नहीं लड़े जाते। आज ऊर्जा स्वयं एक हथियार बन चुकी है। तेल और गैस की आपूर्ति रोककर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को झकझोरा जा सकता है। यही कारण है कि ऊर्जा मार्गों पर नियंत्रण को लेकर इतनी तीखी प्रतिस्पर्धा दिखाई दे रही है।

विश्लेषकों का मानना है कि यदि होरमुज़ जलडमरूमध्य पूरी तरह बंद हो गया, तो दुनिया में तेल की कीमतें ऐतिहासिक स्तर पर पहुँच सकती हैं। इससे वैश्विक महंगाई बेकाबू हो सकती है। गरीब और विकासशील देशों की अर्थव्यवस्था चरमरा सकती है। कई देशों में राजनीतिक अस्थिरता और सामाजिक अशांति बढ़ सकती है। दुनिया के कई बुद्धिजीवी और शांति समर्थक संगठन लगातार यह कह रहे हैं कि युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं है। यदि अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम नहीं हुआ, तो इसका नुकसान केवल दोनों देशों तक सीमित नहीं रहेगा। पूरी दुनिया इसकी कीमत चुकाएगी। आज भी दुनिया कोरोना महामारी और विभिन्न युद्धों के आर्थिक प्रभावों से पूरी तरह उबर नहीं पाई है। ऐसे समय में नया ऊर्जा संकट वैश्विक अर्थव्यवस्था को गहरे अंधकार में धकेल सकता है।इस संकट का सबसे दुखद पहलू यह है कि दुनिया की राजनीति में मानवीय संवेदनाएँ लगातार कमजोर होती दिखाई दे रही हैं। आम नागरिक महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक संकट से जूझ रहा है, लेकिन शक्तिशाली देशों के नेता शक्ति प्रदर्शन और राजनीतिक प्रभुत्व की लड़ाई में व्यस्त हैं। युद्ध से सबसे अधिक लाभ हथियार उद्योगों और बड़ी ऊर्जा कंपनियों को होता है, जबकि आम जनता केवल पीड़ा, महंगाई और असुरक्षा झेलती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि संयुक्त राष्ट्र और विश्व समुदाय सक्रिय भूमिका निभाएँ। भारत, चीन, यूरोपीय संघ और अन्य प्रमुख देशों को मिलकर मध्यस्थता करनी चाहिए। यदि समय रहते शांति स्थापित नहीं हुई, तो आने वाले महीनों में दुनिया एक ऐसे आर्थिक तूफान का सामना कर सकती है, जिसकी मार दशकों तक महसूस की जाएगी।डोनाल्ड ट्रंप का अड़ियल रवैया आज पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बन चुका है। उनकी आक्रामक विदेश नीति ने पश्चिम एशिया को बारूद के ढेर पर ला खड़ा किया है। यदि यह आग और भड़की, तो केवल एक क्षेत्र नहीं, बल्कि पूरी मानवता इसकी चपेट में आ जाएगी। आज दुनिया को युद्ध नहीं, बल्कि समझदारी, संवाद और शांति की आवश्यकता है। क्योंकि जब ऊर्जा संकट पैदा होता है, तब उसका असर केवल तेल के दामों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वह हर घर की रसोई, हर परिवार की आर्थिक स्थिति और हर देश की स्थिरता को प्रभावित करता है। इतिहास गवाह है कि युद्ध कभी स्थायी समाधान नहीं देते। वे केवल विनाश, महंगाई और अस्थिरता छोड़ जाते हैं। आज पूरी दुनिया उसी मोड़ पर खड़ी है, जहाँ एक गलत निर्णय मानवता को भारी संकट में धकेल सकता है। अब यह विश्व नेतृत्व पर निर्भर करता है कि वह अहंकार और शक्ति प्रदर्शन का रास्ता चुनता है या फिर शांति और सहयोग का।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
मन किसी भी काम में अच्छे से नहीं लगेगा। यदि आवश्यक न हो तो लेन-देन के मामलों में दूरी बनाकर रखें। तनाव की वजह से नींद बाधित हो सकती है।

**वृषभ**
व्यापार में आपको लाभ की प्राप्ति होगी। दूसरों की सहायता करने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। राजनैतिक मामलों में थोड़ी सावधानी रखें।

**मिथुन**
जीवनसाथी के साथ रिश्ते और मजबूत होंगे। घर में लटके हुये कार्यों को आप पूरा करने का प्रयास करेंगे। समाज में आपके व्यक्तित्व की प्रशंसा होगी।

**कर्क**
आपके पास काफी काम रहने वाला है। दाम्पत्य जीवन में थोड़ी समस्या होने की सम्भावना है। गैस और एसीडिटी के कारण आपको परेशानी हो सकती है।

**सिंह**
किसी आवश्यक काम में आपको अधिकाधिक धन खर्च करना पड़ सकता है। किसी से अधिक अपेक्षा न करें। आपको मेहनत अधिक मात्रा में करनी पड़ेगी।

**कन्या**
कर्जों को उतारने में सफलता मिलेगी। जीवनसाथी के साथ घूमने जा सकते हैं। महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति हो सकती है।

**तुला**
पहले की तुलना में दिन अच्छा रहेगा। कठिन समस्याओं का हल निकलेगा। स्वार्थ की भावना के कारण लोग आपसे दूरी बना सकते हैं।

**वृश्चिक**
कार्यक्षेत्र की व्यवस्था में परिवर्तन की कुछ योजना बना सकते हैं। शंकालु स्वभाव के कारण हानि हो सकती है। परिजनों का भरपूर सहयोग मिलेगा।

**धनु**
परिवार के सभी सदस्य आपसे प्रसन्न रहेंगे। धन सम्बन्धी मामलों में गतिहीनता आने की सम्भावना है। गलत कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं। अतिरिक्त जिम्मेदारी लेने से बचें।

**मकर**
आपके मन की कोई इच्छा पूर्ण हो सकती है। किसी रिश्तेदार के मिलने से आपका दिन बहुत ही अच्छी तरह बीतेगा। मेहनत का पूर्ण फल आपको प्राप्त होगा। रुचि अनुसार कार्य मिलने से सन्तुष्ट रहेंगे।

**कुंभ**
परिवार की जिम्मेदारियाँ आपको निभानी पड़ेंगी। सिरदर्द और बुखार जैसी समस्या हो सकती है। अपने जीवनस्तर को अच्छा बनाने का प्रयास करें।

**मीन**
व्यवसाय पर आप विशेष ध्यान देने वाले हैं। बच्चे पढ़ाई को लेकर गम्भीर रहेंगे। मन में नयी योजनायें उत्पन्न होंगी। अपने जीवनस्तर में परिवर्तन ला सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार इन्स्टीच्यूट ऑफ लॉ के फी लीगन एड क्लिनीक की ओर से नि:शुल्क विधिक सहायता शिविर का आयोजन



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार इन्स्टीच्यूट ऑफ लॉ के फी लीगन एड क्लीनीक की ओर से चाँद कॉलोनी, गायघाट, पटना-7 में एक नि:शुल्क विधिक सहायता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के सफल आयोजन में इरशाद अली आजाद, चेयरमैन, बिहार स्टेट शिया वक्फ बोर्ड, पटना का विशेष सहयोग रहा। शिविर में बिहार इन्स्टीच्यूट ऑफ लॉ के निदेशक, डा. अरूण श्रीवास्तव, प्राचार्या, डा. अमृता एवं विभागध्यक्ष, डा. फरहत जबीन एवं विधिक कानूनी सहायता केन्द्र के सदस्यगण, छात्र-छात्राओं के साथ सक्रीय रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता को विधिक जागरूकता प्रदान करना तथा नि:शुल्क कानूनी सलाह सहायता के रूप में उपलब्ध कराना था।

### आर.पी.एस. लॉ कॉलेज में 'भारतीय विधानमंडल में महिला आरक्षण' पर सेमिनार का आयोजन



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आर.पी.एस. लॉ कॉलेज में 15 मई को 'भारतीय विधानमंडल में महिला आरक्षण' विषय पर सेमिनार का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. मनमोहन मुरारी ने की। उन्होंने लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी को जरूरी बताया। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश श्री अशोक कुमार सिंह ने इसके कानूनी व संवैधानिक पहलुओं पर प्रकाश डाला। इससे पूर्व, डॉ. महेश प्र. सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। सेमिनार को सफल बनाने में प्रो. सुधीर कुमार, प्रो. अशिम कुमार सिन्हा, प्रो. राजेश कुमार और प्रो. प्रखर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र व शिक्षक उपस्थित थे।

### ट्रेन से उतरते समय युवक की कटकर मौत

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना-गया रेल खंड के पुनपुन रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। जहाँ ट्रेन से उतरने के दौरान एक अज्ञात व्यक्ति की कटकर मौत हो गई। जीआरपी थाना अध्यक्ष सोनू कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि पुनपुन स्टेशन पर किसी अज्ञात ट्रेन से उतरने के दौरान एक व्यक्ति हादसे का शिकार हो गया है। मौके पर पहुंची रेल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जीआरपी थाने ले आई है। मृतक की उम्र करीब 35-40 वर्ष बताई जा रही है। फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्रथम दृष्टया ट्रेन से उतरते समय संतुलन बिगड़ने से हादसा हुआ प्रतीत होता है। किस ट्रेन से व्यक्ति उतर रहा था, इसकी जांच की जा रही है। आसपास के थानों में गुमशुदगी की सूचना भेजकर मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

### नली-गली विवाद में जानलेवा हमला, पीएमसीएच रेफर

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ अनुमंडल के भदौर थाना क्षेत्र के बेनुआबसार गाँव में गली नली विवाद को लेकर कुछ लोगों ने एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला कर दिया। छत पर से जमकर ईट बरसाए गए, जिससे एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति को गंभीर अवस्था में परिजनों द्वारा बाढ़ के अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया, जहां प्राथमिक चिकित्सा के बाद उसे पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पहले से चले आ रहे नली गली विवाद को लेकर दशरथ पासवान के ऊपर हमला हुआ। इस मामले में भदौर थाना को सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुटी हुई है। यह घटना देर शाम लगभग साढ़े 7 बजे की बताई जा रही है। मामले में भदौर थाना की पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मामले में शामिल 14 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है जिसे जेल भेज दिया है।

### सड़क चौड़ीकरण को लेकर अतिक्रमण हटाया गया

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रूपस गांव से लेकर कचहरी चौक पर शुक्रवार के दिन मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनाती में ठल 31 के चौड़ीकरण कार्य को लेकर अतिक्रमण अभियान चलाया गया इस अभियान में सड़क निर्माण कंपनी के पदाधिकारी सहित अंचला अधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह और मजिस्ट्रेट अमित कुमार सहित कई पदाधिकारी के द्वारा जेसीबी मशीन के माध्यम से सड़क किनारे से अतिक्रमण हटाया गया। बीपीआरओ अमित कुमार ने बताया कि 2 दिन पूर्व से ही अतिक्रमण को चिन्हित करते हुए लोगों को सूचित कर दिया गया था। खुद के द्वारा नहीं तोड़े जाने पर जेसीबी मशीन से तोड़ा जाएगा और अतिक्रमण हटाने के स्थिति में राशि भी आर्थिक दंड भी वसूला जाएगा। जिसको लेकर ग्रामीण सतर्क नजर आए कुछ ग्रामीणों के द्वारा खुद ही अतिक्रमण को खाली कराया गया वहीं कई जगह प्रशासन के द्वारा अतिक्रमण को हटाया गया।

### दो महिलाओं को सांप ने काटा

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडलीय अस्पताल में शनिवार के दिन दो महिलाओं को सर्पदंश के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया पहली घटना बाढ़ थाना क्षेत्र के दया चक मोहल्ला निवासी 22 वर्षीय पूजा कुमारी पति रविशंकर कुमार को सांप ने काटा वहीं 45 वर्षीय गीता देवी पति स्वर्गीय राजकुमार तांति काजी मोहल्ला की रहने वाली है दोनों महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों के द्वारा इलाज की गई हालांकि दोनों महिला की हालत खतरे से बाहर है।

### लड़की ने गुस्से में खायी नींद की गोलियां, अस्पताल में भर्ती

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडलीय अस्पताल में एक 16 वर्षीय लड़की खुशी कुमारी ग्वासा शेखपुरा निवासी ने गुस्से में घर में रखे नींद की छे गोलियां एक साथ खा ले कुछ देर के बाद लड़की को बेचैनी होने लगी तो परिजनों के द्वारा उसे जल्दबाजी में अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया किस कारण से लड़की ने नींद की गोली खाई यह परिजन नहीं बता रहे हैं वहीं चिकित्सकों ने लड़की का इलाज करना शुरू कर दिया है चिकित्सकों ने बताया कि ज्यादा नींद की गोली एक साथ खाना खतरनाक भी साबित हो सकता है।

### ससुर और साला ने मिलकर दामाद का उंगली काटा

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिचली मलाही काली स्थान निवासी उमेश महतो का 28 वर्षीय पुत्र राजेश कुमार की शादी पटना बेगमपुर बेलदारी टोला में हुई थी अक्सर वह ससुराल जाया करता था लेकिन कुछ बात को लेकर ससुराल वाले ने दामाद को मारपीट कर दो दिनों तक बंद कमरा में रखा और जब दामाद किसी तरह भाग निकला तो उसे पकड़कर मारपीट की इस दौरान नारियल काटने वाले दाव से दामाद का हाथ की एक उंगली काट कर जख्मी कर दिया पुलिसमामले की छानबीन कर रही हैं/

### नहाने के क्रम में गंगा नदी में किशोर डूबा



**फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फतुहा थाना क्षेत्र के मस्ताना गंगा घाट पर नहाने के क्रम में एक किशोर गंगा नदी में डूब गया। उक्त किशोर की पहचान रसलपुर गांव निवासी अखिलेश यादव का पुत्र साहिल कुमार के रूप में की गई है ।घटना के संबंध में बताया जाता है थाना क्षेत्र के मस्ताना घाट पर रसलपुर गांव निवासी अखिलेश यादव का पुत्र साहिल कुमार15 वर्ष अपने कुछ परिजनों के साथ श्राद्ध कर्म के पश्चात पीपल में जल देने के लिए आया था। जहां स्नान करने के क्रम में वह गहरे पानी में चला गया और गंगा नदी में डूब गया । घटना के बाद परिजनों द्वारा पुलिस को सूचना दिया गया पुलिस द्वारा स्थानीय गोताखोरो एवं एस डी आर एफ टीम द्वारा गंगा नदी उक्त किशोर का शव कि खोज कि जा रही है।

### पिस्टल दिखाकर गांव में दहशत फैलाने वाला युवक गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लहसुना थाना क्षेत्र के निशियावां गांव में पिस्टल दिखाकर लोगों को डराने-धमकाने वाले एक युवक को पुलिस ने अवैध देसी कट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। लहसुना थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया कि आरोपी धर्मवीर कुमार, पिता स्वर्गीय मुनेशी बिंद उर्फ मुकेश बिंद, निवासी निशियावां गांव, लंबे समय से अपने गांव में पिस्टल दिखाकर दहशत फैलाने का काम कर रहा था। ग्रामीणों की लगातार मिल रही शिकायतों का सत्यापन करने के बाद पुलिस ने टीम गठित कर बीती रात उसके घर छापेमारी की।

# बुद्धुआचक गांव कभी भी हो सकता है म्हाने नदी में विलीन

**जल संसाधन विभाग की लापरवाही से कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा**





**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड अधीन ग्राम पंचायत राज करजान का बुद्धुआचक गांव जल संसाधन विभाग की लापरवाही से कभी भी म्हाने नदी में विलीन हो सकता है। जिससे हजारों की आबादी और सैकड़ों घरों के भविष्य पर संकट का बादल मंडराने लगा है। ज्ञात हो कि पूरा गांव म्हाने नदी के किनारे बसा है। जिसमें प्राथमिक विद्यालय बुद्धुआचक भी शामिल है। हर साल म्हाने नदी में पानी आने पर बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। जिससे बचाव के लिए लाखों की लागत से प्रत्येक वर्ष बांध के किनारे बालू भरे पैकेट्स डाले जाते हैं। लेकिन सही तरीके से कार्य नहीं करने के कारण नदी की चौड़ाई (फान) बढ़ते हुए अब रिहायशी क्षेत्र में जा सटा है। पिछले वर्ष किए गए कार्य में कोताही के कारण एक मकान और कई बिजली के पोल नदी में समाहित हो गए। इसके बावजूद भी विभाग की तंद्रा भंग नहीं हो रही हैं। ग्रामीणों ने बताया कि विभाग के अधिकारी और संवेदक कार्य में कोताही कर पैसे का बंदरबांट कर लेते हैं। जिससे व्यवस्थित तरीके से कार्य नहीं हो पाता है। कभी बांस तो कभी लकड़ी के खंभे के सहारे कटाव रोकने का प्रयास किया जाता है। जो सफल नहीं हो पाता है। जब ग्रामीणों द्वारा आवाज उठाई जाती है तो प्रशासन की धमकी देकर उन्हें चुप करा दिया जाता है। उन्होंने बताया कि ढलाई पिलर या दीवार देने के बाद अगर बालू भरे पैकेट्स डाले जाएंगे तभी कटाव रुकेगा और हम सुरक्षित रह सकते हैं।पुरुष के साथ महिलाओं ने भी मिडिया के माध्यम से विभाग को आगाह किया कि इस बार कार्य में लापरवाही हुई तो कार्य का पुरजोर विरोध करते हुए आंदोलन का रुख अख्तियार किया जाएगा। क्योंकि भराव के मिट्टी भी अलग से नहीं लाकर उसी में से काट ली जाती है। इसकी जानकारी जनप्रतिनिधि और स्थानीय प्रशासन को देने के बाद भी सभी मौन हैं। संवेदक संजय सिंह ने दूरभाष पर बताया कि प्राक्कलन के अनुसार ग्रामीणों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कार्य किया जाएगा। किसी तरह की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। क्योंकि विभाग के अधिकारियों के साथ ही खुद भी इसकी देखरेख कर रहा हूं। जल संसाधन विभाग बख्तियारपुर के सहायक अभियंता दिलीप कुमार ने बताया कि समय दर समय कार्य का निरीक्षण किया जा रहा है। कटाव से बचाव के लिए सभी जरूरी उपाय किए जाएंगे। प्राक्कलन राशि निर्देशित बोर्ड नहीं लगाए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा ऐसा कोई निर्देश नहीं है।लेकिन ग्रामीणों की मांग पर यहां लगाने का प्रयास किया जाएगा। बहरहाल देखना यह लाजमी होगा कि जल संसाधन विभाग ग्रामीणों को संतुष्ट और सुरक्षित रखने में किस हद तक कारगर साबित होता है। क्योंकि बारिश का मौसम आने वाला है। और नदी का विकराल स्वरूप लोगों को भयभीत होने पर मजबूर कर रहा है।

## ए.एन. कॉलेज में एनएसएस और उपहम इंटरनेशनल कॉरपोरेशन के सहयोग से 'सड़क सुरक्षा युवा सम्मेलन' संपन्न



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ए.एन. कॉलेज, पटना की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं उपहम इंटरनेशनल कॉरपोरेशन के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को कॉलेज के पुस्तकालय सभागार में "सड़क सुरक्षा युवा सम्मेलन" विषय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में सड़क सुरक्षा के प्रति चेतना जागृत करना तथा 'सुरक्षित सड़कें, सशक्त युवा, बेहतर कल' के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना था। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. शैलेश कुमार सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, युवा शक्ति ही राष्ट्र की असली पूंजी है। सड़क पर थोड़ी सी सावधानी हजारों जीवन बचा सकती है। नियमों का पालन करना कायरता नहीं, जिम्मेदारी है। डॉ. नवीन कुमार ने सड़क सुरक्षा के चार आधारभूत नियमों - सीटबेल्ट का प्रयोग, हेलमेट की अनिवार्यता, नियंत्रित गति एवं वाहन चलाते समय मोबाइल से दूरी- पर विस्तृत जानकारी दी। उपहम इंटरनेशनल कॉरपोरेशन की मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती अनु गोयल, महाप्रबंधक यातायात सुरक्षा ने सड़क दुर्घटनाओं के चिंताजनक आंकड़े साझा किए। उन्होंने बताया कि देश में प्रतिदिन 400 से अधिक लोगों की मृत्यु सड़क हादसों में होती है, जिनमें 18 से 35 वर्ष के युवाओं की संख्या सर्वाधिक है। डॉ. नवीन कुमार ने सभी उपस्थित विद्यार्थियों को जिम्मेदार बनें, जागरूक रहें, सुरक्षित रहें की शपथ दिलाई।

### मानदेय वृद्धि की मांग पर सफाईकर्मियों का हल्ला बोल

## दूसरे दिन भी झाड़ू-तख्ती लेकर निकाला विरोध मार्च

**पुरुष को 310, महिला को 270 रुपयेः भेदभाव का आरोप, 448 रुपये प्रतिदिन की मांग**



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद के आउटसोर्सिंग सफाईकर्मियों ने मानदेय बढ़ाने और संवेदक की मनमानी के खिलाफ दूसरे दिन भी हल्ला बोल जारी रखा। शनिवार को हाथों में झाड़ू व तख्तियां लेकर सैकड़ों सफाईकर्मी शहर में विरोध मार्च पर निकले। हड़ताल के कारण शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है, जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हैं। आक्रोशित सफाईकर्मियों का आरोप है कि संवेदक की मनमानी के कारण 2016 से काम करने के बावजूद उनका मानदेय नहीं बढ़ाया गया। पुरुष सफाईकर्मी को 310 रुपये और महिला सफाईकर्मी को 270 रुपये प्रतिदिन दिया जा रहा है। कर्मियों ने इसे भेदभाव बताते हुए सभी 110 आउटसोर्सिंग कर्मियों को समान रूप से 448 रुपये प्रतिदिन मानदेय देने की मांग की है। विरोध प्रदर्शन में शामिल सुनीता देवी, चांदनी कुमारी, उषा देवी, संगीता देवी, सुधिया देवी, कांति देवी, रानी देवी, रेणु देवी, अमरजीत, रोशन, निक्की समेत अन्य कर्मियों ने कहा, "2016 से मसौढ़ी शहर में सफाई कर रहे हैं, लेकिन मजदूरी नहीं बढ़ी। रविवार को भी छुट्टी नहीं मिलती। पर्व-त्योहार में काम करने के बाद भी पैसा काट लिया जाता है। यह संवेदक की तानाशाही है। सफाईकर्मियों ने चेतावनी दी है कि जब तक मानदेय वृद्धि और भेदभाव खत्म करने की मांग पूरी नहीं होगी, शहर में अनिश्चितकालीन काम ठप रहेगा। मांग पूरी न होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा। दो दिनों से चल रही हड़ताल से शहर में जगह-जगह गंदगी फैल गई है। नालियां जाम हैं और कचरा सड़कों पर बिखरा पड़ा है, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है।

## टी पी एस कॉलेज में 'झंकार' का आयोजन

**प्रतिभाओं का सुरमय उत्सवः प्रो. शांडिल्य**




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** टीपीएस कॉलेज, पटना में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम 'झंकार-2025-26' दिनांक 16 मई 2026 को दिनकर सभागार में अत्यंत उत्साह एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य प्रो. (डॉ.) तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि झंकार केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि पायल की मधुर झंकार से लेकर आधुनिक संगीत की लहरियों तक फैला एक जीवंत सांगीतिक संगम है, जो छात्र-छात्राओं की प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य का मार्ग भी प्रशस्त करता है। आईक्यूएसी समन्वयक प्रो. (डॉ.) रूपम ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के शैक्षणिक महत्व पर प्रकाश डाला, वहीं सांस्कृतिक समिति की सचिव डॉ. सानंदा सिन्हा ने सभी कलाकारों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। डॉ. नूपुर के प्रभावशाली मंच संचालन में कार्यक्रम की शुरूआत अपर्णा द्वारा प्रस्तुत 'सत्यम शिवम सुंदरम' से हुई। साक्षी ने कथक शैली में सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रिया, स्नेहा, संजना, वैष्णवी, सौम्या एवं शालिनी की कजरी प्रस्तुति, वैष्णवी, महिमा, कृतिका, संघमित्रा एवं शैलजा के विदेशिया एवं लोक नृत्य, मिहिका के सेमी-क्लासिकल नृत्य, दुर्गेश नंदिनी के एकल नृत्य तथा अभिषेक के आधुनिक नृत्य ने दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। सौरभ झा एवं अच्युतानंद के काव्य-पाठ, निशा के छठ गीत, डॉ. सुशोभन पलाधी के तबला वादन तथा नृत्य प्रशिक्षक जितेंद्र चौरसिया द्वारा प्रस्तुत शिव आराधना नृत्य ने पूरे कार्यक्रम को यादगार बना दिया। समापन अवसर पर प्राचार्य प्रो. (डॉ.) तपन कुमार शांडिल्य ने सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया तथा प्रो. रिमझिम शील ने बायोटेक की छात्रा वैष्णवी को 'बेस्ट स्टूडेंट' का प्रमाण-पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर कॉलेज इंस्पेक्टर प्रो. कृष्णनंदन प्रसाद सहित अनेक शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### वट सावित्री पूजा के दौरान बरगद के पेड़ में लगी भीषण आग

**फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फतुहा स्थानीय प्रखंड कार्यालय परिसर से एक बड़ी दुर्घटना की खबर सामने आई है, जहां वट सावित्री पूजा के दौरान एक बरगद के पेड़ में भीषण आग लग गई। घटना के बाद प्रखंड परिसर में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। शनिवार को वट सावित्री व्रत के अवसर पर प्रखंड परिसर में स्थित प्राचीन बरगद पेड़ के पास सुबह से ही सुहागिन महिलाओं की भारी भीड़ जुटी थी। महिलाएं पति की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना के साथ पेड़ के चारों ओर कच्चा सूत (धागा) लपेटकर परिक्रमा कर रही थीं। इसी दौरान पूजा के लिए जलाए गए घी के दीये की लौ के कारण पेड़ में बंधे सूखे धागों के संपर्क में आ गई। कच्चा सूत होने के कारण आग ने बेहद तेजी से विकराल रूप ले लिया। पेड़ के तने पर लपेटे गए सैकड़ों धागे धू-धू कर जलने लगे। आग की लपटें उठती देख पूजा कर रही महिलाओं और श्रद्धालुओं में चीख-पुकार मच गई।

## मसौढ़ी में नवविवाहिता की हत्या कर शव किया गायब, ससुराल वाले फरार

**पिता का आरोपः नशेड़ी पति का अवैध संबंध बना हत्या की वजह**



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के जिलालबीघा गांव में एक नवविवाहिता की हत्या कर शव छुपाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतका के पिता ने ससुराल वालों पर हत्या कर शव गायब करने का आरोप लगाया है। सूचना पर पुलिस दलबल के साथ गांव पहुंची और जांच शुरू कर दी है। मृतका की पहचान माधुरी कुमारी, पिता मिथिलेश कुमार, निवासी भगवान खंदा, मखदुमपुर टेहटा, जहानाबाद के रूप में हुई है। पिता मिथिलेश कुमार ने बताया कि उन्होंने मार्च 2024 में बेटी माधुरी की शादी जिलालबीघा गांव निवासी सीताराम यादव के बेटे सूरज कुमार से की थी। शादी के कुछ दिन बाद से ही ससुराल वाले माधुरी को प्रताड़ित करने लगे। मिथिलेश कुमार ने बताया, शनिवार की दोपहर तकरीबन 12 बजे सूचना मिली कि बेटी की हत्या कर शव छुपा दिया गया है। जब हम लोग जिलालबीघा पहुंचे तो घर में कोई सदस्य नहीं था। बैरमचक के एक लड़की से उसका अवैध संबंध भी था। मुझे आशंका है कि उसी के चलते मेरी बेटी की हत्या कर शव को ठिकाने लगाने के लिए छुपा दिया गया है। थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि पीड़ित पक्ष के द्वारा अभी कोई लिखित आवेदन नहीं दिया गया है लेकिन सूचना के आधार पर दहेज प्रताड़ना, हत्या और साक्ष्य छुपाने की धाराओं में जांच की जा रही है। आरोपी सूरज कुमार समेत ससुराल पक्ष के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी गई है।

## पटना में 'सेप्सिस हडल 2026' सीएमई का सफल आयोजन



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिग अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल में आज इंडियन सोसाइटी ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन (क्उउट), पटना के सहयोग से एक दिवसीय नेशनल सीएमई सेप्सिस हडल अपडेट 2026 का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य डॉक्टरों को सेप्सिस के इलाज और प्रबंधन की आधुनिक तकनीकों से अवगत कराना था। आयोजन टीम के अध्यक्ष डॉ. निकेश कुमार रोशन, सचिव डॉ. रवि रंजन और सह-सचिव डॉ. अभय कुमार की देखरेख में आयोजित इस विशेष लर्निंग सेशन में बिहार और अन्य राज्यों के कई चिकित्सकों ने हिस्सा लिया। जिसमें आईजीआईएमएस पटना की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रितु सिंह ने कार्यक्रम के पैट्रन (संरक्षक) के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इस संगोष्ठी में देश के जाने-माने क्रिटिकल केयर विशेषज्ञों ने बतौर नेशनल फैकल्टी शिरकत की, जिसमें बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, दिल्ली के प्रिंसिपल डायरेक्टर डॉ. राजेश पांडे; सर गंगा राम हॉस्पिटल, रिम्स रांची के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. जय प्रकाश शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा विशेषज्ञों ने सेप्सिस के नवीनतम 2026 दिशानिर्देशों, कोड सेप्सिस प्रोटोकॉल और एंटीमाइक्रोबियल स्टीवर्डशिप (एंटीबायोटिक दवाओं के सही इस्तेमाल) जैसे गंभीर विषयों पर विस्तार से चर्चा की। इसके साथ ही वास्तविक मेडिकल केसेस पर मंथन किया गया, ताकि गंभीर मरीजों को त्वरित और सटीक इलाज देकर उनकी जान बचाई जा सके।

### रेल एसपी आनंद कुमार राय ने किया तारेगना जीआरपी थाने का वार्षिक निरीक्षण



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेल पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार राय ने शनिवार को तारेगना जीआरपी थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना अभिलेख, दैनिक कांड पंजी, हाजत, मालखाना, बीट व्यवस्था और लंबित कांडों की गहन समीक्षा की। रेल एसपी ने थाना परिसर की साफ-सफाई, शस्त्रागार, सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली और पुलिसकर्मियों की उपस्थिति पंजी का भी जायजा लिया। उन्होंने लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन, यात्रियों की सुरक्षा और ट्रेनों में अपराध नियंत्रण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान रेल एसपी ने जीआरपी थानाध्यक्ष सोनु कुमार को निर्देश दिया कि प्लेटफॉर्म व ट्रेनों में गश्ती बढ़ाई जाए।

## मेदांता हॉस्पिटल पटना ने भारत के पहले स्वदेशी माइट्रल क्लिप में बड़ी सफलता हासिल की

**गंभीर हृदय और किडनी की बीमारी से जूझ रही 76 वर्षीय मरीज को मिली नई ज़िंदगी**




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मेदांता हॉस्पिटल, पटना ने एक 76 वर्षीय महिला का सफलतापूर्वक इलाज किया है, जो गंभीर किडनी की बीमारी, एनीमिया और हृदय की गंभीर बीमारी से पीड़ित थीं। इस इलाज के लिए भारत में ही विकसित पहले माइट्रल क्लिप डिवाइस-माइट्रल क्लिपका इस्तेमाल किया गया। यह भारत में हृदय रोगों के उन्नत इलाज को ज्यादा लोगों तक पहुंचाने और उसे किफायती बनाने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। तीन सालों से, मरीज को सांस लेने में गंभीर तकलीफ, पैरों में सूजन और बहुत ज्यादा थकान जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ा, । उन्हें 'गंभीर माइट्रल रीगर्जिटेशन' की बीमारी का पता चला,यह हृदय के वाल्व से जुड़ी एक ऐसी स्थिति है जिसमें हृदय के अंदर रक्त पीछे की ओर लीक होने लगता है, जिससे लक्षण और भी गंभीर हो जाते हैं और 'हार्ट फेलियर' का खतरा बढ़ जाता है। ओपन-हार्ट सर्जरी या हृदय प्रत्यारोपण (हार्ट ट्रांसप्लांट) जैसे पारंपरिक इलाज के विकल्प बहुत ज्यादा जोखिम भरे थे, और मरीज की उम्र तथा अन्य स्वास्थ्य समस्याओं को देखते हुए इन पर विचार नहीं किया गया।

## किताबों से करो इश्क, जिंदगी संवर जाएगीः कम उम्र में प्रेम प्रसंग में फंस रही बेटियों को थानेदार बेबी कुमारी ने दिखाई राह

शशि तुलस्यान

**पुनपुन के पैमार घाट मांझी टोला में चलाया जागरूकता अभियान**



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 'उम्र पढ़ने-लिखने की है, अभी से प्रेम प्रसंग में पड़कर अपना करियर बर्बाद मत करो।' यह संदेश लेकर पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी शुक्रवार को पैमार घाट मांझी टोला पहुंचीं। यहां कम उम्र में ही लड़कियों के प्रेम प्रसंग में फंसकर पढ़ाई छोड़ने के बढ़ते मामलों को देखते हुए थानाध्यक्ष ने खुद पहल कर जागरूकता कार्यक्रम चलाया।थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने मांझी टोला की दर्जनों नाबालिग लड़कियों के साथ खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि 14-16 साल की उम्र खेलने-कूदने और भविष्य बनाने की होती है। इस उम्र में मोबाइल और गलत संगत के कारण लड़कियां प्रेम जाल में फंस जाती हैं। फिर पढ़ाई छूट जाती है, बाल विवाह हो जाता है और पूरा जीवन अंधेरे में चला जाता है।बेबी कुमारी ने उदाहरण देकर समझाया, "आज जो लड़का तुम्हें सपने दिखा रहा है, कल वही तुम्हें बोझ समझेगा अगर तुम अनपढ़ रह गई। पहले पढ़-लिखकर अपने पैरों पर खड़ी हो जाओ। डॉक्टर, टीचर, पुलिस जो बनना चाहो बनो। तब तुम्हारे पास चुनने का अधिकार होगा।उन्होंने लड़कियों को साइबर क्राइम, ह्यूमन ट्रैफिकिंग और सोशल मीडिया के खतरों से भी आगाह किया। बताया कि कैसे प्रेम के नाम पर नाबालिग लड़कियों का शोषण होता है।कार्यक्रम में मौजूद माता-पिता से थानाध्यक्ष ने अपील की कि बेटियों पर नजर रखें, लेकिन भरोसा भी करें। उन्हें स्कूल भेजें, मोबाइल का सीमित इस्तेमाल करने दें। ।थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि यह अभियान आगे भी दूसरे गांवों में चलाया जाएगा। "खाकी का काम सिर्फ अपराध रोकना नहीं, समाज को जगाना भी है। अगर एक भी बेटी की जिंदगी संवर गई तो हमारी मेहनत सफल है।

# सड़क दुर्घटनाओं को लेकर 36 ब्लैक स्पॉट चिह्नित

## अप्रैल माह तक राष्ट्रीय एवं राज्य उच्च पथों पर कुल हुई हैं 117 दुर्घटनाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने, दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा पूर्व बैठक 1 अप्रैल के अनुपालन प्रतिवेदन की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा हमारी प्रतिबद्धता और बेहतर प्रशासन हमारा संकल्प है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि सड़क सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। बैठक में परिवहन विभाग एवं पुलिस प्रशासन द्वारा अप्रैल में की गई प्रवर्तन कार्रवाई की समीक्षा की गई। जिला परिवहन पदाधिकारी, मोटरयान निरीक्षकों तथा प्रवर्तन अवर निरीक्षकों द्वारा हेलमेट, सीट बेल्ट, प्रदूषण, फिटनेस, ओवरलोडिंग सहित विभिन्न नियमों के उल्लंघन के मामलों में कुल 1,40,55,633 की शमन वसूली की गई। वहीं यातायात पुलिस एवं विभिन्न थाना क्षेत्रों में चलाए गए विशेष जांच अभियान के दौरान 99,53,080 का जुर्माना वसूला गया। इस प्रकार अप्रैल माह में कुल 2.40 करोड़ से अधिक की शमन राशि वसूल की गई। बैठक में वर्ष 2025 एवं 2026 के सड़क दुर्घटना आंकड़ों का तुलनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत किया गया। इस वर्ष में अप्रैल माह तक राष्ट्रीय एवं राज्य उच्च पथों पर कुल 117 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गईं। जिनमें 110 व्यक्तियों की मृत्यु तथा 75 लोग घायल हुए। जिलाधिकारी ने दुर्घटनाओं एवं मृत्यु दर में कमी लाने के लिए चिन्हित ब्लैक स्पॉटों पर त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई, बेहतर साइनेज, प्रकाश व्यवस्था तथा सुरक्षा अवसंरचना विकसित करने के निर्देश दिए।सड़क दुर्घटना पीड़ितों के नकदी रहित उपचार योजना, 2025 के अंतर्गत दुर्घटना में घायल व्यक्तियों के इलाज हेतु 1,50,000 तक की राशि संबंधित अस्पताल को सीधे उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जानकारी दी गई। इस योजना के तहत जिले के कुल 44 अस्पतालों को सम्बद्ध किया जा चुका है। बैठक में गुड समेरिटन' योजना की भी समीक्षा की गई। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की सहायता करने वाले नेक नागरिकों को 25,000 तक की प्रोत्साहन राशि दिए जाने के प्रावधान की जानकारी देते हुए सभी थानों को इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया गया ताकि अधिक से अधिक लोग घायलों की सहायता के लिए आगे आएं। सामूहिक सड़क दुर्घटनाओं में मृत व्यक्तियों के निकटतम परिजनों एवं गंभीर रूप से घायलों को राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष के मानकों के अनुरूप अनुग्रह अनुदान उपलब्ध कराने को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक में विभिन्न मार्गों पर लगने वाले जाम, अतिक्रमण एवं संरचनात्मक समस्याओं की विस्तार से समीक्षा की गई। एनएच-55 अंतर्गत पन्हांस चौक से रजौड़ा तक निर्माणाधीन सर्विस लेन के दौरान उड़ती धूल को नियंत्रित करने के लिए नियमित जल छिड़काव तथा सड़क को अतिक्रमणमुक्त रखने के निर्देश दिए गए। रजौड़ा चौक पुल के समीप अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी रखने को कहा गया। बरौनी जीरोमाइल से रिफाइनरी गेट तक सर्विस लेन में अवैध रूप से खड़े बालू लदे एवं खाली भारी वाहनों के विरुद्ध निरंतर सघन जांच अभियान चलाने का निर्देश परिवहन विभाग को दिया गया। वहीं आईओसीएल गेट से ट्रैफिक चौक के बीच एलिवेटेड फ्लाईओवर के नीचे अवैध रूप से संचालित दुकानों के विरुद्ध नगर निगम द्वारा नियमित अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी रखने को कहा गया। बीहट से सिमरिया तक एनएच-31 पर निर्माणाधीन रेल ओवरब्रिज संख्या 207 एवं 209 के कारण उत्पन्न जाम की समस्या के समाधान हेतु एनएचएआई को त्वरित कार्रवाई करने तथा पर्याप्त लाइटिंग एवं सुरक्षात्मक साइनेज लगाने का निर्देश दिया गया। जिले में कुल 36 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं जिनमें हीरा टोल जीरोमाइल, रघुनाथपुर, सनहा मोड़, लखमिनियां स्टेशन के सामने, हर-हर महादेव चौक एवं देवना चौक प्रमुख हैं। इन स्थलों पर गति सीमा संकेतक, रिफ्लेक्टर, रम्बल स्ट्रिप एवं हाई मास्ट लाइट लगाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। एनएचएआई द्वारा 20 तथा पथ निर्माण विभाग द्वारा 16 ब्लैक स्पॉट पर अल्पकालिक सुधारात्मक उपाय किए जाने की जानकारी दी गई।जिलाधिकारी ने दीर्घकालिक उपायों पर भी त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।बैठक में प्रधानमंत्री ई-ड्राइव योजना के अंतर्गत सार्वजनिक इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने हेतु सभी पेट्रोल पंप एवं ढाबा संचालकों के साथ बैठक आयोजित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। नगर निगम क्षेत्र में सड़क पर स्थित 216 विद्युत पोलों में से 41 पोलों को स्थानांतरित किए जाने तथा शेष कार्य प्रगति पर होने की जानकारी दी गई।

# सुरक्षित शनिवार में बच्चों ने सीखे आपदा के गुर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में शनिवार को मुख्यमंत्री सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं को प्राकृतिक आपदाओं से बचाव एवं आपदा प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को विशेष रूप से चक्रवात, तेज आंधी, भारी वर्षा एवं प्राकृतिक आपदाओं के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जागरूक किया गया। विद्यालयों में आयोजित जागरूकता सत्र में फोकल शिक्षकों ने सरल भाषा में बच्चों को आपदा के कारण, प्रभाव एवं बचाव के उपाय समझाए। फोकल शिक्षकों ने बताया कि चक्रवात समुद्र में बनने वाली एक खतरनाक प्राकृतिक आपदा है। जिसमें तेज हवा, मूसलाधार बारिश एवं तूफान का असर देखने को मिलता है। इसके कारण पेड़, बिजली के खंभे एवं कच्चे मकान क्षतिग्रस्त हो सकते हैं। कई बार बाढ़, जलजमाव तथा जान-माल की भारी क्षति भी होती है। बच्चों को बताया गया कि प्राकृतिक आपदाओं के समय घबराने के बजाय सतर्कता एवं समझदारी से काम लेनी चाहिए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को आपदा के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने, मौसम विभाग की चेतावनियों पर ध्यान देने तथा बिजली के खंभों, टूटे तारों एवं जलभराव वाले क्षेत्रों से दूर रहने की सलाह दी गई। शिक्षकों ने कहा कि किसी भी आपदा के समय अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए तथा प्रशासन एवं बचाव दल के निर्देशों का पालन करना चाहिए। विद्यालयों में बच्चों को मॉक ड्रिल एवं संवाद के माध्यम से भी जागरूक किया गया। कई बच्चों ने आपदा से जुड़े सवाल पूछे, जिनका शिक्षकों ने विस्तार से उत्तर दिया। इस दौरान प्रधानाध्यापक, फोकल शिक्षक, शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यालय कर्मी मौजूद थे।

# चार मामलों की हुई सुनवाई, एक का निपटारा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** अंचल के विभिन्न राजस्व ग्रामों में उत्पन्न भूमि विवाद निपटारे के लिए अंचल कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें पुराने लंबित भूमि विवाद के चार मामले की सुनवाई कर एक मामले का निपटारा किया गया। निष्पादित मामले में रजाकपुर वार्ड संख्या 10 के अरविंद पासवान व दिलीप पासवान वगैरह का है। वाद दायर होने के बाद उभय पक्षों को अपना पक्ष रखने के लिए कई नोटिस भेजा गया, परंतु उभय पक्षों द्वारा वाद में अभिरुचि नहीं लेने से मामला निष्पादित किया गया। भूमि विवाद का सुनवाई हेतु तीन मामले दर्ज किये गये। दर्ज मामले में हसनपुर बागर वार्ड संख्या 2 के होरिल यादव की पत्नी कंचन देवी व पंकज पोद्दार, हसनपुर बागर के वार्ड संख्या 3 के राजा राम पासवान व सिंटू पासवान के बीच अतिक्रमित भूमि को मुक्त कराने तथा डफरपुर वार्ड संख्या 5 के बिन्देश्वरी ताती की जमीन का ललन महतो द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लेने का है। इन्हें अगली तिथि को जनता दरबार में अपना पक्ष रखने हेतु नोटिस जारी किया गया है। निष्पादन हेतु कुल छह भूमि विवाद के मामले लंबित है। मौके पर सीओ सूरज कुमार, राजस्व अधिकारी लवली कुमारी, एसआई पूनम कुमारी साहा, कार्यालय सहायक अमरजीत कुमार, नरेंद्र कुमार सहित अन्य फरियादी मौजूद थे।

# चार घंटे बिजली रहेगी बाधित

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नावकोठी विद्युत उपकेंद्र से संचालित डोमेस्टिक फीडर में कल यानि रविवार सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। इस दौरान संबंधित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इसकी जानकारी कनीय अभियंता विमल कुमार साहा ने दी। उन्होंने बताया कि विद्युत लाइन एवं उपकरणों के रखरखाव तथा आवश्यक तकनीकी कार्य को लेकर यह शटडाउन लिया जा रहा है। कनीय अभियंता ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि निर्धारित अवधि के दौरान बिजली से जुड़े कार्य सावधानीपूर्वक करें तथा विभागीय कार्य में सहयोग प्रदान करें। मेंटेनेंस पूरा होने के बाद विद्युत आपूर्ति सामान्य कर दी जाएगी।

# सुहागिनों ने की वट सावित्री की पूजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में वट सावित्री पूजन श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष की विधिवत पूजा-अर्चना कर पति की लंबी आयु, सुख-समृद्धि एवं अखंड सौभाग्य की कामना की। सुबह से ही महिलाओं में पूजा को लेकर उत्साह देखा गया। नई साड़ी एवं पारंपरिक श्रृंगार में महिलाएं पूजा सामग्री के साथ वट वृक्ष के समीप पहुंचीं और कथा श्रवण के बाद वृक्ष की परिक्रमा कर धागा बांधा। नावकोठी के काली मंदिर के समीप बट वृक्ष, सती स्थान के नजदीक वट वृक्ष, अंचल कार्यालय के नजदीक वट वृक्ष, वैष्णवी दुर्गा मंदिर एपीएस खेल मैदान के नजदीक वटवृक्ष, चौबट्टा बट वृक्ष के पास एवं सभी मंदिरों में महिलाओं की काफी भीड़ देखी गई। ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों एवं सार्वजनिक स्थलों पर भी महिलाओं की भीड़ लगी रही। पूजा के दौरान वातावरण भक्तिमय बना रहा। बुजुर्ग महिलाओं ने युवा पीढ़ी को वट सावित्री व्रत के धार्मिक महत्व की जानकारी दी। मान्यता है कि माता सावित्री ने अपने तप एवं संकल्प से पति सत्यवान के प्राण वापस लाए थे। इसी आस्था के साथ महिलाओं ने व्रत रखकर परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की।

# माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल में मनाया गया मदर्स डे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को मदर्स डे अत्यंत भव्य, भावनात्मक और यादगार तरीके से मनाया गया। पूरा विद्यालय परिसर माँ के प्रेम, ममता और सम्मान के रंगों से सराबोर दिखाई दिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अभिभावकों की आँखों में खुशी और गर्व साफ झलक रहा था। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शिखा मैडम (पत्नी, एसपी बेगूसराय), अंशु श्वेता (पत्नी, बीएमपी कमांडेंट, बेगूसराय), निधि सिंह एवं सीमा मैडम (एडवोकेट सदस्य) उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का आरंभ कान्हा सो जा ज़रा की मनमोहक प्रस्तुति से हुआ, जिसे किडज़ी एवं माउंट लिट्रा की माताओं ने अत्यंत सुंदर ढंग से प्रस्तुत कर वातावरण को भावुक और भक्तिमय बना दिया। इसके बाद नन्हे बच्चों ने नन्ही सी परी, पालना है बादलों का, तेरी उंगली पकड़ के चला और जनम-जनम तू मेरे साथ है जैसे गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी अभिभावकों का दिल जीत लिया। बच्चों की प्यारी प्रस्तुतियों और मासूम अदाओं ने पूरे माहौल को तालियों और खुशियों से भर दिया। कक्षा 4 टेडी के विद्यार्थियों ने एक प्रभावशाली सोशल मीडिया एक्ट प्रस्तुत कर यह संदेश दिया कि आज के समय में इंस्टाग्राम, फ़ेसबुक और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म किस प्रकार बच्चों के जीवन पर प्रभाव डाल रहे हैं। बच्चों ने अभिनय के माध्यम से परिवार, संवाद और माँ के महत्व को बहुत ही सुंदर तरीके से दर्शाया। इसके अलावा मैं कभी बतलाता नहीं, अभी मुझ में कहीं जैसी भावनात्मक प्रस्तुतियाँ कक्षा 6 बनी के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत की गईं। जिसने उपस्थित सभी माताओं को भावुक कर दिया। वहीं कक्षा 7 द्वारा प्रस्तुत चंदा रे एवं कक्षा 6 बनी की मैया तेरी जय जयकार प्रस्तुति ने पूरे कार्यक्रम को और भी भव्य एवं यादगार बना दिया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण यह रहा कि विद्यार्थियों की माताओं ने भी विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया और कार्यक्रम को भरपूर सराहना मिली। विद्यालय का माहौल प्रेम, अपनापन और भावनाओं से भरा हुआ दिखाई दिया।विद्यालय की प्राचार्या डॉ शीतल ने अपने संबोधन में कहा माँ केवल एक शब्द नहीं, बल्कि त्याग, प्रेम और प्रेरणा का सबसे सुंदर रूप है। बच्चों के जीवन की पहली शिक्षक उनकी माँ होती हैं, जो हर परिस्थिति में उनका मार्गदर्शन करती हैं। विद्यालय के निदेशक डॉ मनीष देवा ने कहा माँ परिवार की वह शक्ति है, जो बिना किसी अपेक्षा के अपने बच्चों के सपनों को संवारती है। ऐसे कार्यक्रम बच्चों को अपनी संस्कृति, परिवार और मूल्यों से जोड़ते हैं। इस कार्यकम के सफल आयोजन पर ख़ुशी ज़ाहिर की।

# सरकार में बैठे लोग ही सरकारी खजाने का कर रहे दुरुपयोग : संजय गौतम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जनसुराज कार्यालय में शनिवार को जिले के जनसुराज पदाधिकारीगण की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता जनसुराज जिलाध्यक्ष सोनू शंकर ने किया एंव बैठक का संचालन महासचिव मजहर अली ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए जनसुराज के प्रदेश महासचिव संजय गौतम ने कहा कि बिहार सरकार आर्थिक रुप से दिवालिया घोषित हो चुकी है सभी जनकल्याण योजनाओं का पोर्टल आज तक बंद है। चुनाव जितने के लिए सरकारी खजाने को दस हजार रुपए महिलाओं में बांटकर एनडीए सता ले ली लेकिन इसका दंश झेलना फिर जनता को ही पर रहा है। मुख्यमंत्री प्रत्येक कैबिनेट में पद का सृजन कर रहे है वहीं दूसरी और आरबीआई से कर्ज ले रहे हैं। बिहार के प्रत्येक नागरिक पर आज सताईस हजार का कर्ज है सरकार के पास ठोस विकास की कोई नीति नहीं है बिहार के छात्र मजदूर महिलाएं दूसरे राज्य में दर दर की ठोकर खा रहे हैं। इस मौके पर जनसुराज के क्षेत्रीय प्रभारी ने कहा कि संगठन को पंचायत स्तर पर ले जाना है सभी पदाधिकारी प्रंखड स्तर पर बैठक सुनिश्चित करें जिलाध्यक्ष सोनू शंकर ने कहा कि जल्द जनसुराज जिला की पूरी टीम एंव विभिन्न जनसुराज के प्रकोष्टों का गठन किया जाएगा जनसुराज के नेता प्रंशात किशोर का जल्द बेगूसराय में आगमन होने वाला है। बैठक में युवा अध्यक्ष अगम कुमार जिला प्रवक्ता रुपम कुमारी किरण कुमारी बिंदु देवी विंग कमाडर रंजीत कुमार मुकेश कुमार रविशंकर पोद्दार व्यवसायिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अवधेश जयसवाल कंचन कुमार विशाल कुमार वेदप्रकाश इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# वट वृक्ष की परिक्रमा कर सुहागिनों ने मनाया वट सावित्री व्रत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**जमालपुर (मुंगेर)।** वट सावित्री व्रत सुहागिन महिलाओं का एक बेहद पवित्र और महत्वपूर्ण त्योहार है जो अखंड सौभाग्य, पति की लंबी उम्र और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना के लिए पूरे उत्साह और आस्था के साथ शनिवार को जमालपुर के शहरी एवं ग्रामीण इलाके रामपुर, नायगांव,ईस्ट कॉलोनी, रामनगर, रामपुर कॉलोनी, दौलतपुर, हलिमपुर, आदमपुर, बाक, सिंघिया, परहम आदि जगह पर मनाया गया। इस पावन पर्व पर महिलाओं द्वारा किए जाने वाले प्रमुख रीति-रिवाज और सोलह श्रृंगार कर महिलाएं इस दिन पारंपरिक वस्त्र (जैसे लाल या पीले रंग की साड़ियां), मेहंदी, चूड़ियां और अन्य सुहाग के प्रतीक धारण कर वटवृक्ष के नीचे पूजा अर्चना अपने पति के दीर्घायु के लिए करती है। पूजा अर्चना के बाद महिलाएं पूरे दिन निर्जला या फलाहारी व्रत रखती हैं। वट वृक्ष के नीचे बैठकर माता सावित्री और सत्यवान की अमर कथा सुनती हैं। अंत में पेड़ को जल और दूध अर्पित करने के बाद, महिलाएं वट वृक्ष के तने पर कच्चा सूत या कलावा लपेटकर सात बार परिक्रमा करने के बाद सुहाग का सामान साड़ी, बिंदी, सिंदूर आदि और फल दान कर इस पर्व को संपन्न किया करती हैं।

# मानपुर में बैंक ऑफ इंडिया की नई शाखा का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** ग्राहकों को बेहतर एवं आधुनिक बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बैंक ऑफ इंडिया, गयाजी अंचल द्वारा मानपुर स्थित सिकहर मोड़ के पास नई शाखा का उद्घाटन किया गया। यह शाखा गयाजी अंचल की 57वीं तथा गयाजी जिले की 15वीं शाखा है। उद्घाटन समारोह का शुभारंभ बैंक के फील्ड जनरल मैनेजर एस.बी. साहनी, आंचलिक प्रबंधक अभय कुमार झा एवं उप आंचलिक प्रबंधक विवेक सिन्हा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया है।

इस अवसर पर फील्ड जनरल मैनेजर एस.बी. साहनी ने कहा कि बैंक ऑफ इंडिया लगातार अपने नेटवर्क का विस्तार कर ग्राहकों को सुविधाजनक बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। नई शाखा खुलने से क्षेत्र के लोगों को बैंकिंग सेवाओं के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा तथा वित्तीय समावेशन को मजबूती मिलेगी।

आंचलिक प्रबंधक अभय कुमार झा ने बताया कि शाखा में बचत एवं चालू खाता, ऋण सुविधा, डिजिटल बैंकिंग, बीमा, पेंशन, म्यूचुअल फंड सहित सभी आधुनिक बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। वहीं उप आंचलिक प्रबंधक विवेक सिन्हा ने ग्राहकों से डिजिटल बैंकिंग सेवाओं का अधिकाधिक उपयोग करने की अपील की है।

इस कार्यक्रम में स्थानीय गणमान्य व्यक्ति विजय मेहता, व्यापारीगण, ग्राहक एवं बैंक अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे हैं।

नई शाखा को कार्यशील बनाने में मुख्य प्रबंधक बीरेन्द्र कुमार एवं अधिकारी दीपक कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का समापन शाखा प्रबंधक पवन कुमार के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ है।

# बारिश में ध्वस्त हुई बेगमपुर-छतौना सड़क

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** रजाकपुर पंचायत के बेगमपुर गांव से छतौना पुल होते हुए जिला बेगूसराय को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण पीसीसी सड़क ध्वस्त हो जाने से क्षेत्र के हजारों लोगों की परेशानी बढ़ गई है। पिछले माह हुई लगातार बारिश के कारण सड़क के नीचे की मिट्टी और ईंट सोलिंग बह जाने से सड़क का बड़ा हिस्सा धंस गया और कई जगहों पर गहरे गड्ढे बन गए हैं। इससे इस मार्ग पर आवागमन बेहद जोखिम भरा हो गया है।ग्रामीणों के अनुसार बेगमपुर वार्ड संख्या एक स्थित यह सड़क छतौना पुल से सीधे नावकोठी प्रखंड मुख्यालय, थाना, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा पहसारा-बगरस मुख्य सड़क से जुड़ती है। करीब 1800 फीट लंबी और 12 फीट चौड़ी इस सड़क से प्रतिदिन सैकड़ों दोपहिया और चारपहिया वाहन गुजरते हैं। सड़क टूट जाने के कारण अब लोगों को लंबा चक्कर लगाकर गंतव्य तक पहुंचना पड़ रहा है। ग्रामीण त्रिभुवन पासवान, लक्ष्मण महतो, मुकेश ठाकुर आदि ने बताया कि सड़क ध्वस्त होने से बखरी, नावकोठी और हसनपुर बागर जाने वाले लोगों को लगभग एक किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। सड़क की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि चारपहिया वाहनों का गुजरना मुश्किल हो गया है, जबकि पैदल चलने वाले लोग भी दुर्घटना के डर से सहमे रहते हैं।सड़क ध्वस्त होने का असर सबसे अधिक छात्र-छात्राओं पर पड़ रहा है। राजकीयकृत अयोध्या प्रसाद उच्चतर विद्यालय नावकोठी आने-जाने वाले विद्यार्थियों के साथ-साथ कोचिंग के लिए नावकोठी जाने वाले युवाओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बेगमपुर के नरेश पासवान, हीरालाल पासवान, मुरारी मालाकार, नवीन मालाकार तथा छतौना के कृष्णनंदन महतो, जयजय महतो, गोविंद कुमार बिपिन झा, राजकुमार सिंह, सुधीर सिंह, मंटून सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने प्रखंड और जिला प्रशासन से अविलंब सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है एवं प्रशासन से इस सड़क से आवाजाही पर अविलंब रोक लगाने की गुहार लगाई है।

# अतिक्रमण हटाने को लेकर एसडीओ ने की बैठक

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बलिया बजार से लेकर रेलवे स्टेशन और राष्ट्रीय उच्च पथ 31 पर अतिक्रमण हटाने को लेकर बलिया अनुमंडल पदाधिकारी तर्निजा के अध्यक्षता मे बैठक का आयोजन किया गया। सरकारी जमीन पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर घर दुकान बनाने बाले फुटफाट पर ठेला लगाकर सब्जी एवं अन्य समाग्री बेचने बाले को जल्द से जल्द हटाया जाएगा। इन अतिक्रमण कारी को हटाने से पहले माईकिंग से प्रचार कर और नोटिस भेजकर सरकारी जमीन को खाली करने का निर्देश दिया जाएगा फिर भी सरकारी जमीन सड़क से अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो इन अतिक्रमण कारी पर कठोर करवाई की जाएगी।

# विशेष लोक अभियोजक को मिला प्रशस्ति पत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आर्थिक अपराध ईकाई ने बिहार सरकार के मादक औषधि एवं मनोत्तेजक पदार्थ अधिनियम एनडीपीएस एक्ट के पटना स्थित विशेष लोक अभियोजक अशोक कुमार सिंहा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। आर्थिक अपराध इकाई के उपमहानिरीक्षक डॉ मानवजीत सिंह ढिल्लों के हस्ताक्षर से जारी प्रशस्ति पत्र में श्री सिंह की लगन, निष्ठा और परिश्रम की सराहना की गई है जिस कारण आर्थिक अपराध ईकाई में एनडीपीएस के दर्ज कांडों के अभियुक्तों को सजा दिलाने में कामयाबी हासिल की गई।

# जनगणना कार्यों का एसडीओ ने की समीक्षा

**बिक्रम।** शनिवार को बिक्रम नगर कार्यालय के सभागार में जनगणना कार्यों की प्रगति को लेकर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पालीगंज के अनुमंडलाधिकारी चंदन कुमार ने की। बैठक में मुख्य रूप से नगर पंचायत के अधिकारी और कर्मी शामिल हुए। एसडीओ ने जनगणना से जुड़े हर बिंदु पर विस्तार से चर्चा की उन्होने कार्य में तेजी लाने और शुद्धता बनाए रखने के लिए जनगणना से जुड़े कर्मियों व सुपरवाइजरों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में बिक्रम बीडीओ पंकज कुमार, स्वच्छता पदाधिकारी रोहणी रानी, संतोष कुमार, मंटू सिंह आदि उपस्थित थे।

# पेट्रोल-डीजल की कीमत में वृद्धि से बढ़ेगी महंगाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** भाकपा शाखा की बैठक नवटोलिया पहसारा में पिकक्कु झां की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसके अंचल प्रभारी संजीव कुमार सिंह ने कहा कि डीजल, पेट्रोल की मूल्य वृद्धि से मंहगाई बढेगी। इसका असर रोजमर्रे की उपयोग की वस्तुओं की कीमत पर पड़ेगी। जिससे आम लोगों पर आर्थिक बोझ बढेगा। जिससे इनका पारिवारिक बजट असंतुलित हो जाएगा। मनरेगा (जी बीबी राम जी) के तहत सम्पन्न कार्य का भुगतान जनप्रतिनिधि तथा मजदूरों को नहीं हुआ है। इसमें व्याप्त अनियमितता के विरोध में पंचायत के मनरेगा भवन पर 20 मई को आहुत प्रदर्शन तथा असमय आई आंधी,बारिश से किसानों के फसलों के मुआवजा राशि भुगतान हेतु 25 मई को जिलाधिकारी के समक्ष आहुत प्रदर्शन में अधिकिधिक लोगों को शिरकत करने की अपील की। पार्टी की सांगठनिक ढांचा मजबूत करने के लिए आम लोगों की समस्या के समाधान हेतु व्यापक जनआंदोलन पर विचार विमर्श किया गया। जन कोष संग्रह पर बल दिया गया। मौके पर सहायक अचल मंत्री केशव कुमार अनुभव, अमर कुमार, रामाश्रय पंडित, कुणाल कुमार, त्रिभुवन कुमार, विकास कुमार, गुड्डू कुमार, राम बली साह आदि ने भी अपने अपने विचार रखें।

## पेज 3 का शेष

### निजी प्रयासों से सशक्त...


कर रहा है। प्राचार्य रवींद्रनाथ के नेतृत्व में बालिका इंटर विद्यालय के माध्यम से क्षेत्र की लड़कियां बेहतर शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। एसके सुमन ने न्यूटन इंस्टीट्यूट आफ साइंस टेक्नोलाजी, डीएवी पब्लिक स्कूल, नंद किशोर यादव के नेतृत्व में ज्ञान गंगा इंटर स्कूल, नीरज पूरी का पारामाउंट हाई स्कूल इस क्षेत्र को मजबूत कर रहे हैं। इस तरह के तमाम शिक्षण संस्थान शहर में हैं, जिन्होंने बच्चों को पढ़ाने का काम किया और बच्चों ने बुलंदियां हासिल की। आज शायद ही देश का कोई ऐसा इलाका है जहां दाउदनगर के लड़के बड़े संस्थानों में अपनी उपस्थिति दर्ज न करा रहे हों। दाउदनगर के कई लड़के विदेश तक में भी हैं और इसरो से लेकर रेलवे के बड़े पद तक कार्यरत हैं एवं अपनी सेवा दे रहे हैं। समाज और देश को मजबूत कर रहे हैं।

# औरंगाबाद में एलपीजी गैस आपूर्ति सामान्य, प्रतिदिन हो रही सिलेंडरों की डिलीवरी

## जिला प्रशासन की सतत निगरानी, उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला प्रशासन द्वारा शनिवार को जिले में एलपीजी गैस वितरण व्यवस्था की समीक्षा की गई। समाहरणालय स्थित जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार औरंगाबाद जिले में गैस आपूर्ति सामान्य रूप से संचालित हो रही है तथा विभिन्न गैस एजेंसियों द्वारा उपभोक्ताओं को नियमित रूप से गैस की डिलीवरी की जा रही है।



प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जिले की 37 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 6951 सिलेंडरों की मांग के विरुद्ध लगभग 6782 सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है। लंबित बुकिंग के निष्पादन की प्रक्रिया भी लगातार जारी है। जिला प्रशासन ने बताया कि जिले में पेट्रोल एवं डीजल की भी पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है। जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने सभी गैस एजेंसियों को उपभोक्ताओं तक समय पर गैस पहुंचाने, लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन करने तथा वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने का निर्देश दिया है। साथ ही कृत्रिम कमी उत्पन्न नहीं होने देने को लेकर भी सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। प्रखंड स्तरीय अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गैस वितरण व्यवस्था की नियमित निगरानी करने तथा किसी भी प्रकार की समस्या की सूचना तत्काल जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने को कहा गया है। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार जिले में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) कनेक्शन का विस्तार भी जारी है। 16 मई 2026 तक कुल 266 नए पीएनजी कनेक्शन लगाए जा चुके हैं। वहीं जिले के आठ व्यवसायिक संस्थानों में पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है, जिनमें शाश्वत रेस्टोरेंट, हर्षा किचन, सरस्वती इन, मधुपर्क एवं होटल स्काई व्यू प्रमुख हैं। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 06186-295027 सक्रिय है, जिस पर आमजन अपनी शिकायतों या समस्या दर्ज करा सकते हैं। प्रशासन के अनुसार 16 मई को नियंत्रण कक्ष में प्राप्त कुल पांच शिकायतों का निष्पादन कर दिया गया। कालाबाजारी एवं जमाखोरी की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन द्वारा सतत निगरानी और औचक निरीक्षण किए जा रहे हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अब तक इस संबंध में कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। जिला प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर संबंधित गैस एजेंसी अथवा जिला नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें।

## भोजशाला में जीत पर भाजपा ने व्यक्त की खुशी

**नबिटा संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** मध्य प्रदेश के धार स्थित भोजशाला परिसर को लेकर न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय का स्वागत करते हुए भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई है। भाजपा दलित प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष अवधेश पासवान ने कहा कि भोजशाला का ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व रहा है। नेताओं ने कहा कि न्यायालय के फैसले के बाद विभिन्न स्थानों पर लोगों द्वारा दीप जलाकर खुशी व्यक्त की जा रही है। भाजपा जिला महामंत्री टैगोर, बीससूत्री उपाध्यक्ष एवं नगर अध्यक्ष श्याम कुमार पाठक, मंडल अध्यक्ष रंजन वर्मा, अनूप मनोहर, संजय पासवान, दयाशंकर चंद्रवंशी, सुधीर पासवान, रंजन चंद्रवंशी,अनुसूचित मोर्चा नगर अध्यक्ष मोतीराम समेत अन्य लोगों ने न्यायालय के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि यह देश के गौरव और सांस्कृतिक धरोहर से जुड़ा विषय है।

# वट सावित्री पर उमड़ा आस्था का सैलाब, महिलाओं ने की 108 बार परिक्रमा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** अखंड सौभाग्य, समर्पण और वैवाहिक सुख की कामना के साथ वट सावित्री व्रत के अवसर पर हसपुरा क्षेत्र में महिलाओं की आस्था देखते ही बन रही थी। प्रखंड परिसर सहित विभिन्न स्थानों पर महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ी, जहां उन्होंने वट वृक्ष की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर अपने पति की दीर्घायु और सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह से ही महिलाएं सज-धज कर वट वृक्ष के समीप पहुंचीं और 108 बार परिक्रमा कर पूजा संपन्न की। इस दौरान उन्होंने वट वृक्ष को पवित्र धागा बांधा, प्रसाद अर्पित किया और अटल सौभाग्य की प्रार्थना की। कथा वाचन के दौरान बताया गया कि पौराणिक मान्यता के अनुसार सावित्री ने अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज से वापस प्राप्त किए थे। सत्यवान की आयु पूर्ण होने पर जब यमराज उनकी



आत्मा ले जाने लगे, तब सावित्री दृढ़ संकल्प के साथ उनके पीछे-पीछे चलती रहीं। अंततः उनकी अटूट निष्ठा और तपस्या से प्रसन्न होकर यमराज ने सत्यवान को पुनर्जीवन प्रदान किया। इसी घटना की स्मृति में वट सावित्री व्रत मनाया जाता है। आचार्य पंडित लालमोहन शास्त्री ने बताया कि यह व्रत पूरे भारत में श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। उत्तर भारत में ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या को इसका विशेष महत्व है, जबकि दक्षिण भारत में ज्येष्ठ शुक्ल त्रयोदशी से पूर्णिमा तक व्रत करने की परंपरा प्रचलित है। उन्होंने वट वृक्ष को 'अक्षय वट' बताते हुए कहा कि यह अमरता का प्रतीक है और इसका धार्मिक महत्व अत्यंत गहरा है। व्रत के दौरान महिलाओं में उत्साह और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। पूजा स्थलों पर पूरे दिन धार्मिक वातावरण बना रहा, जहां महिलाओं ने परंपरा और आस्था के साथ इस पावन व्रत को श्रद्धापूर्वक संपन्न किया।

# पीएम सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना के प्रचार-प्रसार हेतु नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, औरंगाबाद द्वारा केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना "पीएम सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना" के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु शहर के रमेश चौक पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलाकारों द्वारा आकर्षक एवं जागरूकतापरक प्रस्तुति के माध्यम से आम नागरिकों को योजना के उद्देश्यों, लाभों एवं आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी गई। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया गया कि इस योजना के तहत आम उपभोक्ता अपने घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाकर बिजली बिल में कमी ला सकते हैं तथा अतिरिक्त बिजली उत्पादन होने पर उससे आर्थिक लाभ



भी प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान लोगों को यह भी जानकारी दी गई कि योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार सब्सिडी का लाभ प्रदान किया जा रहा है। साथ ही आम नागरिकों से अपील की गई कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस योजना का लाभ उठाकर स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा दें। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण तथा आत्मनिर्भर ऊर्जा व्यवस्था के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने योजना के प्रति उत्साह दिखाया तथा संबंधित अधिकारियों से आवेदन प्रक्रिया एवं तकनीकी पहलुओं की जानकारी प्राप्त की।

# अलग-अलग घटनाओं में आठ घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज शिवगंज पथ पर अकौनी मोड़ के समीप शनिवार की संध्या टोटो एवं ट्रैक्टर की आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में टोटो सवार करीब 5 से 6 लोग घायल हो गए। टक्कर इतनी तेज थी कि टोटो के परखच्चे उड़ गए। घटना के बाद डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां दो घायलों को भर्ती कराया गया, जबकि अन्य घायलों को निजी अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया है। स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती घायलों की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी कुमार गौरव के पुत्र कुमार सानू तथा सुरेंद्र राम के पुत्र अमित कुमार के रूप में की गई है। घायलों ने बताया कि वे लोग औरंगाबाद से रफीगंज अपने एक दोस्त से मिलने आ रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे




ट्रैक्टर ने टोटो में टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि इस दुर्घटना में टोटो चालक भी घायल हुआ है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई और राहत कार्य में सहयोग किया गया।

**वहीं दूसरी घटना**

रफीगंज-गोह पथ पर तिनेरी मोड़ के समीप शनिवार को एक अनियंत्रित बाइक बिजली पोल से जा टकराई, जिससे बाइक सवार एक शिक्षक समेत दो लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान सोनबरसा गांव निवासी दूधेश्वर यादव के पुत्र दीपक यादव एवं उसी गांव की सुनीता देवी के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दीपक यादव, जो एक सरकारी शिक्षक हैं, निजी कार्य से गोह की ओर जा रहे थे। इसी दौरान तिनेरी मोड़ के समीप अचानक उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे लगे पोल से जा टकराई। हादसे में बाइक पर सवार दोनों लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर डायल 112 की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को इलाज के लिए रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहां डॉ. ए.के. केसरी ने प्राथमिक उपचार के बाद दीपक यादव की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं घायल महिला सुनीता देवी का प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। बताया जा रहा है कि दीपक यादव की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

# चार सड़क व दो विद्यालयों की चहारदीवारी निर्माण की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** जिला परिषद की अध्यक्ष प्रमिला देवी ने शनिवार को दिशा की बैठक में दाउदनगर प्रखंड के चार गांव में सड़क निर्माण की मांग से संबंधित आवेदन दिया है। इनके प्रतिनिधि शैलेश यादव ने बताया कि दाउदनगर प्रखंड में तरार से मायापुर तक, तरार से सेवही तक, संसा पंचायत में जमुआंव से संसा तक और अकबरपुर से जमुआंव तक सड़क निर्माण करने की उन्होंने मांग की है। इसके साथ ही प्रखंड के नवरतन चक हाई स्कूल और हसपुरा प्रखंड के अहियापुर हाई स्कूल की चाहरदीवारी निर्माण की मांग उन्होंने की है। इसके अलावा जिला परिषद अध्यक्ष प्रमिला देवी ने गर्मी एवं लू को देखते



हुए आठ स्थानों पर चापाकल लगाने की मांग की है। रफीगंज के इटार पंचायत में ईगुनाही, ओबरा के कंचनपुर के भटोलिया, कंचनपुर एवं नोनिया बिगहा में, अमिलौना के तेंदुआ में, डीहरा में सार्वजनिक जगह पर चापाकल लगाने की मांग की है।

# महिला से 40 हजार रुपये की झपटमारी, बदमाश फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के नोनिया टीलहा ओवरब्रिज के समीप शुक्रवार की दोपहर लगभग दो बजे एक महिला से 40 हजार रुपये की झपटमारी का मामला सामने आया है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पीड़िता की पहचान मुशरत खातून, पति सराफत हुसैन, निवासी मिर्जा खैरा, औरंगाबाद एवं वर्तमान पता नोनिया टीलहा, रफीगंज के रूप में हुई है। पीड़िता महिला ने बताया कि बैंक से 40 हजार रुपये निकालकर झोले में रखकर अपने घर नोनिया टीलहा जा रही थी। इसी दौरान ओवरब्रिज के पास बाइक सवार दो अज्ञात बदमाश पहुंचे और झोला छीनकर फरार हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की



भीड़ जुट गई तथा मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जा रही है ताकि बदमाशों की पहचान की जा सके। थानाध्यक्ष शम्भू कुमार ने बताया कि मामले में अनुसंधान जारी है तथा जल्द ही आरोपितों की गिरफ्तारी का दावा किया गया है।

## मारपीट में महिला घायल, आधा दर्जन नामजद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के भल्लू खैरा गांव में दो गाय आपस में भिड़ गये। इस मामले को लेकर गाय के मालिक आपस में मारपीट किया। इस जिसमें कांति देवी घायल हो गयी। जिसका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रफीगंज में किया गया। घायल के बयान पर गांव के ही सुदामा ठाकुर, गुड़िया देवी, आकाश कुमार सहित आधे दर्जन लोगों को नामजद आरोपी बनाते हुए थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें उल्लेख्य किया है कि अपने दरवाजे पर खूंटे में गाय बांध रहे थे। इसी बीच गाय गाय लड़ने के कारण उक्त सभी एक साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। थानाध्यक्ष शंभु कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की तहकीकात की जा रही है।

# बौद्ध रीति-रिवाज से संपन्न हुई अनोखी शादी, गौतम बुद्ध और बाबा साहेब को साक्षी माना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय में शनिवार की शाम एक अनोखा और प्रेरणादायक विवाह समारोह आयोजित किया गया, जिसने क्षेत्र में चर्चा का विषय बना लिया। गोरडीहा निवासी सचिव अमरेश राज की पहल पर बौद्ध रीति-रिवाज एवं पारंपरिक विधि-विधान के साथ दोनों परिवारों की सहमति से यह विवाह सादगी और गरिमा के साथ संपन्न कराया गया।

विवाह समारोह में भगवान गौतम बुद्ध और भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर को साक्षी मानकर वर-वधू ने एक-दूसरे का हाथ थामा। गाजे-बाजे, मंगल गीत और उल्लासपूर्ण माहौल के बीच संपन्न इस आयोजन ने सामाजिक समरसता, समानता



और भाईचारे का सशक्त संदेश दिया। अनुसूचित जाति-जनजाति कर्मचारी कल्याण एसोसिएशन के प्रांतीय सदस्य परमेश्वर बौद्ध ने कहा कि बौद्ध विवाह केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सामाजिक समानता का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज में नई सोच और सकारात्मक परिवर्तन को प्रेरित करते हैं। यह विवाह मदनपुर प्रखंड के तेलडीहा निवासी राजेंद्र राम के 42 वर्षीय पुत्र पिंटू राम तथा उचौली निवासी फगुनी दास की 24 वर्षीय पुत्री रिंकी देवी के बीच संपन्न हुआ। समारोह में बड़ी संख्या में लोगों ने शामिल होकर नवदंपति को आशीर्वाद दिया। पूरे आयोजन में सादगी, सामाजिक सौहार्द और बौद्ध संस्कृति की झलक स्पष्ट रूप से देखने को मिली।

## पेट्रोलियम पदार्थों की बचत के संदेश के साथ इलेक्ट्रिक वाहन से निकले सदर विधायक

**औरंगाबाद/नबिटा ब्यूरो।** पेट्रोलियम पदार्थों के वैश्विक संकट और ईंधन बचत को लेकर प्रधानमंत्री की अपील के मद्देनजर औरंगाबाद के सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने शुक्रवार को इलेक्ट्रिक वाहन से अपने दैनिक कार्यों का संचालन किया। त्रिविक्रम नारायण सिंह अपने आवास से सहयोगियों के साथ इलेक्ट्रिक वाहन से औरंगाबाद समाहरणालय स्थित योजना भवन पहुंचे, जहां जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति 'दिशा' की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में शामिल होने के बाद विधायक विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में भी इसी वाहन से पहुंचे। इस दौरान त्रिविक्रम नारायण सिंह ने कहा कि पेट्रोलियम पदार्थों की वैश्विक उपलब्धता और वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए ईंधन की बचत करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की कि यथासंभव पेट्रोल और डीजल की खपत कम करें तथा वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों और इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में संसाधनों का संतुलित उपयोग ही भविष्य की चुनौतियों से निपटने में सहायक होगा। विधायक ने लोगों से ऊर्जा संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की अपील भी की।

# भाजपा ग्रामीण मंडल की मासिक बैठक आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज ग्रामीण मंडल के चौबड़ा पंचायत अंतर्गत ग्राम सोनवर्षा में भाजपा ग्रामीण मंडल की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बबलू सिंह ने की, जबकि संचालन महामंत्री विमलेश पासवान द्वारा किया गया। बैठक में प्रधानमंत्री के "मन की बात" कार्यक्रम एवं संगठन विस्तार को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने तथा केंद्र सरकार की योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।




बैठक में उपाध्यक्ष सरोज देवी, मंत्री संगीता देवी, कोषाध्यक्ष रंजीत शर्मा, किसान मोर्चा अध्यक्ष हप्पू पासवान, पंचायत अध्यक्ष नवल चौधरी सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संगठन की मजबूती एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया।

# आज से 15 जून तक मलमास, मांगलिक कार्य प्रतिबंधित

**इसे ही कहते हैं- लावन, लोंद मास या पुरुषोतम मास**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** रविवार 17 मई से मलमास आरंभ हो रहा है। यह 15 जून तक रहेगा। इसे ही अधिक मास कहा जाता है। आचार्य पंडित लाल मोहन शास्त्री बताते हैं कि इसे मोल मास, मलमास, लावन मास, लोंद मास, पुरुषोतम मास के नाम से भी जाना जाता है। जिस महिना में सूर्य संक्रान्ति नहीं होती है उस में एक



मास अधिक होता है। प्रत्येक तीन वर्ष में 27 वें मास से 36 वें मास के अन्दर अधिक मास होता है। सौर वर्ष (संक्रांति) 365 दिन का चन्द्र वर्ष (नक्षत्र) 354 दिन का दोनों में 1 1 दिनों का अन्तराल होता है। प्रत्येक तीन वर्षो पर 33 दिनों का अन्तर हो जाता है। सूर्य मास और चन्द्र मास को समकक्ष बनाने के लिए तीसरे वर्ष में एक महिना अधिक हो जाता है। ऐसा वेदांग नेत्र स्वरूप ज्योतिष का सिद्धान्त है। इस महीना में प्रत्येक मांगलिक कार्य बन्द हो जाते हैं। केवल भगवान् की आराधना उपासना की जाती है। सनातन धर्म के अनुसार देव ऋषि पितृ गण मगध क्षेत्र के तीर्थो में निवास करते हैं। मगध के छह तीर्थ महत्वपूर्ण माने गये हैं। गया जी धाम, राजगीर, च्यवना श्रम (देवकुण्ड), पुनपुना नदी, स्कन्द तीर्थ देव (औरंगाबाद), बाणावर (बराबर) इसके बाद वधुश्रवा (मधु श्रवा - मघु सरवां)। अधिक मास में विश्व विख्यात मेला का आयोजन राजगीर नालन्दा में किया जाता है। कहा जाता है कि मगधराज जरासंध की मृत्यु होने के बाद शोक मनाने देवता गण वहां गये और एक मास तक वहीं रह गये थे। वधू श्रवा (मधु सरवां ) मेहंदिया अरवल में महर्षि भृगु की पत्नी पुलोमा का गर्भपात हुआ था जिससे च्यवन ऋषि का जन्म हुआ। यह च्यवन ऋषि की जन्म भूमि है। सभी ऋषि गण च्यवन ऋषि के जन्म होने पर मधू सरवां महेन्दिया में आये और एक महीना तक रहे। जन्म लेने में और मृत्यु होने पर दोनो में सूतक लगता है। अतः मांगलिक कार्य वन्द रहते हैं।

# संज्ञा समिति की वार्षिक आमसभा को सफल बनाने को लेकर औरंगाबाद में बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** संज्ञा समिति गयाधाम की आगामी 24 मई 2026 को प्रस्तावित वार्षिक आमसभा को सफल बनाने तथा समाज के लोगों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर औरंगाबाद जिला शाखा एवं केंद्रीय पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक अहरी हनुमान नगर स्थित कार्यालय में संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अशोक पांडेय ने की, जबकि संचालन उपाध्यक्ष उज्ज्वल रंजन ने किया। बैठक की शुरुआत स्वस्तिवाचन एवं मंत्रोच्चार के साथ भगवान सूर्य की पूजा-अर्चना कर की गई। इसके बाद जिला अध्यक्ष अशोक पांडेय ने स्वागत भाषण देते हुए संज्ञा समिति औरंगाबाद द्वारा समाजहित में किए गए कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की। साथ ही केंद्रीय समिति से आए अतिथियों का माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र देकर सम्मान किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष देवेंद्र पाठक ने कहा कि 24 मई को गया जी में आयोजित होने वाली वार्षिक आमसभा को ऐतिहासिक एवं सफल बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। संज्ञा समिति के वरिष्ठ संरक्षक प्रेमेंद्र मिश्रा ने कहा कि औरंगाबाद जिला इकाई समाज के उत्थान एवं सामाजिक एकता को मजबूत करने की दिशा में सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जिला अध्यक्ष अशोक पांडेय के नेतृत्व में युवाओं और ऊर्जावान कार्यकर्ताओं की मजबूत टीम समाजहित में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि औरंगाबाद से सैकड़ों लोग वार्षिक आमसभा में शामिल होंगे। अंत में जिला सचिव विनय मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। बैठक में संरक्षक भैरवनाथ पाठक, केंद्रीय महासचिव गोपाल मिश्र, गया जिलाध्यक्ष देवेन्द्र नाथ मिश्र, उपाध्यक्ष बृजनंदन पाठक, आशुतोष पाठक, इंजीनियर वीरेंद्र कुमार पाठक, जिला कोषाध्यक्ष संतोष मिश्र, सह संयोजक हरी पाठक, अंकेक्षक भारती भूषण, शैलेंद्र मिश्र शैल, रंजन कुमार पाठक, पंडित रौशन मिश्र, विशाल कुमार मिश्र, राज पाठक, अरुण कुमार पाठक, अक्षय कुमार पाठक, अखिलेश कुमार मिश्रा सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# छापेमारी में दो आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा थाना पुलिस ने विभिन्न मामलों में फरार चल रहे दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि पुलिस अपराधियों के खिलाफ लगातार विशेष अभियान चला रही है। इसी क्रम में दो अलग-अलग कांडों के प्राथमिक अभियुक्तों को दबोचा गया। पुलिस ने मदनपुर थाना क्षेत्र के मदनपुर गांव से मिथिलेश सिंह को गिरफ्तार किया। उस



पर बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज था। वहीं दूसरी कार्रवाई में पुलिस ने अनकुपा गांव से रोहित सिंह पिता रमेश सिंह को गिरफ्तार किया है। उस पर भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न गंभीर धाराओं और एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज है। पुलिस ने दोनों कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# प्रेमिका से विवाह की जिद में युवक टावर पर चढ़ा

**नबिटा संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** प्रेमिका से शादी नहीं होने से आहत एक युवक ने शनिवार को 120 फीट ऊंचे बीएसएनएल मोबाइल टावर पर चढ़कर आत्महत्या की धमकी दे दी। यह घटना देवकुंड मठ परिसर स्थित टावर की है, जहां युवक करीब दो घंटे तक ऊपर चढ़ा रहा और नीचे लोगों की भारी भीड़ जुट गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और करीब ढाई घंटे की मशक्कत के बाद युवक को सुरक्षित नीचे उतार लिया गया। इस दौरान गोह के अंचल अधिकारी संजय कुमार भी घटनास्थल पर मौजूद रहे। ड्यूटी पर तैनात एएसआई मोहम्मद रईस कौसर अली, पीएसआई धनंजय कुमार, स्थानीय महंत कन्हैयानंद पुरी तथा अभाविप छात्र नेता गौरव मिश्रा समेत अन्य लोगों ने युवक को समझाने का लगातार प्रयास किया। बताया जाता है कि युवक ने टावर के ऊपर से एक कागज नीचे फेंका, जिसमें उसने अपना नाम और अपनी प्रेमिका का विवरण लिखा था। इसके बाद पुलिस और स्थानीय लोगों ने सूझबूझ दिखाते हुए युवक से मोबाइल पर बातचीत शुरू की। काफी देर तक समझाने-बुझाने के बाद वह नीचे उतरने के लिए राजी हो गया। नीचे उतरने के बाद युवक ने बताया कि वह अपनी प्रेमिका से शादी करना चाहता है और इसी मांग को लेकर वह टावर पर चढ़ा था। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर थाने लाया और उसके परिजनों को फोन पर घटना की जानकारी दी। युवक की पहचान अरवल जिले के परासी थाना क्षेत्र अंतर्गत रामलगन बिगहा निवासी कृष्ण सिंह के 27 वर्षीय पुत्र अभिनंदन कुमार के रूप में की गई है, जबकि संबंधित युवती हसपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली बताई जा रही है। समाचार लिखे जाने तक युवक पुलिस अभिरक्षा में था और मामले की आगे जांच की जा रही है।

# नये श्रम कानून एवं सुरक्षा नियम की दी गई जानकारी

## रेल कारखाना जमालपुर में श्रमिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** रेल इंजन कारखाना जमालपुर में श्रमिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।अध्यक्षता मुंगेर अंचल के कारखाना निरीक्षक मुकेश कुमार पांडेय ने की। कारखाना के अधिकारी, पर्यवेक्षक, रेलकर्मी, संविदा कर्मी एवं ठेकेदार बड़ी संख्या में शामिल हुए। बिहार सरकार के श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग के निर्देशानुसार आयोजित इस संवाद कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य श्रमिकों की समस्याओं, कार्यस्थल की सुरक्षा व्यवस्था तथा स्वास्थ्य एवं कल्याण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करना था। कार्यक्रम के दौरान कारखाना निरीक्षक मुकेश कुमार पांडेय ने 9 मई 2026 से लागू नए श्रम कानून के प्रमुख प्रावधानों एवं नियमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने पुराने फैक्ट्री एक्ट 1948 और नए श्रम कानून के बीच के बदलावों एवं अंतर को सरल तरीके से समझाया। इस दौरान श्रमिकों द्वारा पूछे गए सवालों का भी जवाब दिया गया। कारखाना के क्रेन शॉप में भी विशेष श्रमिक संवाद आयोजित किया गया, जहां कर्मचारियों से कार्य के दौरान आने वाली परेशानियों पर विस्तार से चर्चा हुई। अधिकारियों ने श्रमिकों को हमेशा सुरक्षा नियमों के प्रति सजग रहने और दुर्घटनाओं से बचाव के लिए सतर्कता बरतने की सलाह दी। मौके पर कारखाना प्रबंधक सह उप मुख्य यांत्रिक अभियंता डॉ. अभ्युदय सुरक्षा उपकरणों के सही उपयोग, कार्यस्थल पर सावधानियां बरतने तथा दुर्घटना रोकथाम के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सुरक्षित कार्य वातावरण ही बेहतर उत्पादन और श्रमिक हितों की सबसे बड़ी गारंटी है। मौके सहायक संरक्षा प्रबंधक आरएसवी भूषण, एपीई अबनीश कुमार, जीएस दास सहित कई मौजूद थे।



## हत्याकांड में फरार उपसभापति पर इनाम घोषित

**भागलपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले के सुल्तानगंज नगर परिषद के सभापति राजकुमार साह उर्फ गुड्डू और कार्यपालक पदाधिकारी कृष्ण भूषण कुमार हत्याकांड में फरार नगर परिषद की उपसभापति नीलम देवी और उसके दोनों बेटों पर भागलपुर पुलिस ने इनाम घोषित किया है। जिले के एसएसपी प्रमोद कुमार यादव की अनुशंसा पर रेंज आईजी विवेक कुमार ने नीलम देवी पर 25 हजार रुपये तथा उसके पुत्र मनीष कुमार और अंकित कुमार पर 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस ने कहा है कि तीनों के बारे में ठोस सूचना देने वाले को घोषित राशि दी जाएगी। पुलिस उनके संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही है। गौर हो कि नगर परिषद कार्यालय में बीते 28 अप्रैल 2026 को बदमाशों ने सभापति और कार्यपालक पदाधिकारी को गोली मार दी थी। कार्यपालक अधिकारी की मौत मौके पर ही हो गई थी जबकि सभापति की मौत इलाज के क्रम में पटना में हुई थी।

# कृषि व्यवस्था को मजबूत करने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बांका।** समाहरणालय स्थित मिनी सभागार में शनिवार को जिला पदाधिकारी नवदीप शुक्ला की अध्यक्षता में कृषि टास्क फोर्स की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि, पशुपालन, मत्स्य, उद्यान, सिंचाई, जीविका और विद्युत विभाग से जुड़े अधिकारियों ने हिस्सा लिया। समीक्षा बैठक के दौरान डीएम ने जिले में चल रही कृषि योजनाओं और विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए कई अहम निर्देश जारी किए। जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि डिजिटल क्रॉप सर्वे (गरमा-2026) का कार्य आगामी 5 जून तक हर हाल में पूरा किया जाए। साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत लंबित ई-केवाईसी, एनपीसीआई और सेल्फ रजिस्ट्रेशन जैसे कार्यों को शीघ्र निष्पादित करने को कहा गया। बैठक में एग्रीस्टैक परियोजना के तहत चल रहे किसान रजिस्ट्री कार्यों की धीमी प्रगति पर भी चिंता जताई गई। डीएम ने अधिकारियों को किसानों का अधिक से अधिक पंजीकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने अप्रैल और मई माह में जिले में रासायनिक उर्वरकों के अधिक उपयोग पर भी सवाल उठाए। उन्होंने इसकी जांच कराने तथा किसानों के बीच संतुलित एवं कम रासायनिक उर्वरक उपयोग को लेकर जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। उद्यान विभाग को मसाला और औषधीय फसलों की खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रेरित करने को कहा गया, ताकि पारंपरिक खेती के साथ आय के नए विकल्प भी विकसित हो सकें। वहीं भूमि संरक्षण एवं कृषि अभियंत्रण विभाग को लंबित चेक डैम निर्माण कार्य वर्षा ऋतु शुरू होने से पहले पूरा करने का सख्त निर्देश दिया गया। बैठक में मौजूद अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की योजनाओं और प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत की, जिस पर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान प्रशासन ने स्पष्ट संकेत दिए कि कृषि विकास और किसानों से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया वट सावित्री व्रत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चांदन (बांका)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न गांवों में आज शनिवार को सुहागिन महिलाओं ने आस्था और श्रद्धा का प्रतीक वट सावित्री व्रत को हर्षोल्लास से मनाया। ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या के अवसर पर महिलाओं ने निर्जला उपवास रखकर वट वृक्ष की पूजा-अर्चना की तथा अपने पति की दीर्घायु व परिवार की सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना की। सुबह से ही मंदिरों और सार्वजनिक पूजा स्थलों पर महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा और सोलह श्रृंगार में सजकर पूजा सामग्री के साथ वट वृक्ष के समीप पहुंचीं। जहां विधि-विधान से पूजा करते हुए महिलाओं ने वट वृक्ष पर जल अर्पित किया और कच्चे सूत का धागा लपेटकर परिक्रमा की। पूजा के उपरांत फल, मिठाई, भींगा चना, पकवान सहित विभिन्न प्रसाद अर्पित किए गए। पूरे दिन क्षेत्र में धार्मिक माहौल बना रहा। कई स्थानों पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से सावित्री-सत्यवान की कथा सुनी। कथा के माध्यम से पतिव्रता धर्म, निष्ठा और समर्पण का संदेश ग्रहण किया गया। धार्मिक मान्यता है कि वट सावित्री व्रत रखने से पति की आयु लंबी होती है तथा वैवाहिक जीवन सुखमय बना रहता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार माता सावित्री ने अपने तप, त्याग और अटूट प्रेम के बल पर यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस प्राप्त किए थे। तभी से सुहागिन महिलाएं वट वृक्ष की पूजा कर यह व्रत करती आ रही हैं। वट वृक्ष को दीर्घायु, स्थिरता और जीवन शक्ति का प्रतीक माना जाता है। चांदन प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों एवं पूजा स्थलों पर महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। महिलाओं ने परिवार में सुख-शांति, संतान की उन्नति और घर में खुशहाली के लिए विशेष प्रार्थना की। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी वट सावित्री पूजा को लेकर खासा उत्साह रहा। घरों में पारंपरिक पकवान बनाए गए तथा पूजा के बाद महिलाओं ने एक-दूसरे को व्रत की शुभकामनाएं दीं।



# जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने श्रावणी मेला क्षेत्र का लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला 2026 की तैयारियों की समीक्षा को लेकर जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी एवं वरीय पुलिस उस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने शनिवार को सुल्तानगंज स्थित मेला क्षेत्र का विस्तृत निरीक्षण किया।

इस दौरान दोनों अधिकारियों ने नमामि गंगे घाट सहित विभिन्न प्रमुख स्थलों का भ्रमण कर श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके बाद जिलाधिकारी ने कहा कि श्रावणी मेला में देश के विभिन्न राज्यों से लाखों श्रद्धालु सुल्तानगंज पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं को बेहतर एवं सुरक्षित सुविधा उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि घाटों पर स्वच्छ पेयजल, स्वच्छ शौचालय, चेंजिंग रूम, प्रकाश व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, सुरक्षित आवागमन तथा गंगा के बढ़ते जलस्तर से सुरक्षा को लेकर विशेष तैयारी की जा रही है।



घाटो तक जाने वाले सभी रास्तों को खुला एवं व्यवस्थित रखा जाएगा। सड़क पर अतिक्रमण अथवा दुकानों का सामान रखने की अनुमति नहीं होगी। इसके लिए सड़क की मार्किंग कराई जाएगी। सभी शौचालयों, पेयजल स्थलों एवं विद्युत तारों को दुरुस्त एवं सुदृढ़ करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए हैं। डॉ चौधरी ने कहा कि इस बार श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्विस कॉटेज का निर्माण कराया जा रहा है। साथ ही होटल, धर्मशाला एवं आवासन स्थलों का पंजीकरण, उपलब्ध सुविधाओं एवं स्वच्छता की जांच भी की जा रही है ताकि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि पूजा सामग्री, कांवड़ सामग्री, खाद्य वस्तुओं एवं अन्य आवश्यक सामानों की दुकानों पर दर सूची प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा। होटल संचालकों को खाद्य सामग्री में उपयोग किए जाने वाले ब्रांड की सूची भी सार्वजनिक करनी होगी, ताकि श्रद्धालुओं को गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित भोजन उपलब्ध हो सके। वहीं सभी होटल एवं दुकानों में डस्टबिन रखना अनिवार्य होगा तथा प्रत्येक तीन घंटे पर कचरे का उठाव कराया जाएगा। आमजन से भी सुझाव प्राप्त कर व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता को सभी चापाकलों एवं पेयजल स्त्रोतों की जांच करने हेतु कहा गया है और सभी संबंधित विभागों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। डॉ चौधरी ने कहा कि कांवड़ियों के मार्ग में दुकानें सड़क छोड़कर लगाने का निर्देश दिया गया है। नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। नमामि गंगे घाट एवं सीढ़ी घाट पर एक-एक एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया। इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने कहा कि श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों के आवासन की समुचित व्यवस्था रहेगी तथा ड्यूटी पर तैनात सभी कर्मियों के लिए बायोमैट्रिक अटेंडेंस प्रणाली लागू की जाएगी। उन्होंने बताया कि मेला क्षेत्र में अतिरिक्त पेट्रोलिंग, अस्थायी थाना, पुलिस केंद्र, प्रकाश व्यवस्था, नदी पेट्रोलिंग, एंबुलेंस सेवा एवं भीड़ नियंत्रण की विशेष व्यवस्था की जाएगी। प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं चुस्त-दुरुस्त रहेगा, ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह, सिटी एसपी शैलेन्द्र सिंह, नगर आयुक्त किसलय कुशवाहा, अपर समाहर्ता दिनेश राम, अपर समाहर्ता राकेश रंजन, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन कुंदन कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी विकास कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुल्तानगंज तथा नगर परिषद सुल्तानगंज के संबंधित पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे।

# अखंड सौभाग्य की कामना में डूबीं सुहागिनें, वट वृक्ष के नीचे गूंजे मंगल गीत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बौंसी/बांका।** बौंसी प्रखंड में शनिवार को वट सावित्री व्रत श्रद्धा, आस्था और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह होते ही गांवों और मुहल्लों का वातावरण भक्तिमय हो उठा। सुहागिन महिलाएं सोलह श्रृंगार कर पारंपरिक परिधानों में सजी-धजी वट वृक्ष के नीचे पहुंचीं और पति की लंबी आयु, सुख-समृद्धि तथा परिवार की खुशहाली के लिए पूजा-अर्चना की। अहले सुबह से ही घरों में व्रत और पूजन की तैयारियां शुरू हो गई थीं। महिलाओं ने पारंपरिक व्यंजन बनाए और पूजा की सामग्रियों को सजाया। नई साड़ी, चूड़ी, बिंदी और सिंदूर से सुसज्जित महिलाएं समूहों में वट वृक्ष के पास पहुंचीं, जहां पूरे विधि-विधान के साथ पूजा संपन्न हुई। पूजन के दौरान महिलाओं ने अक्षत और रोली से तिलक कर भगवान विष्णु की आराधना की। इसके बाद वट वृक्ष के चारों ओर धागा लपेटते हुए परिक्रमा की गई और अखंड सौभाग्य की कामना की गई। कई स्थानों पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा कर पारंपरिक मंगल गीत गाए, जिससे माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। पूजा के उपरांत महिलाओं ने पंडितों से वट सावित्री व्रत की कथा सुनी। श्रद्धा के साथ माता सावित्री और सत्यवान की पौराणिक कथा का श्रवण किया गया। मान्यता है कि माता सावित्री ने वट वृक्ष के नीचे यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस प्राप्त किए थे। इसी कारण वट वृक्ष को अखंड सौभाग्य और पति की दीर्घायु का प्रतीक माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार वट वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास होता है। यही वजह है कि हिंदू धर्म में वट सावित्री व्रत को सुहागिन महिलाओं के प्रमुख पर्वों में विशेष स्थान प्राप्त है। बौंसी और बांका क्षेत्र में पर्व को लेकर महिलाओं में खास उत्साह देखा गया। मंदिरों और वट वृक्षों के आसपास सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। पूरे दिन क्षेत्र में धार्मिक और पारंपरिक माहौल बना रहा।



# एनडीए सरकार अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर कर रही कार्य : संजय सरावगी

## स्व श्रवण राम के परिजनों से की मुलाकात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** बिहार भाजपा के अध्यक्ष सह दरभंगा नगर के विधायक संजय सरावगी आज स्वर्गीय श्रवण राम के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाया और सांत्वना दी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह नगर विधायक संजय सरावगी ने परिजनों को भरोसा देते हुए कहा कि आप इस बात को मान लें कि आप अकेले नहीं हैं, पूरा तंत्र आपके साथ इस दुःख की घड़ी में खड़ा है। उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार जो सम्राट चौधरी के नेतृत्व में चल रही है, वह अपराध को लेकर जीरो टॉलरेंस की सरकार है। किसी भी प्रकार के अपराधी को त्वरित रूप से खोज निकाला जाता है और उसे कठोरतम सजा दी जा रही है। जिसके कई उदाहरण राज्य व जिला के सामने है। उन्होंने कहा कि इस मामले में जो भी अपराधी होगा, उसे गिरफ्तार किया जाएगा। मालूम हो कि विगत दिन शहर के हसन चौक स्थित दुर्गा मंदिर के समीप हुई दुखद घटना में अपराधियों द्वारा चेन छीनने के दौरान उन्हें पकड़ने का साहस दिखाने वाले स्थानीय निवासी चाय दुकानदार श्रवण राम को गोली लगने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। शोकाकुल कुल परिजनों को ढांढस बंधाने शनिवार की सुबह पहुंचे नगर विधायक सरावगी ने उनके परिजनों एवं उपस्थित सभी शहरवासियों को आश्वस्त किया कि एनडीए सरकार अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। प्रदेश अध्यक्ष सरावगी ने लोगों से कहा कि घटना के दिन से ही वे राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों सहित जिला के एसएसपी एवं पुलिस प्रशासन से लगातार संपर्क में हैं और अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कठोरतम सजा दिलाने को लेकर पूरी तरह सक्रिय हैं।



# स्वच्छता को लेकर यात्रियों को दिलाया गया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर स्टेशन पर शनिवार को स्वच्छता चुनौती अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान के तहत रेल अधिकारी प्रीतम कुमार एवं सीनियर डीएमई केके दास स्वच्छता स्वच्छता अपनाने को लेकर अधिकारी कर्मचारी के साथ रेल यात्रियों को जागरूक किया। उन्होंने स्टेशन परिसर में चलाए गए अभियान के तहत कहा कि रेलवे द्वारा स्वच्छता अपनाने को लेकर एक विशेष अभियान की शुरुआत की गई है। जिसके तहत स्टेशन परिसर में कहीं भी गंदगी नजर आती है तो उसकी शिकायत एवं फोटो खींचकर संबंधित पदाधिकारी को अगर जानकारी दिया जाए तो अगले 30 मिनट के अंदर वहां से गंदगी साफ कर दिया जाएगा। इस अनोखे अभियान तभी सफल होगा जब हम जागरूक होंगे और लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगे। अभियान के इस कड़ी में जमालपुर स्टेशन अधिकारी कर्मचारियों के साथ यात्रियों को स्वच्छता अपनाने का संकल्प दोनों अधिकारी ने दिलाया। अभियान के दौरान स्टेशन परिसर में पर्यावरण संरक्षण के दिशा में अधिकारियों ने पौधारोपण भी किया। मौके पर सीएचआई पंकज कुमार, स्काउट एंड गाइड से भानु प्रताप पाठक, एमके खान,खुशबू कुमारी, शालिनी कुमारी सहित कई मौजूद थे।




## कई युवा चेहरों ने जन सुराज पार्टी की ग्रहण की सदस्यता

**जमालपुर (मुंगेर)।** जन सुराज पार्टी की जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला सलाहकार समिति के सदस्य मोहम्मद मोकीम के आवासीय सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मोहम्मद साहब मलिक ने की एवं संचालन कार्य जिला प्रवक्ता रोहित सिन्हा ने किया। बैठक में सभी मनोनीत पदाधिकारी का परिचय और गर्मजोशी से स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस बैठक का उद्देश्य जिला समिति से लेकर प्रखंड समिति का एक सशक्त कमेटी का निर्माण अगले माह जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर के आगमन के पूर्व कर लिया जाएगा। बैठक में जमालपुर की कई युवा साथियों ने पार्टी की सदस्यता को ग्रहण किया। मौके पर आशीष कुमार, मोहम्मद अकील अख्तर, ऋतुराज, राकेश कुशवाहा, संजीत कुमार गुप्ता, रोहित कुमार, मोहम्मद नौशाद, मोहम्मद सनी, मोहम्मद गुड्डू, मोहम्मद जावेद, नवीन कुमार पंडित सहित कई मौजूद थे।

# लोक शिकायत कानून बना सहारा, दो साल बाद पीड़ित परिवार को मिला चार लाख का अनुदान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बांका।** बांका जिले में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम एक बार फिर आम लोगों के लिए राहत का माध्यम बना। सर्पदंश से हुई महिला की मौत के करीब दो वर्ष बाद उसके आश्रित परिवार को आखिरकार चार लाख रुपये की अनुग्रह अनुदान राशि स्वीकृत कर दी गई। जानकारी के अनुसार धोरैया थाना क्षेत्र के कुशमी गांव निवासी स्वर्गीय करिश्मा देवी की 23 नवंबर 2023 को सर्पदंश से मौत हो गई थी। घटना के बाद मृतका के पति ध्रुव कुमार सिंह ने सरकारी प्रावधान के तहत मिलने वाली अनुग्रह राशि के लिए आवेदन किया, लेकिन लंबे समय तक सहायता राशि नहीं मिलने पर उन्होंने अनुमंडल और जिला लोक शिकायत निवारण कार्यालय का दरवाजा खटखटाया। जब वहां भी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो अपीलार्थी ने द्वितीय अपील दायर की। मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित लोक शिकायत प्राधिकार ने आपदा प्रबंधन शाखा, बांका के प्रभारी पदाधिकारी को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया। जांच और समीक्षा के बाद जिला प्रशासन की ओर से कार्रवाई करते हुए जिला पदाधिकारी नवदीप शुक्ला के पत्रांक 359/आ0प्र0 दिनांक 15 मई 2026 के माध्यम से मृतका के आश्रित ध्रुव कुमार सिंह के लिए चार लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि स्वीकृत कर दी गई। साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी, बांका को शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया गया। करीब दो वर्षों तक सरकारी सहायता के इंतजार में रहे परिवार को अब राहत मिलने की उम्मीद जगी है। इस मामले ने यह भी दिखाया कि लोक शिकायत निवारण व्यवस्था के माध्यम से आम नागरिक अपनी लंबित समस्याओं का समाधान पाने में सफल हो सकते हैं।



## बागीचे में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**छपरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार में सारण जिले के गड़खा थाना क्षेत्र में शनिवार को आम के पेड़ से एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सिरहिंयां गांव निवासी आम बगीचा मालिक जब अपने बगीचे में पहुंचा तो उसने एक व्यक्ति का शव आम के पेड़ से लटका हुआ देखा। जिसके बाद उसने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी।

घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से उतार कर उसकी पहचान मढ़ौरा थाना क्षेत्र के तेजपुरवा टोला चैनपुर, मिर्ज़ापुर गांव निवासी साधु साह के पुत्र गुड्डू साह (39) के रूप में कराने के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है।

कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू
(अनु0जनजाति, अनु0जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण शाखा)
E-mail- dwo-palamau@jharkhandmail.gov.in

मरङ गोमके जयपाल सिंह मुण्डा पारदेशीय छात्रवृति योजना

आज उपायुक्त महोदय के द्वारा मरङ गोमके जयपाल सिंह मुण्डा पारदेशीय छात्रवृति योजना का प्रचार प्रसार के लिए रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। झारखण्ड राज्य के अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति/पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के अधिकतम 50 प्रतिभावान छात्र/छात्राओं को चयन कर प्रत्येक वर्ष United Kingdom of Great Britain and Northern Ireland में स्थित चयनित अग्रणी विश्वविद्यालयों/संस्थानों में उच्च स्तरीय शिक्षा यथा 01 (एक) वर्षीय मास्टर्स (Masters) हेतु छात्रवृति सहायता प्रदान की जाती है। अधिक जानकारी के लिए https://mgos.jharkhand.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला कल्याण पदाधिकारी,
पलामू।

PR 379986 (District) 26-27 (D)

# बाल अधिकार और पॉक्सो कानून पर कार्यशाला आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** पुलिस केंद्र, डिहरी (रोहतास) के सभागार में शनिवार को लॉ फाउंडेशन के संयोजन में 'बाल अधिकार, पॉक्सो अधिनियम एवं किशोर न्याय अधिनियम' विषय पर रोहतास जिले के सभी बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों के लिए एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन रोहतास के मुख्यालय पुलिस उपाधीक्षक ललन कुमार एवं लॉ फाउंडेशन के निदेशक डॉ. प्रवीण कुमार ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए किशोर न्याय पुलिस इकाई, रोहतास के प्रभारी मुख्यालय पुलिस उपाधीक्षक ललन कुमार ने कहा कि जिले के सभी थानों में बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी के नाम, पदनाम एवं मोबाइल नंबर प्रदर्शित किए जाएंगे, ताकि बच्चों एवं आमजन को आवश्यक सहायता आसानी से मिल सके। कार्यशाला का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों को बच्चों से जुड़े संवेदनशील मामलों में कानून सम्मत, मानवीय एवं बाल हितैषी दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रशिक्षित करना था। जिले के विभिन्न थानों से आए बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा कानून की बारीकियों पर विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया। प्रख्यात बाल अधिकार विशेषज्ञ एवं सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता अनंत कुमार अस्थाना ने बाल न्याय तंत्र की विभिन्न संस्थाओं—किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति एवं बाल न्यायालय—की भूमिका और पुलिस की कानूनी जिम्मेदारियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अपराध में प्रवृत्त बच्चों अथवा परिवार से बिछड़े बच्चों के मामलों में पुलिस की भूमिका केवल विधिक कार्रवाई तक सीमित नहीं है, बल्कि पुनर्वास, संरक्षण और पुनर्समेकन सुनिश्चित करना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने किशोर न्याय अधिनियम, 2015 एवं पॉक्सो अधिनियम, 2012 के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल देते हुए कहा कि संवेदनशील और अधिकार आधारित दृष्टिकोण से बच्चों को न्याय दिलाने के साथ उनके भविष्य को भी सुरक्षित किया जा सकता है। बाल अधिकार विशेषज्ञ सुनील झा ने कहा कि बाल न्याय कानूनों की समझ केवल कानूनी आवश्यकता नहीं, बल्कि पुलिस अधिकारियों की नैतिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि प्रक्रियात्मक त्रुटियां कई बार न्याय प्रक्रिया को प्रभावित कर देती हैं, इसलिए पुलिस अधिकारियों को बाल संरक्षण तंत्र, रिपोर्टिंग प्रणाली एवं पुनर्वास प्रक्रियाओं की स्पष्ट जानकारी होनी चाहिए।

बाल अधिकार कार्यकर्ता संतोष उपाध्याय ने कहा कि बच्चों को हर हाल में जेल जाने से बचाना राज्य एवं समाज दोनों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सुझाव दिया कि जिले के प्रत्येक थाने में बाल कल्याण पुलिस अधिकारी का नाम एवं मोबाइल नंबर प्रदर्शित करने वाला बोर्ड लगाया जाए। लॉ फाउंडेशन के निदेशक डॉ. प्रवीण कुमार ने कहा कि बच्चों से जुड़े संवेदनशील मामलों में पुलिस अधिकारियों का नियमित प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है। बाल कल्याण समिति, रोहतास के सदस्य ददन जी पाण्डेय ने कहा कि बच्चों का संरक्षण केवल प्रशासनिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्व भी है। कार्यशाला के अंत में प्रतिभागियों ने बाल अधिकार संरक्षण एवं बाल न्याय प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए अपने-अपने स्तर पर बेहतर कार्य करने का संकल्प लिया। धन्यवाद ज्ञापन अधिवक्ता संतोष कुमार ने किया। कार्यक्रम में शुभेदु शेखर, दीपशिखा, शालिनी एवं अधिवक्ता कुणाल कुमार भी उपस्थित रहे।

## अशोक चौधरी बने रोहतास के प्रभारी मंत्री, जदयू कार्यकर्ताओं में हर्ष



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार सरकार के मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग की अधिसूचना संख्या-04 के तहत बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी को रोहतास जिले का प्रभारी मंत्री नियुक्त किया गया है। उनके प्रभारी मंत्री बनाए जाने पर जनता दल यूनाइटेड कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में खुशी का माहौल है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जदयू रोहतास जिलाध्यक्ष बिन्दा चन्द्रवंशी ने कहा कि अशोक चौधरी पार्टी के ऊर्जावान, कर्मठ, ईमानदार एवं कर्तव्यनिष्ठ नेता हैं। उन्हें शासन और प्रशासन का लंबा एवं बेहतरीन अनुभव प्राप्त है। उन्होंने कहा कि श्री चौधरी पार्टी एवं सरकार में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं और रोहतास जिले के प्रभारी मंत्री के रूप में भी वे अपने दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करेंगे।

## ड्यूटी पर तैनात सिपाही को बालू लदे ट्रैक्टर ने रौंदा, मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** बालू माफियाओं के बढ़ते दुस्साहस को उजागर करने वाली एक सनसनीखेज घटना में शनिवार की सुबह सासाराम नगर थाना क्षेत्र के एसपी जैन कॉलेज मोड़ के समीप ड्यूटी पर तैनात एक सिपाही को बालू लदे ट्रैक्टर ने सरेआम रौंद दिया। गंभीर रूप से घायल सिपाही की वाराणसी ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक सिपाही की पहचान मुकेश कुमार के रूप में हुई है जो शहर के एंट्री प्वाइंट पर नो-एंट्री नियम लागू कराने के लिए तैनात थे। जानकारी के अनुसार सुबह करीब 9 बजे उन्होंने नो-एंट्री क्षेत्र में प्रवेश कर रहे एक बालू लदे ट्रैक्टर को रोकने का प्रयास किया, लेकिन ट्रैक्टर चालक ने रुकने के बजाय वाहन की रफ्तार बढ़ा दी और सिपाही को कुचलते हुए फरार हो गया। बताया जाता है कि ट्रैक्टर का पिछला चक्का मुकेश कुमार के शरीर के ऊपर से गुजर गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना के बाद स्थानीय लोगों और पुलिसकर्मियों ने आनन-फानन में घायल सिपाही को सासाराम सदर अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए वाराणसी ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही ट्रैफिक डीएसपी अमरकांत अस्पताल पहुंचे और मामले की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि फरार ट्रैक्टर चालक की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने साहस दिखाते हुए बालू लदे ट्रैक्टर का पीछा कर उसे पकड़ लिया। हालांकि अफरा-तफरी के बीच चालक मौके से फरार होने में सफल रहा। पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है।

## डीएम ने फरियादियों की समस्याओं के समाधान को लेकर अधिकारियों को दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिलाधिकारी उदिता सिंह के द्वारा जिलाधिकारी के कार्यालय प्रकोष्ठ में शनिवार को दैनिक साक्षात्कार किया। उक्त साक्षात्कार में कुल 8 व्यक्तियों द्वारा आवेदन अथवा शिकायत पत्र दिया गया जिसमें आवेदक हंसराज सिंह ग्राम-देलहुआ पोस्ट-इंदौर थाना-दिनारा के द्वारा जमाबंदी में नाम जोड़ने हेतु आवेदन पत्र दिया गया जिसे जांच कर अग्रेतर कार्रवाई हेतु अपर समाहर्ता सह अपर जिला दंडाधिकारी रोहतास को निदेशित किया गया। आवेदिका फूल कुमारी देवी ग्राम-कल्याणपुर के द्वारा गैस आपूर्ति के संबंध में शिकायत पत्र दिया गया जिसे शीघ्र ही जांच कर अग्रेतर कार्रवाई करने हेतु जिला आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। आवेदिका मन्ना कुंवर के द्वारा भूमि विवाद से संबंधित आवेदन पत्र दिया गया। उक्त आवेदन पत्र को जांच कर अविलम्ब कार्रवाई करने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डिहरी को निदेशित किया गया। इसी प्रकार शेष एक आवेदन पत्र को संबंधित कार्यालय/पदाधिकारी को शीघ्र निष्पादन हेतु अग्रसारित किया गया।

## शवदाहगृह स्थल के पास निजी मद से पेयजल की सुविधा

### अंचलाधिकारी ने शवदाहगृह स्थल के लिए जारी किया अनापत्ति प्रमाण पत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र के काराकाट नगर पंचायत में शवदाह गृह निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। अंचल अधिकारी काराकाट ने 25 जुलाई 2025 को पत्रांक 1148 के माध्यम से शवदाह गृह निर्माण हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी कर दिया है जिसे स्थानीय स्तर पर ऐतिहासिक पहल बताया जा रहा है। यह एनओसी मुख्य पार्षद राधिका कुमारी के 26 जून 2025 के पत्र के आलोक में जारी की गई। पत्र के बाद राजस्व कर्मचारी एवं अंचल अमीन से भूमि का सत्यापन कराया गया। सत्यापन में गोडारी मौजा, थाना नं 666, खाता 400, खेसरा 1105 की कुल 30 डिसमिल भूमि में से 03 डिसमिल पुरानी परती जमीन को शवदाह गृह निर्माण हेतु उपयुक्त पाया गया। यह भूमि अनाबाद बिहार सरकार के नाम दर्ज है। अंचल अधिकारी ने स्पष्ट किया कि उक्त भूमि पर शवदाह गृह का निर्माण किया जा सकता है। इस बीच मुख्य पार्षद प्रतिनिधि मुन्ना भारती ने मानवीय संवेदना दिखाते हुए निजी मद से प्रस्तावित शवदाह गृह स्थल के पास एक चापाकल लगवा दिया है। अंतिम संस्कार में आने वाले लोगों को शुद्ध पेयजल और स्नान आदि की सुविधा के लिए लंबे समय से इसकी मांग की जा रही थी। चापाकल लगने से स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों ने मुन्ना भारती के इस कार्य की काफी प्रशंसा की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शवदाह गृह के लिए एनओसी मिलना और मूलभूत सुविधा का इंतजाम होना बड़ी राहत है। वर्षों से लोग खुले में अंतिम संस्कार करने को मजबूर थे और बारिश में काफी परेशानी होती थी। अब व्यवस्थित शवदाह गृह बनने से सम्मानजनक अंतिम संस्कार संभव होगा। मुख्य पार्षद राधिका कुमारी ने कहा कि एनओसी मिलते ही आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी और जल्द निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। इस पहल से काराकाट के लोगों को अंतिम संस्कार के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी और बरसों पुरानी समस्या का समाधान होगा।

## जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** जिला एथलेटिक्स संघ के तत्वाधान में जिला मुख्यालय सासाराम के स्थानीय एसपी जैन महाविद्यालय के मैदान में कल आरम्भ हुई तीन दिवसीय जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे दिन भी जिले भर के खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया। इस बात की विस्तृत जानकारी देते हुए जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव विनय कृष्ण ने बताया कि इस जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जिले से कुल 47 टीमों/विद्यालयों के एथलीटों ने हिस्सा लिया जिसमें प्रमुख रूप से द डीपीएस बिक्रमगंज, ऑक्सफोर्ड कान्वेंट स्कूल सासाराम, बाल विकास विद्यालय सासाराम, विनायदा ण्केडमी, बिक्रमगंज, उच्च माध्यमिक विद्यालय सेमरी, गांधी स्मारक उच्च माध्यमिक विद्यालय पचपोखरी, प्रज्ञा निकेतन पब्लिक स्कूल सासाराम, उच्च विद्यालय पैगा, नासरीगंज, उच्च विद्यालय कोचस, उच्च माध्यमिक विद्यालय बौलिया, संत अन्ना विद्यालय, बुढ़न, डी ए वी पब्लिक स्कूल सेमरा,बिक्रमगंज उच्च माध्यमिक विद्यालय अवधेशनगर, बेलवाई, उच्च विद्यालय दरीगांव, केंद्रीय विद्यालय सासाराम, डी ए वी पब्लिक स्कूल कटार, डी ए वी पब्लिक स्कूल सासाराम,उच्च विद्यालय शिवपुर, मेजर ध्यानचंद क्लब तिलौथू, श्री कृष्णा एकेडमी चौखंडॉ चितौली, सासाराम स्पोर्ट्स क्लब, स्टेडियम स्पोर्ट्स क्लब सासाराम सहित कई टीमों ने हिस्सा लिया।

## डीडीयू मंडल में 'मिशन लाइफ' के साथ विश्व पर्यावरण दिवस अभियान का शुभारंभ

### पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाकर 'पर्यावरण प्रहरी' बनें रेलकर्मी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** पूर्व मध्य रेल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में विश्व पर्यावरण दिवस अभियान का शुभारंभ मिशन लाइफ के साथ किया गया। 15 मई से 5 जून 2026 तक चलने वाले इस विशेष अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता तथा सतत जीवनशैली को जन-जन तक पहुंचाना है। अभियान का शुभारंभ बाकले स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम से हुआ जहां मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) उदय सिंह मीना ने अधिकारियों, कर्मचारियों, स्काउट एवं गाइड सहित उपस्थित रेल परिवार को हरित शपथ दिलाई। इस अवसर पर सभी ने अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण हितैषी व्यवहार अपनाने, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण के निर्माण में सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया। मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने अपने संबोधन में कहा कि रेलकर्मी स्वयं पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाते हुए अपने परिवार, सहकर्मियों तथा समाज के अन्य लोगों को भी जागरूक करें तथा 'पर्यावरण प्रहरी' की भूमिका निभाते हुए इस अभियान को जनभागीदारी का स्वरूप प्रदान करें। इसके उपरांत पर्यावरण संरक्षण एवं स्वस्थ जीवनशैली के संदेश को जनसामान्य तक पहुंचाने के उद्देश्य से बाकले स्टेडियम से मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय तक विशेष साइकिल रैली आयोजित की गई जिसमें मंडल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। अभियान के प्रथम चरण में मिशन लाइफ तथा जलवायु परिवर्तन विषय पर केंद्रित जागरूकता गतिविधियां प्रारंभ की गई है। मंडल के विभिन्न स्टेशनों, कार्यालय परिसरों एवं अन्य प्रमुख स्थलों पर 'सिंगल यूज प्लास्टिक को ना कहें' सहित पर्यावरण संरक्षण, जल एवं ऊर्जा बचत, स्वच्छता तथा हरित जीवनशैली से जुड़े संदेश पोस्टर, बैनर एवं डिजिटल माध्यमों से प्रसारित किए जा रहे हैं। यात्रियों एवं रेलकर्मियों को पुनः उपयोग योग्य वस्तुओं के प्रयोग, डिजिटल सेवाओं को अपनाने तथा अपशिष्ट प्रबंधन के प्रति भी जागरूक किया जा रहा है। अभियान के आगामी चरणों में स्वच्छता अभियान, प्लास्टिक उन्मूलन, 'एक पेड़ मां के नाम' वृक्षारोपण, जल एवं ऊर्जा संरक्षण सहित विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मंडल द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह अभियान निरंतर संचालित किया जाएगा।

## कैथी गांव में यज्ञ भंडारा संपन्न

### सामाजिक कार्यकर्ता ओमजी ने शिक्षा व नशामुक्त समाज का दिया संदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम/तिलौथू।** तिलौथू प्रखंड के कैथी गांव में आयोजित यज्ञ एवं भंडारा कार्यक्रम का समापन श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक जागरूकता के संदेश के साथ संपन्न हुआ। समापन अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया और धार्मिक माहौल में सहभागिता निभाई। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता ओमजी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज के विकास का सबसे मजबूत आधार शिक्षा होती है। बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाना और युवाओं को सही दिशा देना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने ग्रामीणों से नशामुक्त वातावरण बनाने की अपील करते हुए कहा कि नशा समाज और परिवार दोनों को कमजोर करता है। यदि गांव के लोग मिलकर संकल्प लें तो आने वाली पीढ़ी को एक स्वस्थ और सकारात्मक माहौल दिया जा सकता है। कार्यक्रम में ओमजी अपने मित्र साथियों एवं यज्ञ आयोजन समिति के सदस्यों के साथ मौजूद रहे। सभी ने सामाजिक एकता, आपसी भाईचारे और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने का संदेश दिया। ग्रामीणों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए शिक्षा और सामाजिक सुधार के प्रति सहयोग का भरोसा जताया।

## नारायणपुर ने बिक्रमगंज को 10 विकेट से हराकर खिताब जीता




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र में काराकाट नगर पंचायत अंतर्गत गोडारी मुख्यालय पर शुक्रवार रात से आयोजित नाइट क्रिकेट लीग का रोमांचक फाइनल शनिवार दोपहर संपन्न हुआ। नाइट क्रिकेट कमेटी के अध्यक्ष दीपक कुमार के नेतृत्व में हुए गोडारी प्रीमियम लीग 2026 में 16 टीमों ने भाग लिया। शुक्रवार रात उद्घाटन मुख्य अतिथि उपमुख्य पार्षद रविश रंजन ने फीता काटकर और आतिशबाजी के साथ किया। इस दौरान वार्ड पार्षद संजय राम, संतोष कुमार, दिलीप कुमार और विशाल भारती मौजूद रहे। फाइनल में भोजपुर के नारायणपुर ने बिक्रमगंज को 10 विकेट से हराकर खिताब जीता। टॉस जीतकर पहले खेलते हुए बिक्रमगंज ने छह ओवर में 85 रन बनाए। जवाब में नारायणपुर ने 5 ओवर 2 गेंद में 86 रन बनाकर एकतरफा जीत दर्ज की। नारायणपुर के विकास कुमार ने शानदार खेल दिखाते हुए प्लेयर ऑफ द सीरीज और प्लेयर ऑफ द मैच दोनों पुरस्कार जीते, साथ ही ऑरेंज कैप भी हासिल की। उन्हें 32 इंच एलईडी टीवी और मोबाइल दिया गया। बिक्रमगंज के रोशन विराट को बेस्ट फील्डर और रॉकी को बेस्ट बैट्समैन चुना गया। विजेता नारायणपुर को मुख्य अतिथि रविश रंजन ने ट्रॉफी, मेडल और 15,000 रुपये नकद दिए जबकि उपविजेता बिक्रमगंज को ट्रॉफी व 6,000 रुपये मिले। आयोजन में ग्रामीणों की भारी भीड़ और जोश दिखा। समाजसेवी पिंकू पांडे, कमेटी उपाध्यक्ष युवराज सिंह, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार, व्यवस्थापक पवन राज उर्फ मल्लू सहित कई लोग पुरस्कार वितरण में शामिल हुए।

## वट सावित्री व्रत की पूजा के लिए महिलाओं ने की बरगद वृक्ष की परिक्रमा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**विक्रमगंज (रोहतास)।** वट सावित्री व्रत का अनुष्ठान शनिवार को अनुमंडल क्षेत्र के सभी इलाके में महिलाओं के द्वारा धूमधाम से की गई। बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र के तेंदूनी गांव धारूपुर बिक्रमगंज थाना धनगाई के अलावे प्रखंड काराकाट के गोडारी, करूप, देव मारकंडे, सकला, सांझौली, राजपुर, नासरीगंज, सूर्यपुरा, दावथ एवं दिनारा सहित विभिन्न प्रखंडों में तथा ग्रामीण क्षेत्र में वट वृक्ष की परिक्रमा करते हुए हजारों महिलाओं ने पूजा अर्चना की। ज्येष्ठ मास की अमावस्या को सुहागिन महिलाओं द्वारा मनाया जाने वाला वट सावित्री व्रत पति की लंबी आयु, सुखी वैवाहिक जीवन और अखंड सौभाग्य के लिए रखा जाता है। इस दिन वट वृक्ष की पूजा का विशेष विधान है। पंडित लाल बाबू दुबे एवं शुभराज पांडे ने बतलाते हुए कहा कि पौराणिक मान्यता के अनुसार मद्र देश के राजा अश्वपति की पुत्री सावित्री ने जंगल में रहने वाले सत्यवान से विवाह किया था। नारद मुनि ने सावित्री को बताया कि सत्यवान अल्पायु है और विवाह के एक वर्ष बाद ही उनकी मृत्यु हो जाएगी। सावित्री अडिग रही और विवाह के बाद सत्यवान के साथ वन में रहने लगी। नियत दिन जब यमराज सत्यवान के प्राण लेने आए तो सावित्री ने भी उनका पीछा किया। सावित्री के पतिव्रत धर्म और बुद्धिमत्ता से प्रसन्न होकर यमराज ने तीन वरदान मांगने को कहा। सावित्री ने पहले सास-ससुर के नेत्र ज्योति और राज्य, फिर अपने पिता के लिए 100 पुत्र मांगे। तीसरे वरदान में उसने अपने लिए 100 पुत्रों की माता बनने का वर मांगा। यमराज को विवश होकर सत्यवान के प्राण लौटाने पड़े जिस वट वृक्ष के नीचे यह घटना घटी, उसी की पूजा की परंपरा शुरू हुई। वट वृक्ष को ब्रह्मा, विष्णु और महेश का प्रतीक माना जाता है। इसकी जड़ में ब्रह्मा, तने में विष्णु और शाखाओं में शिव का वास है। इसकी पूजा से त्रिदेव का आशीर्वाद मिलता है। इस व्रत में महिलाएं प्रातः स्नान कर सोलह श्रृंगार करती हैं। वट वृक्ष को जल, रोली, अक्षत, फूल चढ़ाकर कच्चा सूत लपेटते हुए 7 या 108 बार परिक्रमा करती हैं। सावित्री-सत्यवान की कथा सुनी जाती है। वट वृक्ष दीर्घायु है, इसलिए इसे अखंड सौभाग्य से जोड़ा गया है। निर्जला या फलाहारी व्रत रखा जाता है। यह पर्व नारी शक्ति, समर्पण और संकल्प का प्रतीक है।


## कार्यालय, उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, गढ़वा

ज्ञापांकः– गढ़वा, दिनांकः–

**–: सूचना :–**

सदर अस्पताल, गढ़वा में अन्तः विभाग में भरती मरीज के लिए डाईट चार्ट के अनुसार पथ्य उपलब्ध कराने हेतु प्रकाशित इच्छा की अभिव्यक्ति संख्या–01/2026–2027 के शर्तें में Jharkhand Procurment Policy, 2014 के तहत् इच्छा की अभिव्यक्ति निष्पादित की जाएगी, सामहित किया जाता है। एतद् संबंधी विस्तृत सूचना गढ़वा जिले के बेबाईट https://garhwa.nic.in पर उपलब्ध है।

उपाधीक्षक,
सदर अस्पताल, गढ़वा

PR 379997 Health Med Edu and Family Welfare(26-27).D



## प्रपत्र VII
### समाहरणालय, गढ़वा
### (जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा) या
### समाहर्त्ता या समुचित सरकार

**अधिघोषणा**

(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)

अधिघोषणा संख्या 310/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 11.05.2026

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना **NH-75 से मझिऑव PWD पथ भाया बिकताम–दलेली पथ चौडीकरण योजना** हेतु ग्राम–खजुरी, थाना–गढ़वा, थाना सं0–222, अंचल–गढ़वा, जिला–गढ़वा में कुल :– **0.52500** एकड़ भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश **0.52500** एकड़ है और जो ग्राम–खजुरी, थाना–गढ़वा, थाना सं0–222, अंचल–गढ़वा, जिला–गढ़वा में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0,द0,पू0,प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 70 | 150 | बकास्त | – | 0.08240 | रजनीश कान्त दुबे पिता–स्व0 देवनारायण दुबे | उ0–नीज द0–बलराम बिन्द वगै0 पू0–रास्ता प0–नीज |
| 2 | 70 | 150 | बकास्त | – | 0.07400 | अशोक प्रसाद यादव पिता–स्व0 हरिनाथ प्र0 यादव | उ0–नीज द0–नीज पू0–नीज प0–रास्ता |
| 3 | 70 | 150 | बकास्त | – | 0.03700 | राजन यादव पिता–स्व0 अवधेश प्र0 यादव | उ0–नीज द0–नीज पू0–नीज प0–रास्ता |
| 4 | 70 | 150 | बकास्त | – | 0.03700 | अकाश यादव पिता–स्व0 मदन प्र0 यादव | उ0–नीज द0–नीज पू0–नीज प0–रास्ता |
| 5 | 70 | 150 | बकास्त | – | 0.25660 | अज्ञात | उ0–रास्ता द0–रास्ता पू0–रास्ता प0–रास्ता |
| 6 | 70 | 161 | बकास्त | – | 0.00400 | जगेश्वर प्रसाद यादव पिता–स्व0 बेनी प्रसाद यादव | उ0–मीना देवी द0–नहर पू0–नीज प0–रास्ता |
| 7 | 70 | 161 | बकास्त | – | 0.03400 | अज्ञात | उ0–रास्ता द0–रास्ता पू0–रास्ता प0–रास्ता |
| कुल :– | | | | | 0.52500 | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या :– शून्य,

जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :– ग्राम–खजुरी, थाना–मेराल, थाना सं0–222, अंचल–मेराल, जिला–गढ़वा, क्षेत्रफल– 0, एकड़– 0, जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है :– शून्य

उपायुक्त,
गढ़वा

PR 380033 Land Reforms(26-27).D

# दिशा की बैठक में विकास योजनाओं की गहन समीक्षा, जनप्रतिनिधियों ने उठाए कई अहम मुद्दे

## अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ | सकारात्मक एवं उपयोगी रही दिशा की बैठक : प्रमोद सिंह



**औरंगाबाद।** जिले में केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, विकास कार्यों की निगरानी तथा योजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने को लेकर शनिवार को औरंगाबाद समाहरणालय स्थित योजना भवन में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सांसद अभय कुमार सिन्हा ने की। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने स्पष्ट कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनप्रतिनिधियों ने योजनाओं को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से लागू करने पर विशेष बल दिया। बैठक में रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह, औरंगाबाद विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, ओबरा विधायक प्रकाश चंद्रा तथा कुटुंबा विधायक ललन राम ने कई महत्वपूर्ण जनसमस्याओं एवं विकास कार्यों को उठाया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सड़क, बिजली, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं का धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए ताकि आम लोगों को सीधे लाभ मिल सके। बैठक के दौरान बालू के अवैध खनन का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि अवैध खनन के कारण सरकार को राजस्व की भारी क्षति हो रही है तथा पर्यावरणीय नुकसान भी बढ़ रहा है। इस पर प्रशासन को सख्त कार्रवाई करने तथा अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए प्रभावी रणनीति बनाने की मांग की गई। बैठक में सांसद अभय कुमार सिन्हा ने दानी बिगहा बस स्टैंड का नामकरण रामविलास सिंह बस स्टैंड किए जाने का प्रस्ताव रखा। हालांकि इस प्रस्ताव पर रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने आपत्ति जताते हुए कहा कि यह विषय नगर परिषद से संबंधित है और दिशा की बैठक के दायरे में नहीं आता। इस मुद्दे को लेकर बैठक में कुछ देर चर्चा भी हुई। बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सभी योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा योजनाओं में किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं एजेंसियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जनप्रतिनिधियों ने यह भी कहा कि योजनाओं की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए और जनता की शिकायतों का त्वरित समाधान किया जाए। बैठक के बाद विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि दिशा की बैठक सकारात्मक एवं उपयोगी रही। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू करने तथा उनकी प्रभावी निगरानी को लेकर गंभीर चर्चा हुई। साथ ही योजनाओं में गड़बड़ी रोकने और विकास कार्यों को गति देने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए। बैठक को जिले में विकास कार्यों की समीक्षा और जनसमस्याओं के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। बैठक में औरंगाबाद विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, ओबरा विधायक प्रकाश चन्द्रा, विधायक रफीगंज प्रमोद कुमार सिंह, कुटुंबा विधायक ललन राम, नबीनगर विधायक चेतन आनंद, गोह विधायक अमरेंद्र कुमार कुशवाहा, पुलिस अधीक्षक अंबरीष राहुल, उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता आपदा उपेंद्र पंडित, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ़्तेख़ार आलम, आदि उपस्थित थे।

### विधायक प्रमोद सिंह एवं त्रिविक्रम नारायण सिंह ने उठाए जनहित से जुड़े कई मुद्दे

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** विधायक प्रमोद सिंह एवं त्रिविक्रम नारायण सिंह ने दिशा की बैठक में जिले की विभिन्न जनसमस्याओं एवं विकास कार्यों को लेकर प्रशासन के समक्ष कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए। उन्होंने कृषि, शिक्षा, सड़क, पेयजल, यातायात, सामाजिक सुरक्षा एवं किसानों से जुड़े मामलों पर विशेष ध्यान आकृष्ट करते हुए त्वरित कार्रवाई की मांग की। विधायक प्रमोद सिंह ने बालू के अवैध खनन तथा सरकारी राजस्व की क्षति पहुंचाने का मुद्दा उठाया। विधायक ने कहा कि जिले में कृषि फीडर लगाने के निर्धारित लक्ष्य को शीघ्र पूरा किया जाए ताकि किसानों को सिंचाई के लिए निर्बाध बिजली उपलब्ध हो सके। इसके साथ ही विद्यालयों में नए लैब की स्थापना कराने तथा खराब पड़े नल-जल योजनाओं की मरम्मत कराने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि औरंगाबाद प्रखंड के दोसमा में रेलवे परियोजना तथा कुटुंबा क्षेत्र में भारतमाला प्रोजेक्ट के कार्य के दौरान कई सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही हैं। ऐसे में संबंधित एजेंसियों की जवाबदेही तय करते हुए सड़कों की मरम्मत सुनिश्चित कराई जानी चाहिए। एनएच-19 पर बढ़ती दुर्घटनाओं और यातायात दबाव का मुद्दा उठाते हुए विधायक ने कहा कि जिले में दो स्थानों पर प्रस्तावित फुट ओवरब्रिज निर्माण से पहले क्षत्रिय नगर के समीप अंडरपास का निर्माण कराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि फुट ओवरब्रिज का निर्माण किया जाता है तो स्थानीय लोगों को विश्वास में लेकर ही कार्य किया जाए।

# लापता बच्चे का शव पोखर में मिला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** देव थाना क्षेत्र के नयापुर गांव से लापता बच्चे का शव पोखर में मिला है। शव मिलने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक की पहचान सतीश कुमार(8) के तौर पर हुई है। सतीश शुक्रवार शाम करीब चार बजे घर से खेलने के लिए निकला था। देर शाम तक जब वह वापस नहीं लौटा तो परिवार वालों को चिंता हुई। रात आठ बजे के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने उसकी खोजबीन शुरू की। गांव के आसपास, रिश्तेदारों और संभावित स्थानों पर काफी तलाश की गई, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद परिजनों ने थाना पहुंचकर बच्चे की गुमशुदगी की सूचना दी। शनिवार की सुबह परिजन और कुछ ग्रामीण उसी रास्ते से होते हुए थाना की ओर गए लेकिन उस समय पोखर में कुछ दिखाई नहीं दिया। करीब आधे घंटे बाद आसपास के लोगों ने पोखर में एक बच्चे का शव तैरता देखा। सूचना मिलते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जब शव को बाहर निकाला गया तो उसकी पहचान सतीश कुमार के रूप में हुई। परिजनों ने आशंका जताई है कि बच्चे की हत्या कर शव को पोखर में फेंका गया है। मृतक के पिता अक्षय कुमार ने बताया कि उनके बेटे के मुंह से खून निकल रहा था जिससे हत्या की आशंका और गहरा गई है। मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही है।

# अपराधियों के विरुद्ध करें सख्त कार्रवाई : विकास वैभव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** जिले की कानून-व्यवस्था एवं अपराध पर नियंत्रण को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से शनिवार को समाहरणालय में मगध प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक विकास वैभव ने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में पुलिस अधीक्षक, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, डीएसपी रक्षित, डीएसपी मुख्यालय-01 एवं 02, डीएसपी यातायात सहित सभी थानाध्यक्ष मौजूद रहे। बैठक के दौरान पुलिस महानिरीक्षक ने एक-एक कर सभी थानाध्यक्षों से परिचय प्राप्त किया तथा जिले की वर्तमान विधि-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों के निष्पादन, गश्ती व्यवस्था, जनता से पुलिस के व्यवहार एवं थाना स्तर पर हो रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए तथा अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि पुलिसिंग का उद्देश्य केवल अपराध नियंत्रण नहीं बल्कि आम लोगों में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण तैयार करना भी है। इसके लिए पुलिस पदाधिकारियों को संवेदनशील एवं जवाबदेह बनकर कार्य करना होगा। बैठक में विशेष रूप से जनसहभागिता बढ़ाने, थाना स्तर पर शिकायतों का शीघ्र निष्पादन करने, रात्रि गश्ती को मजबूत करने तथा कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में सतर्कता बरतने पर जोर दिया गया। पुलिस महानिरीक्षक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी पदाधिकारी अनुशासन और पारदर्शिता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने पुलिस बल को अधिक सक्रिय, अनुशासित एवं जनोन्मुख बनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि बेहतर पुलिसिंग से ही जनता का विश्वास मजबूत होगा। बैठक के अंत में जिले में अपराध नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# देव सूर्य मंदिर की दान पेटी में मिले 9.63 लाख रुपये

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** विश्व प्रसिद्ध सूर्य नगरी देव स्थित ऐतिहासिक सूर्य मंदिर में श्रद्धालुओं की अटूट आस्था एक बार फिर देखने को मिली। लगभग 44 दिनों के बाद सूर्य मंदिर न्यास समिति द्वारा मंदिर परिसर में स्थापित दान पेटी खोली गई जिससे कुल 9 लाख 63 हजार 745 रुपये की राशि प्राप्त हुई। इतनी बड़ी राशि मिलने के बाद मंदिर प्रशासन और श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। दान पेटिका खोलने की प्रक्रिया मंदिर न्यास समिति की देखरेख में पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई गई। इस दौरान सचिव गुड्डू जी, सह सचिव रामचंद्र चौरसिया, योगेंद्र कुमार सिंह एवं सदस्य गंगा भाष्कर सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। घंटों चली गिनती के बाद दान राशि का अंतिम आंकड़ा सामने आया। मंदिर न्यास समिति की ओर से बताया गया कि प्रारंभिक गणना के दौरान राशि जोड़ने में तकनीकी त्रुटि हो गई थी। बाद में पुनः मिलान कर सही आंकड़ा जारी किया गया। समिति ने स्पष्ट किया कि अंतिम रूप से कुल 9,63,745 रुपये प्राप्त हुए हैं।

# महिलाओं ने की अटल सुहाग की कामना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** अटल सुहाग की कामना को लेकर महिलाओं ने शनिवार को विधि-विधान से वट वृक्ष की पूजा की। अहले सुबह से ही महिलाएं बांस का पंखा, कच्चा सूत, कलश, दीपक, फल के साथ ही अन्य सामग्री लेकर वट वृक्ष के नीचे पहुंच गई। वट वृक्ष में कच्चा सूत लपेट परिक्रमा कर अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए प्रार्थना की। वृक्ष के नीचे सुहागन महिलाएं पंडितों से सत्यवान और सावित्री की कथा का श्रवण किया। इस व्रत को करने वाली महिलाएं नए वस्त्र पहन और श्रृंगार कर श्रद्धा के साथ इस व्रत का अनुष्ठान किया। शनिवार को पूरे दिन उपवास रखीं। वट वृक्ष की परिक्रमा करने के बाद घर आकर महिलाएं अपने पति को प्रसाद देने के साथ आशीर्वाद लिया। महिलाओं ने कहा कि इस दिन माता सावित्री अपने दृढ़ संकल्प से अपने मृत पति सत्यवान के प्राण यमराज से वापस पायी थी। इसलिए सुहागन महिलाओं के लिए यह व्रत काफी फलदायी माना जाता है। इस व्रत को करने वाली महिलाओं के पति को लंबी आयु की प्राप्ति होती है। पं. मुकेश पाठक ने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति ऐसी है कि हम न सिर्फ पत्थर की मूर्ति को पूजते हैं अपितु पेड़-पौधे, जीव-जंतु, जल, अग्नि सभी की पूजा करते हैं। व्रत सौभाग्य संतान प्राप्ति में भी सहायक है। व्रत में वट व सावित्री दोनों का विशेष महत्व है।

# अपहरण के बाद हत्या कर भाग रहे ओड़िशा के तीन अपराधी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। एनएच-19 पर चलाए जा रहे सघन वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस ने हत्या के मामले में फरार तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधी उड़ीसा में अपहरण और हत्या की घटना को अंजाम देकर स्कॉर्पियो से उत्तर प्रदेश की ओर भाग रहे थे। पुलिस ने अपराधियों के पास से एक काले रंग की स्कॉर्पियो भी जब्त की है जिसका उपयोग वारदात के बाद भागने में किया जा रहा था। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान उड़ीसा के रायगडा जिला निवासी उमेश हयाल, विल्सन शामली और अक्षय संबल के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि तीनों अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सक्रिय अपराधी गिरोह से जुड़े हैं और हत्या समेत कई संगीन मामलों में वांछित थे। इनके गिरोह में दर्जनभर से अधिक अपराधियों के शामिल होने की बात सामने आई है। मिली जानकारी के अनुसार, तीनों अपराधियों ने रायगडा से एक व्यक्ति का अपहरण किया था और बाद में उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद वे स्कॉर्पियो से उत्तर प्रदेश की ओर फरार हो रहे थे। इसी दौरान मदनपुर थानाध्यक्ष राजेश कुमार के नेतृत्व में मदनपुर बाजार के समीप एनएच-19 पर सघन वाहन जांच अभियान शुरू किया जिसमें तीनों पकड़े गये।

### आइजी को उपलब्ध कराई पोक्सो कोर्ट में निष्पादित मामलों की सूची

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** व्यवहार न्यायालय में के पोक्सो कोर्ट के स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने मगध प्रमंडल के आइजी विकास वैभव को बुके देकर सम्मानित किया। इस क्रम में उन्होंने आइजी को व्यवहार न्यायालय के पोक्सो कोर्ट में वर्ष 2025 एवं 2026 में निष्पादित मामलों की सूची भी उपलब्ध कराई। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में कुल 134 मामलों का निष्पादन किया गया जिनमें 22 मामलों में सजा सुनाई गई। वहीं वर्ष 2026 में अब तक 75 मामलों का निष्पादन किया जा चुका है जिनमें 12 मामलों में सजा सुनाई गई है। इसके अतिरिक्त वर्तमान में 201 मामलों में तेजी से ट्रायल चल रहा है। उन्होंने कहा कि पोक्सो मामलों के त्वरित निष्पादन एवं पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाने के लिए अनुसंधान की गुणवत्ता अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# मगध प्रक्षेत्र के आइजी विकास वैभव का डीएम ने किया स्वागत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** मगध प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक विकास वैभव के औरंगाबाद आगमन पर शनिवार को जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर जिला एवं पुलिस प्रशासन के कई वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों के बीच जिले की विधि-व्यवस्था, जनसुरक्षा एवं विकासात्मक गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिला एवं पुलिस प्रशासन के बेहतर समन्वय के माध्यम से जिले में शांति व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने तथा जनहित से जुड़े कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर बल दिया गया। अधिकारियों ने कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने एवं आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान को प्राथमिकता देने की बात कही। इस मौके पर प्रशासनिक समन्वय और विकास कार्यों की गति बढ़ाने को लेकर भी विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया।

# 26 सूत्री मांगों को लेकर स्वास्थ्यकर्मियों का प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बिहार चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के बैनर तले शनिवार को जिले के स्वास्थ्य कर्मियों ने अपनी 26 सूत्री मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। सदर अस्पताल परिसर से निकाला गया विरोध मार्च शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए रमेश चौक पहुंचा जहां कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के बाद संघ के प्रतिनिधिमंडल ने सिविल सर्जन कार्यालय पहुंचकर अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व संघ के जिला संयोजक संजय कुमार सिंह एवं सह संयोजक राकेश कुमार सिंह ने किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में स्वास्थ्य कर्मी, एएनएम, परिचारिका, लिपिक और संविदा कर्मी शामिल हुए। कर्मचारियों ने नई पेंशन योजना (एनपीएस) एवं यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) को समाप्त कर 1 सितंबर 2005 से पुरानी पेंशन योजना लागू करते हुए सभी कर्मियों को पूर्ण पेंशन का लाभ देने की मांग उठाई। कर्मचारियों का कहना था कि वर्तमान पेंशन व्यवस्था कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित नहीं कर पा रही है। संघ नेताओं संजय कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह, राजीव कुमार, पंकज कुमार, भरत प्रसाद सिंह, मंजू कुमारी, उषा कुमारी, प्रेमलता कुमारी और कांति कुमारी समेत अन्य ने कहा कि लंबे समय तक सेवा देने के बावजूद कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद आर्थिक असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने महिला एएनएम और अन्य महिला कर्मियों को गृह जिला अथवा निकटतम सीमावर्ती जिले में पदस्थापन देने की मांग भी उठाई। साथ ही परिचारिका श्रेणी-ए, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता और लिपिक संवर्ग के सामूहिक स्थानांतरण पर रोक लगाने की मांग की गई। एनएचएम कर्मियों की समस्याओं को उठाते हुए नेताओं ने कार्य बहिष्कार अवधि के मानदेय भुगतान की मांग की। प्रदर्शन में अनिल कुमार सिंह, गोल्डन कुमार, दीपक पाठक, रेणु कुमारी, सुलेखा कुमारी, इंदु कुमारी, अहमद अंसारी, कलीम अंसारी सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्य कर्मी शामिल रहे। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक पहल नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# डेंगू से बचाव को ले लोगों को किया जागरूक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर शनिवार को सदर अस्पताल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को डेंगू संक्रमण, उसके लक्षण, बचाव व रोकथाम के उपायों के प्रति जागरूक करना था। इस क्रम में चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों ने उपस्थित लोगों को डेंगू से बचाव के लिए स्वच्छता अपनाने और मच्छरों से सुरक्षा के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मरीज, परिजन व स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में चिकित्सकों ने बताया कि डेंगू एडीज एजिप्टी नामक मच्छर के काटने से फैलने वाला वायरल संक्रमण है। यह मच्छर मुख्य रूप से साफ और जमा पानी में पनपता है व दिन के समय अधिक सक्रिय रहता है। चिकित्सकों ने लोगों से अपील की कि वे अपने घरों और आसपास साफ-सफाई रखे। कहीं भी पानी जमा न होने दें। कहा कि थोड़ी सी लापरवाही भी डेंगू संक्रमण का कारण बन सकती है। चिकित्सकों ने डेंगू के प्रमुख लक्षणों की जानकारी देते हुए बताया कि तेज बुखार, सिरदर्द, आंखों के पीछे दर्द, शरीर एवं जोड़ों में तेज दर्द, कमजोरी और त्वचा पर लाल चकत्ते इसके सामान्य लक्षण हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सकीय जांच कराने की सलाह दी गई। चिकित्सकों ने बताया कि समय पर इलाज नहीं मिलने पर मरीज की स्थिति गंभीर हो सकती है और प्लेटलेट्स कम होने के साथ रक्तसाव जैसी समस्या भी उत्पन्न हो सकती है। कार्यक्रम में लोगों को डेंगू से बचाव के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। चिकित्सकों ने कहा कि पूरी कपड़े पहने, मच्छरदानी का प्रयोग करें। जागरूकता कार्यक्रम में सदर अस्पताल के चिकित्सक डा. रविरंजन, डा. सुनील कुमार, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डा. मिथिलेश सिंह, डा. सुरेद्र कुमार सिंह उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

